किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 171 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 01 अप्रैल 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

इंडिगो की कमान अब 'विली' के हाथ!

इंडिगो ने ब्रिटिश एयरवेज के पूर्व

चीफ विलियम वॉल्श को अपना नया CEO नियुक्त किया है। एयरलाइन ने मंगलवार को स्टॉक फाइलिंग में इसकी जानकारी दी। वॉल्श अब पीटर एल्बर्स की जगह लेंगे, जिन्होंने पिछले साल दिसंबर में हुई सबसे बड़ी परिचालन संकट के कुछ महीने बाद इस्तीफा दे दिया था।

वॉल्श फिलहाल इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के डायरेक्टर जनरल हैं। उनका कार्यकाल 31 जुलाई को खत्म होगा और वे 3 अगस्त तक इंडिगो जॉइन कर लेंगे।

वॉल्श एविएशन इंडस्ट्री में काफी मशहूर नाम हैं। उन्होंने ब्रिटिश एयरवेज के उदय के साथ-साथ इंटरनेशनल एयरलाइंस ग्रुप के CEO के तौर पर भी काम किया है।

नालंदा मंदिर में भगदड़: 8 श्रद्धालुओं की मौत, राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति ने जताया शोक

समाज जागरण

नई दिल्ली/नालंदा: बिहार के नालंदा जिले में स्थित शीतला माता मंदिर में मंगलवार को पूजा-अर्चना के दौरान मची भगदड़ ने बड़ा हादसा खड़ा कर दिया। इस दर्दनाक घटना में 8 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 8 से 10 लोग घायल बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। राष्ट्रपति मुर्मु ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शोक संदेश जारी करते हुए कहा कि नालंदा के मंदिर में हुई भगदड़ में श्रद्धालुओं की मृत्यु अत्यंत दुखद है। उन्होंने शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने भी हादसे को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी घटना पर दुख जताया और मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये तथा घायलों को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। वहीं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतकों के आश्रितों के लिए 6 लाख रुपये मुआवजे का ऐलान किया है।

जानकारी के अनुसार, नालंदा के दीपनगर थाना क्षेत्र स्थित मां शीतला मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान अत्यधिक भीड़ के कारण अचानक अफरा-तफरी मच गई और स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई, जिससे भगदड़ हो गई।

घटना के बाद प्रशासन ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। वहीं, कर्तव्य में लापरवाही के आरोप में दीपनगर थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया गया है। प्रशासन ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है और भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए भीड़ प्रबंधन के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं।

एयर डिफेंस होगा और मजबूत:

वायुसेना के लिए 1,950 करोड़ के स्वदेशी माउंटेन रडार को मंजूरी

समाज जागरण

नई दिल्ली। देश की हवाई सुरक्षा को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायुसेना के लिए लगभग 1,950 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक माउंटेन रडार सिस्टम को मंजूरी दे दी है। इन स्वदेशी रडार की तैनाती से दुर्गम और पहाड़ी क्षेत्रों में भी दुश्मन की हवाई गतिविधियों पर सटीक निगरानी संभव हो सकेगी।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, ये माउंटेन रडार विशेष रूप से कठिन भौगोलिक परिस्थितियों—जैसे ऊंचे पहाड़, सीमावर्ती इलाकों और रेगिस्तानी क्षेत्रों—में प्रभावी ढंग से काम करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। इससे भारत की एयर डिफेंस क्षमता में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी और किसी भी संभावित खतरे का समय रहते पता लगाया जा सकेगा।

मंगलवार को रक्षा मंत्रालय और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के बीच इस परियोजना को लेकर

महत्वपूर्ण समझौता हुआ। यह करार 31 मार्च को नई दिल्ली में वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में संपन्न हुआ। इस डील के तहत भारतीय वायुसेना के लिए दो अत्याधुनिक माउंटेन रडार सिस्टम खरीदे जाएंगे।

इन रडार सिस्टम को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की इलेक्ट्रॉनिक्स एवं रडार विकास स्थापना द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है, जबकि इनका निर्माण भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड करेगी। इस परियोजना से रडार के साथ-साथ उससे जुड़े उपकरण और आवश्यक बुनियादी ढांचे का विकास भी शामिल है।

मिडिल ईस्ट में बड़ा घटनाक्रम: दक्षिण लेबनान से सेना पीछे हटी, इजरायल को बढ़त

समाज जागरण

बेरूत/तेल अवीव। मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच एक बड़े घटनाक्रम में दक्षिण लेबनान से लेबनानी सेना के पीछे हटने की खबर सामने आई है। रमीश और ऐन एबेल जैसे रणनीतिक शहरों से सेना की वापसी को क्षेत्र में इजरायल की सैन्य बढ़त के रूप में देखा जा रहा है।

सूत्रों और मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, लेबनान की नियमित सेना इन इलाकों से हट गई है, जिससे इजरायली डिफेंस फोर्सेस के लिए जमीनी कार्रवाई का रास्ता आसान हो गया है। हालांकि लेबनानी सेना सीधे तौर पर इस संघर्ष में शामिल नहीं थी, लेकिन उसकी मौजूदगी अब तक एक सुरक्षा अवरोध का काम कर रही थी।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह घटनाक्रम बेंजामिन नेतन्याहू की उस रणनीति के अनुरूप है, जिसमें दक्षिण लेबनान में एक 'बफर जोन' बनाने की योजना लंबे समय से शामिल रही है, ताकि हिजबुल्लाह के रॉकेट हमलों को रोका जा सके।

क्या लेबनान ने सरेंडर किया?

हालांकि "सरेंडर" शब्द को लेकर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं है, लेकिन सैन्य विशेषज्ञ इसे

रणनीतिक वापसी मान रहे हैं। लेबनान की सेना संसाधनों और आधुनिक हथियारों के मामले में इजरायल से काफी कमजोर मानी जाती है। ऐसे में सीधे टकराव से बचने के लिए यह कदम उठाया गया हो सकता है।

हिजबुल्लाह अब अकेला?

लेबनानी सेना के पीछे हटने के बाद अब दक्षिण लेबनान में मुख्य रूप से हिजबुल्लाह के लड़ाके और इजरायली सेना आमने-सामने हैं। इससे हिजबुल्लाह पर दबाव बढ़ना तय माना जा रहा है। पहले जहां सेना की मौजूदगी एक "बफर" की तरह काम करती थी, अब वह सुरक्षा परत हट चुकी है।

क्षेत्र में बढ़ता मानवीय संकट

इस घटनाक्रम के बाद स्थानीय नागरिकों में भारी डर का माहौल है। बड़ी संख्या में लोग अपने घर छोड़कर सुरक्षित इलाकों की ओर पलायन कर रहे हैं, जिससे लेबनान में मानवीय संकट गहराने की आशंका है।

अगले 24-48 घंटे अहम

रक्षा विश्लेषकों के मुताबिक, आने वाले 24 से 48 घंटे बेहद महत्वपूर्ण हो सकते हैं। आशंका जताई जा रही है कि इजरायल इन इलाकों में जमीनी अभियान तेज कर सकता है और हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाते हुए "क्लीन-अप ऑपरेशन" शुरू कर सकता है।

मिडिल ईस्ट में पहले से जारी तनाव—गाजा और ईरान के मोर्चों के बीच—अब लेबनान तक फैलता दिख रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में अस्थिरता और बढ़ने की संभावना है।

केरल चुनाव: भाजपा का बड़ा दांव—एम्स, मेट्रो और हाई-स्पीड कॉरिडोर का वादा

समाज जागरण

तिरुवनंतपुरम | केरल विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को अपना घोषणापत्र जारी करते हुए विकास और कल्याणकारी योजनाओं का बड़ा खाका पेश किया। पार्टी ने राज्य में स्वास्थ्य, परिवहन और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए कई महत्वाकांक्षी वादे किए हैं।

भाजपा के घोषणापत्र में केरल में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना, तिरुवनंतपुरम और कोझिकोड में मेट्रो रेल परियोजनाएं शुरू करने तथा तिरुवनंतपुरम से कन्नूर तक हाई-स्पीड कॉरिडोर विकसित करने का वादा किया गया है।

कल्याणकारी योजनाओं के तहत गरीब परिवारों को सालाना दो मुफ्त एलपीजी सिलेंडर, प्रत्येक घर को हर महीने 20 हजार लीटर मुफ्त पेयजल और सामाजिक पेंशन को बढ़ाकर 3 हजार रुपये करने की घोषणा की गई है। इसके अलावा, पार्टी ने देवस्वम बोर्डों के पुनर्गठन और सबरीमाला सोने की तस्करी मामले की सीबीआई जांच कराने का भी संकल्प लिया है। घोषणापत्र को भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने जारी किया। इस मौके पर केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

राज्य की राजनीति में भाजपा का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा है। वर्ष 2016 में पार्टी ने नेमोम सीट से ओ. राजगोपाल के जरिए पहली बार विधानसभा में प्रवेश किया था। हालांकि 2021 में यह सीट वी. शिवनकुट्टी ने जीत ली।

वर्तमान में नेमोम सीट एक बार फिर राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बन गई है, जहां शिवनकुट्टी अपनी पकड़ बनाए रखने की कोशिश में हैं, जबकि राजीव चंद्रशेखर पहले ही अपनी उम्मीदवारी का ऐलान कर भाजपा की वापसी के संकेत दे चुके हैं।

आंकड़ों के मुताबिक, 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का वोट शेयर 12.41 प्रतिशत था, जो 2024 के लोकसभा चुनाव में बढ़कर 15.64 प्रतिशत हो गया। हालांकि 2025 के स्थानीय निकाय चुनावों में यह घटकर 14.71 प्रतिशत रह गया। इसके बावजूद तिरुवनंतपुरम नगर निगम में पार्टी की जीत ने संगठन को नई ऊर्जा दी है।

भाजपा अब अपने बढ़ते जनाधार को आगामी विधानसभा चुनावों में निर्णायक जीत में बदलने की रणनीति पर काम कर रही है, जहां यह घोषणापत्र उसकी चुनावी दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है।

ईरान की कड़ी चेतावनी: 'हमारी जमीन पर कदम रखा तो पांव काट देंगे', अमेरिका को सीधी चुनौती

समाज जागरण

तेहरान/वॉशिंगटन। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि किसी भी तरह की सैन्य घुसपैठ की गई तो उसका करारा जवाब दिया जाएगा। ईरानी सेना के प्रवक्ता ने तीखी भाषा में कहा कि "अगर कोई हमारी जमीन पर घुसा, तो उसके पांव काट दिए जाएंगे", जिससे क्षेत्र में तनाव और गहरा गया है।

एक ओर संयुक्त राज्य अमेरिका सैन्य दबाव बना रहा है, वहीं दूसरी ओर कूटनीतिक स्तर पर डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ईरान से बैक-चैनल बातचीत के जरिए हालात नियंत्रित करने की कोशिश में भी जुटा है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका कूटनीति को प्राथमिकता देता है और ईरान से बातचीत मध्यस्थों के जरिए जारी है।

तेल टैंकर में आग, बढ़ा वैश्विक संकट

इस बीच कुवैत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन के हवाले से खबर है कि दुबई पोर्ट पर एक बड़े तेल टैंकर में आग लग गई, जिसे कथित तौर पर ईरानी हमले से जोड़ा जा रहा है। इस घटना से तेल रिसाव का खतरा बढ़ गया है और वैश्विक ऊर्जा बाजार में हलचल तेज हो गई है। अमेरिका में कच्चे तेल की कीमत 100

डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई है, जो वर्ष 2022 के बाद पहली बार हुआ है। इससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में अस्थिरता और बढ़ने की आशंका है।

मिडिल ईस्ट में जंग का विस्तार

दक्षिण लेबनान में जारी संघर्ष में संयुक्त राष्ट्र के तीन इंडोनेशियाई शांति सैनिकों की मौत हो गई है, जबकि कुल मृतकों की संख्या 1,247 तक पहुंच गई है। मानवाधिकार संगठनों ने इजरायल के एक नए कानून की आलोचना की है, जिसमें कुछ मामलों में फांसी की सजा का प्रावधान किया गया है।

यूरोपीय संघ ने स्पष्ट किया है कि लाल सागर और हिंद महासागर में उसकी नौसैनिक तैनाती का स्टेट ऑफ होर्मुज से कोई संबंध नहीं है।

ईरान-इजरायल टकराव तेज

मंगलवार सुबह ईरान ने एक बार फिर मिसाइलें दागीं, जिससे यह संकेत मिला कि वह किसी भी दबाव में झुकने को तैयार नहीं है। इससे पहले बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया था कि ईरान के खिलाफ अभियान अपने आधे से अधिक लक्ष्य हासिल कर चुका है। दुबई में गिरे मलबे से चार लोग घायल हुए, जबकि सऊदी अरब ने आठ बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराने का दावा किया है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने सऊदी अरब से अमेरिकी सेना हटाने की मांग की, हालांकि उन्होंने सऊदी को "भाईचारा वाला देश" भी बताया।

अमेरिकी तैनाती पर तीखी प्रतिक्रिया

ईरान में अमेरिकी सैनिकों की संभावित तैनाती की खबरों पर ईरानी उपराष्ट्रपति मोहम्मद रेजा आरिफ ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह कदम डोनाल्ड ट्रंप के लिए "खुदकुशी" जैसा होगा और चेतावनी दी कि "नर्क में जाने वाला कोई वापस नहीं आता।"

मिडिल ईस्ट में बढ़ती इस तनातनी ने वैश्विक स्तर पर चिंता बढ़ा दी है। कूटनीतिक प्रयासों के बीच सैन्य गतिविधियों का तेज होना संकेत दे रहा है कि आने वाले दिन क्षेत्र के लिए बेहद संवेदनशील साबित हो सकते हैं।

'चमचागिरी' के रिकॉर्ड जनरल कास्ट ने बनाए: खाचरियावास

समाज जागरण

जयपुरः राजस्थान की राजनीति में बयानबाजी एक बार फिर तेज हो गई है। कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास ने एक विवादित टिप्पणी करते हुए कहा कि "सबसे ज्यादा चमचागिरी के कृतिमान जनरल कास्ट ने बनाए हैं।" उनके इस बयान के बाद सियासी हलकों में बहस छिड़ गई है।

खाचरियावास के बयान पर सोशल मीडिया और राजनीतिक गलियारों में मिली-जुली प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। कुछ लोग इसे सामाजिक संरचना पर टिप्पणी बता रहे हैं, तो वहीं कई लोग इसे आपत्तिजनक और विभाजनकारी करार दे रहे हैं।

इस बीच, जवाबी टिप्पणियों में यह भी कहा जा रहा है कि अतीत में सवर्ण समाज ने कांग्रेस को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई थी, लेकिन समय के साथ राजनीतिक समर्थन में बदलाव आया। कुछ प्रतिक्रियाओं में यह भी दावा किया जा रहा है कि भविष्य में ऐसा ही बदलाव अन्य दलों के साथ भी देखने को मिल सकता है।

हालांकि, इस तरह के बयानों को लेकर राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि चुनावी माहौल में इस प्रकार की टिप्पणियां सामाजिक और राजनीतिक ध्रुवीकरण को बढ़ा सकती हैं।

JP एसोसिएट्स डील पर विवाद: वेदांता सुप्रीम कोर्ट पहुंची, अदाणी ग्रुप की जीत को चुनौती

समाज जागरण

नई दिल्ली। जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के अधिग्रहण को लेकर बड़ा कॉर्पोरेट विवाद सामने आया है। उद्योगपति अनिल अग्रवाल की कंपनी वेदांता लिमिटेड ने अदाणी ग्रुप को मिली बढ़त को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

वेदांता का दावा है कि उसका ऑफर अदाणी ग्रुप की तुलना में अधिक लाभकारी था, इसके बावजूद उसे नजरअंदाज कर दिया गया। कंपनी के अनुसार, उसकी बोली कुल वैल्यू में करीब 3,400 करोड़ रुपये और नेट प्रेजेंट वैल्यू में लगभग 500 करोड़ रुपये अधिक थी।

बेहतर ऑफर के बावजूद खारिज होने का आरोप

वेदांता ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि पूरी प्रक्रिया में अनियमितताएं हुईं और रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। कंपनी का कहना है कि उसके संशोधित प्रस्ताव से कर्जदाताओं को ज्यादा फायदा होता, लेकिन इसके बावजूद कमिटी ऑफ क्रेडिटर्स ने इसे मंजूरी नहीं दी।

क्या था वेदांता का प्रस्ताव?

अक्टूबर 2025 में पेश किए गए रिजॉल्यूशन प्लान के तहत वेदांता ने सुरक्षित कर्जदाताओं को तत्काल 3,770 करोड़ रुपये और 365 दिनों बाद 3,100 करोड़ रुपये देने का प्रस्ताव रखा था। साथ ही 400 करोड़ रुपये का इक्विटी निवेश शामिल था। बाद में 8 नवंबर 2025 को कंपनी ने संशोधित प्रस्ताव (एडेंडम) भेजा, जिसमें अपफ्रंट कैश बढ़ाकर 6,563 करोड़ रुपये और इक्विटी निवेश 800 करोड़ रुपये कर दिया गया। कुल बिड वैल्यू 12,505.85 करोड़ रुपये रखी गई।

डेजर्ट नेशनल पार्क में दुर्लभ पक्षियों का जमावड़ा, स्टेपी ईगल ने खींचा ध्यान

समाज जागरण डेस्क जैसलमेर। राजस्थान के जैसलमेर स्थित डेजर्ट नेशनल पार्क इन दिनों दुर्लभ शिकारी पक्षियों (रैप्टर्स) के बड़े जमावड़े का गवाह बन रहा है। यहां कई प्रजातियों के पक्षी देखे जा रहे हैं, जिनमें खास तौर पर स्टेपी ईगल शामिल है, जो विलुप्ति के कगार पर मानी जाती है।

विशेषज्ञों के अनुसार, इस तरह का जमावड़ा पर्यावरण और पारिस्थितिकी के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण संकेत है। यह दर्शाता है कि डेजर्ट नेशनल पार्क अभी भी इन संवेदनशील प्रजातियों के लिए सुरक्षित आवास प्रदान कर रहा है। वन्यजीव प्रेमियों और बर्ड वॉचर्स के लिए यह एक अनोखा अवसर बन गया है, जहां वे एक साथ कई दुर्लभ प्रजातियों को देख सकते हैं।

डोनाल्ड ट्रंप अपनी नीतियों से ही घिरे अमेरिकी संसद और इजरायल ट्रंप के नियंत्रण से बाहर।

ईरान को लेकर बढ़ते युद्धपरक माहौल मे डोनाल्ड ट्रंप आक्रामक नीतियाँ स्वयं अमेरिका के भीतर गहरे राजनीतिक और सामाजिक विरोध को जन्म दे रही हैं। जहा अमेरिकी संसद के अनेक सांसद इस आशंका को लेकर मुखर हैं कि एक और बड़े युद्ध में उलझना न केवल आर्थिक रूप से भारी पड़ेगा बल्कि अमेरिका को दीर्घकालिक सैन्य दलदल में धकेल सकता है, वहीं अमेरिकी जनता के इराक और अफगानिस्तान के अनुभवों से सीख लेते हुए नए संघर्ष के प्रति उत्साहित नहीं है बल्कि सशंकित और विरोधी रुख में दिखाई दे रही है अमेरिका की लगभग 90 लाख जनता इसके विरोध में अलग-अलग शहरों में ट्रंप की नीतियों का खुलकर विरोध कर रही है। परिणाम स्वरूप ट्रंप का आत्मविश्वास अब धीरे-धीरे डगमगाने लगा है और ट्रंप अपने बौद्धिक तथा युद्ध की नीतियों को लागू करने में घबराने लगे हैं।

घरेलू स्तर पर बढ़ती महंगाई, ऊर्जा संकट और राजनीतिक ध्रुवीकरण के बीच युद्ध की संभावनाएँ ट्रंप प्रशासन को अपेक्षाकृत अलग-थलग करती नजर आ रही हैं।दूसरी ओर मध्य पूर्व में इजरायल डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के नियंत्रण से बाहर हो गया है इजरायल की स्थिति भी बहुस्तरीय दबावों से घिरी हुई है जहाँ बेंजामिन नेतनाहू की सरकार को एक तरफ सुरक्षा बनाए रखने की चुनौती है तो दूसरी तरफ लगातार सैन्य अभियानों के कारण सैनिकों की थकान, रिजर्व बलों पर बढ़ती निर्भरता और युद्ध की लंबी अवधि से उपजा मानसिक तनाव एक गंभीर चिंता बन चुका है। कई विश्लेषण यह संकेत देते हैं कि निरंतर युद्ध जैसी परिस्थितियों ने इजराइली सैनिकों की मनोबल और कार्यक्षमता दोनों को प्रभावित किया है जिससे भविष्य के अभियानों की गति और प्रभावशीलता पर असर पड़ सकता है। वहीं ईरान अपनी रणनीति के तहत प्रत्यक्ष टकराव से बचते हुए क्षेत्रीय सहयोगियों, प्रॉक्सी समूहों और सामरिक दबाव के माध्यम से संतुलन बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। ईरान को अब हुति समूह का प्रत्यक्ष लाभ मिलना भी शुरू हो गया यह समूह लगातार इसराइल पर अलग-अलग तरीके से हमले करने लगा है। जिससे संघर्ष एक बहु-स्तरीय और अप्रत्यक्ष युद्ध का रूप लेता जा रहा है। यह स्थिति खाड़ी क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ाने के साथ-साथ वैश्विक तेल आपूर्ति और समुद्री व्यापार मार्गों के लिए भी खतरा उत्पन्न कर रही है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त राष्ट्र संघ और अन्य वैश्विक संस्थाएँ शांति की अपील तो कर रही हैं लेकिन उनका प्रभाव सीमित होता जा रहा है जिससे कूटनीतिक प्रयास अपेक्षित परिणाम नहीं दे पा रहे हैं। इस पूरे परिदृश्य में अमेरिका का आंतरिक विरोध, इजराइल की सैन्य थकान, ईरान की रणनीतिक सक्रियता और वैश्विक शक्तियों की संतुलनकारी भूमिका मिलकर एक ऐसे जटिल भू-राजनीतिक संकट को जन्म दे रही हैं जहाँ किसी भी छोटी घटना से व्यापक युद्ध भड़कने की आशंका बनी हुई है। यदि यह टकराव नियंत्रित नहीं हुआ तो यह केवल क्षेत्रीय संघर्ष तक सीमित न रहकर वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, ऊर्जा संकट और सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक पुनसंर्तुलन का कारण बन सकता है और यदि युद्ध परमाणु युद्ध में बदल जाता है तो वैश्विक स्थिति और भी गंभीर हो जाएगी उसके परिणाम स्वरूप पूरी दुनिया में मानवता के लिए एक बड़ा खतरा पैदा हो सकता है। आगामी युद्ध यदि परमाणु युद्ध में परिणत होता है तो यह युद्ध पिछले दो विश्व युद्ध और परमाणु युद्ध से ज्यादा भयानक होगा इसमें पूरे विश्व को नई मुसीबत का सामना करना पड़ सकता है एवं पूरे विश्व में हाहाकार होने की संभावना बलवती हो गई है ।

संजीव ठाकुर

क्या वाकई इंटरनेट को युद्ध से खतरा है ?

आज के डिजिटल युग में जब हम अपने स्मार्टफोन की स्क्रीन पर एक स्पर्श करते हैं और दुनिया के किसी भी कोने की जानकारी क्षण भर में हमारे सामने आ जाती है, तो हमारे मन में यह धारणा प्रबल होने लगती है कि इंटरनेट एक अदृश्य और वायरलेस शक्ति है जो हवा या बादलों के माध्यम से तैर रही है। 'क्लाउड' शब्द के बढ़ते प्रयोग ने इस भ्रम को और गहरा कर दिया है, जिससे हमें लगता है कि हमारा डेटा कहीं अंतरिक्ष में सुरक्षित तरीके से तैर रहा है। लेकिन जब भू-राजनीतिक तनाव बढ़ते हैं और युद्ध की बातें सामने आती हैं, तो एक सवाल बार-बार उठता है कि क्या वाकई इस अदृश्य और व्यापक नेटवर्क को युद्ध से खतरा है? इसका सीधा और स्पष्ट उत्तर है- हाँ, इंटरनेट को युद्ध से सबसे अधिक और संगीन खतरा है, और यह खतरा किसी काल्पनिक साइबर फिल्म से कहीं अधिक वास्तविक और भयावह है।

वास्तविकता इस आभासी धारणा के बिल्कुल विपरीत और आश्चर्यजनक रूप से भौतिक है। हमारी संपूर्ण वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था, संचार तंत्र और यहां तक कि हमारी सामाजिक और सैन्य सुरक्षा भी समुद्र की अगाध गहराइयों में बिछे उन फाइबर ऑप्टिक केबल्स के एक जटिल जाल पर टिकी है, जिन्हें 'अंडर-सी केबल्स' कहा जाता है। दुनिया भर में फैले लगभग पांच सौ से अधिक ऐसे केबल्स का नेटवर्क ही वह अदृश्य जीवन रेखा है जो महाद्वीपों को एक दूसरे से जोड़ती है और वैश्विक इंटरनेट डेटा ट्रैफिक के नब्बे प्रतिशत से अधिक हिस्से का वहन करती है। आम धारणा के विपरीत, उपग्रह वैश्विक डेटा का केवल एक से तीन प्रतिशत हिस्सा ही संभाल पाते हैं, क्योंकि वे धीमी गति और अधिक लेटेंसी के साथ काम करते हैं। फाइबर ऑप्टिक केबल्स प्रकाश की गति से डेटा स्थानांतरित करती हैं, जो उन्हें आधुनिक सभ्यता के लिए अपरिहार्य बनाती हैं। लेकिन यही तकनीकी उपलब्धि आज एक बहुत बड़ी रणनीतिक चुनौती और कमजोरी बनकर उभरी है।

इन केबल्स की महत्ता और उनके द्वारा नियंत्रित होने वाले डेटा की मात्रा का विश्लेषण करें, तो हम पाएंगे कि आधुनिक सभ्यता का कोई भी कोना इनसे अछूता नहीं है। बैंकों के लेन-देन से लेकर शेयर बाजार की हलचल तक, और रक्षा प्रणालियों के गुप्त संचार से लेकर आम नागरिकों के वीडियो कॉल तक, सब कुछ इन्हीं गहरे समुद्री मार्गों से होकर गुजरता है। एशिया, यूरोप और अमेरिका जैसे बड़े महाद्वीपों के बीच होने वाला व्यापार और कूटनीतिक विनिमय पूरी तरह से इन केबल्स की अखंडता पर निर्भर है। जब कोई युद्ध छिड़ता है, तो सबसे पहले शत्रु देश की अर्थव्यवस्था और संचार तंत्र को चकनाचूर करने की कोशिश की जाती है। इसी निर्भरता ने एक ऐसा 'एकल बिंदु विफलता' उत्पन्न कर दिया है, जिसे नष्ट करना किसी भी शत्रु देश के लिए पूरी दुनिया को घुटनों पर लाने का सबसे आसान और सस्ता तरीका हो सकता है।

वर्तमान में जिस तरह से वैश्विक तनाव बढ़ रहा है, उसने इन केबल्स की सुरक्षा पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न लगा दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले समय में युद्ध केवल सीमाओं पर नहीं, बल्कि समुद्र के तल पर भी लड़े जाएंगे। इन केबल्स को नुकसान पहुंचाना आज किसी भी आधुनिक सेना के लिए 'हाइब्रिड वॉरफेयर' का एक प्रमुख हिस्सा बन चुका है। कल्पना कीजिए कि यदि किसी संघर्ष के दौरान इन केबल्स को सुनियोजित तरीके से समुद्री बम या माइन ब्लास्ट के जरिए उड़ा दिया जाए या विशेष पनडुब्बियों के माध्यम से काट दिया जाए, तो परिणाम कितने विनाशकारी होंगे। इंटरनेट के बंद होने का मतलब केवल सोशल मीडिया का रुकना नहीं है, बल्कि इसका सीधा अर्थ है कि वैश्विक बैंकिंग प्रणाली ठप हो जाएगी, जिससे खरबों डॉलर का नुकसान मिनटों में हो सकता है। एटीएम काम करना बंद कर देंगे, क्रेडिट कार्ड ट्रांजैक्शन रुक जाएंगे और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए किए जाने वाले संचार के सभी माध्यम मृत हो जाएंगे। इससे भी भयावह यह है कि किसी देश की सैन्य और सुरक्षा एजेंसियां, जो गुप्त सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए इन सुरक्षित नेटवर्कों का उपयोग करती हैं, वे एक पल में अंधी और बहरी हो सकती हैं। यह स्थिति न केवल आर्थिक अराजकता पैदा करेगी, बल्कि किसी भी राष्ट्र की संप्रभुता को गंभीर खतरे में डाल देगी।

इस खतरे की गंभीरता को समझने के लिए हमें इतिहास और हालिया घटनाओं की ओर देखना होगा। वर्ष 2024 में लाल सागर में हुई घटना ने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया था। वहां समुद्र के नीचे बिछी चार प्रमुख केबल्स को नुकसान पहुंचा, जिसका सीधा असर वैश्विक इंटरनेट कनेक्टिविटी और स्पीड पर पड़ा। उस समय इंटरनेट सेवाओं को पूरी तरह सामान्य करने में लगभग अस्सी दिन का समय लगा। यह घटना इस बात का जीवंत प्रमाण है कि समुद्र के नीचे स्थित ये ढांचे कितने असुरक्षित हैं। भले ही ये केबल्स स्टील की परतों और प्लास्टिक के आवरण से सुरक्षित की जाती हैं, लेकिन समुद्र की विशालता और वहां तक पहुंचने की मानवीय सीमाओं के कारण इनकी निगरानी करना लगभग असंभव है। केवल मानवीय हमले ही नहीं, बल्कि प्राकृतिक आपदाएं जैसे समुद्री भूकंप, सुनामी या जहाज के लंगर के टकराने से भी ये केबल्स अक्सर क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। लेकिन जब कोई क्षति युद्ध के दौरान जानबूझकर, किसी रणनीतिक लाभ के लिए पहुंचाई जाती है, तो वह पूरे विश्व के लिए एक सुरक्षा संकट बन जाती है।

अंडर-सी केबल्स की मरम्मत करना अपने आप में एक अत्यंत कठिन, खर्चीला और समय लेने वाला कार्य है। ये केबल्स समुद्र के तल में हजारों मीटर की गहराई पर स्थित होती हैं, जहां दबाव इतना अधिक होता है कि कोई भी सामान्य गोताखोर वहां तक नहीं पहुंच सकता। जब कोई केबल खराब होती है, तो उसे ठीक करने के लिए विशेष केबल-रिपेयर जहाजों की आवश्यकता होती है, जिनकी संख्या दुनिया भर में बहुत सीमित है। इन जहाजों को पहले खराबी के सटीक स्थान का पता लगाना होता है, जो कि मीलों लंबी केबल में सुई खोजने जैसा कठिन कार्य है। एक बार स्थान मिल जाने के बाद, रोबोटिक उपकरणों या विशेष हुक के जरिए केबल को समुद्र की सतह पर लाया जाता है। वहां तकनीशियन फाइबर के उन सूक्ष्म रेशों को जोड़ते हैं, जो बाल से भी पतले होते हैं। इस पूरी प्रक्रिया में हफ्तों या कभी-कभी महीनों लग जाते हैं। यदि यह क्षेत्र किसी युद्धग्रस्त समुद्री सीमा में आता है, तो मरम्मत का कार्य लगभग नामुमकिन हो जाता है। यही कारण है कि यदि किसी बड़े पैमाने पर ऐसा हमला किसी युद्ध के दौरान हो, तो दुनिया का एक बड़ा हिस्सा लंबे समय के लिए डिजिटल अंधेरे में चला जाएगा।

इस भौतिक नुकसान के साथ-साथ, युद्ध का एक और बहुत खतरनाक पहलू है जो सीधे इंटरनेट को निशाना बनाता है, जिसे हम 'साइबर वॉरफेयर' कहते हैं। आधुनिक युद्धों में साइबर हमले पारंपरिक हथियारों के साथ-साथ उतनी ही ताकत से इस्तेमाल होते हैं। इसमें डीडॉस (DDoS) अटैक, मैलवेयर, रैंसमवेयर और डेटा चोरी के जरिए इंटरनेट, नेटवर्क और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को अंदर से तबाह किया जाता है। हाल के वर्षों में रूस-यूक्रेन युद्ध में हजारों साइबर हमले हुए, जिसमें मैलवेयर का इस्तेमाल करके बिजली ग्रिड, बैंकिंग प्रणाली और संचार नेटवर्क को ध्वस्त करने की कोशिश की गई। इसी तरह, मध्य पूर्व और एशिया में हालिया भू-राजनीतिक तनावों के दौरान लाखों साइबर अटैक दर्ज किए गए, जिनका लक्ष्य रेलवे, बैंकिंग और सरकारी साइट्स को ठप करना था। जब किसी देश का इंटरनेट कनेक्टिविटी चार प्रतिशत तक गिर जाता है, तो उसका असर आम नागरिकों से लेकर सेना तक पर पड़ता है। यह एक ऐसा हथियार है जिसे चलाने के लिए किसी सीमा पर सैनिकों को तैनात करने की जरूरत नहीं होती; एक कुशल हैकर कमरे में बैठकर भी किसी देश की अर्थव्यवस्था को पैरालाइज कर सकता है।

आजकल 'डेटा संप्रभुता' और 'डिजिटल राष्ट्रवाद' की बातें खूब होती हैं, लेकिन जब तक हमारे डेटा का भौतिक और आभासी मार्ग असुरक्षित है, ये बातें अधूरी ही रहेंगी। दुनिया के अधिकांश अंडर-सी केबल्स का स्वामित्व कुछ बड़ी टेक कंपनियों या फिर अंतरराष्ट्रीय टेलीकॉम कंसोर्टियम के पास है। यह निजी स्वामित्व सुरक्षा की एक और परत को जटिल बना देता है, क्योंकि इन निजी कंपनियों के पास किसी राष्ट्र-राज्य द्वारा समर्थित सैन्य हमले से इन केबल्स की रक्षा करने की क्षमता नहीं है। वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति ऐसी है कि बड़ी शक्तियां अपनी समुद्री क्षमताओं को बढ़ा रही हैं ताकि वे समुद्र के नीचे की गतिविधियों पर नजर रख सकें। ऐसी पनडुब्बियों का विकास किया जा रहा है जो केबल्स से डेटा को चोरी-छिपे टैप कर सकें या उन्हें नुकसान पहुंचा सकें। वैश्विक तनाव बढ़ने के साथ-साथ यह डर भी सच हो रहा है कि कोई भी बड़ी शक्ति इन केबल्स को ब्लैकमेल के हथियार के रूप में उपयोग कर सकती है। यदि कोई देश यह धमकी देता है कि वह किसी विशेष क्षेत्र की इंटरनेट केबल्स को काट देगा, तो वह बिना एक भी गोली चलाए उस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को तबाह कर सकता है।

इस खतरे से निपटने के लिए दुनिया भर में वैकल्पिक रास्तों पर विचार किया जा रहा है। सैटेलाइट इंटरनेट, जैसे कि स्टारलिंक या अन्य प्रोजेक्ट, एक उम्मीद की किरण के रूप में देखे जा रहे हैं। ये उपग्रह सीधे अंतरिक्ष से डेटा प्रदान करते हैं, जिससे समुद्री केबल्स की आवश्यकता कम हो सकती है। लेकिन फिलहाल, इनकी क्षमता और लागत फाइबर केबल्स के मुकाबले बहुत कम और महंगी है। उपग्रह इंटरनेट अभी नब्बे प्रतिशत वैश्विक ट्रैफिक का बोझ उठाने के लिए तैयार नहीं है। इसके अलावा, अंतरिक्ष में मौजूद इन उपग्रहों को भी नष्ट किया जा सकता है, जो सुरक्षा की एक नई चुनौती पेश करता है। इसलिए, वर्तमान में समुद्र के नीचे बिछा यह जाल ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति और सबसे बड़ी कमजोरी बना हुआ है।

निष्कर्षतः, समुद्र के नीचे बिछी ये फाइबर ऑप्टिक केबल्स और उन पर आधारित डिजिटल नेटवर्क आधुनिक विश्व की वह अदृश्य रीढ़ हैं, जिस पर पूरी मानवता की प्रगति टिकी है। युद्ध इंटरनेट के लिए सबसे बड़ा खतरा इसलिए है क्योंकि यह न केवल इसके भौतिक आधार को नष्ट कर सकता है, बल्कि साइबर हमलों के माध्यम से इसके आभासी अस्तित्व को भी ध्वस्त कर सकता है। इनकी सुरक्षा केवल एक तकनीकी समस्या नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक कूटनीतिक और सामरिक अनिवार्यता है। यदि हम अपने डिजिटल भविष्य को सुरक्षित रखना चाहते हैं, तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसी संधियों और सुरक्षा प्रोटोकॉल की आवश्यकता है जो इन केबल्स और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को युद्ध के लक्ष्यों से बाहर रख सकें। भविष्य में किसी भी देश की वास्तविक ताकत इस बात से नहीं मापी जाएगी कि उसके पास कितनी परमाणु मिसाइलें हैं, बल्कि इस बात से मापी जाएगी कि वह अपने डेटा के भौतिक और आभासी मार्गों की रक्षा करने में कितना सक्षम है। जब तक हम समुद्र की गहराई और साइबर स्पेस में छिपे इस खतरे को नहीं समझेंगे, तब तक हमारा 'वायरलेस' होने का सपना एक ऐसे कमजोर धागे से बंधा रहेगा जो किसी भी युद्ध की एक चिंगारी से जलकर राख हो सकता है और आधुनिक सभ्यता को सदियों पीछे धकेल सकता है। इसलिए, यह समय है कि हम बादलों की ओर देखना बंद करें और समुद्र के तल की ओर ध्यान दें, जहां हमारी वास्तविक और सबसे असुरक्षित दुनिया बिछी हुई है।

महेन्द्र तिवारी

नक्सलवाद के बाद भीसरकार को बहुत कुछ करना होगा

अशोक मधुप

काफी पहले केंद्र सरकार ने घोषणा की थी कि मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद समाप्त हो जाएगा। मार्च 2026 की अवधि से एक दिन पहले ही गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में बड़ी घोषणा की । नक्सलवाद पर चर्चा के दौरान गृह मंत्री ने कहा कि देश में नक्सलवाद अब लगभग समाप्त हो चुका है। आदिवासी इलाकों में असली न्याय पहुंचा है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव अचानक नहीं आया, बल्कि 2014 के बाद केंद्र सरकार की सख्त नीति, सुरक्षा अभियान और विकास योजनाओं के कारण संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तेजी से विकास करा रही है। शिक्षा के लिए स्कूल और उपचार के लिए वहां अस्पताल खुल रहे हैं। अमित शाह ने कहा कि नक्सलवाद की जड़ें खत्म हो रही हैं और आदिवासियों की आवाज अब संसद तक पहुंची है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने समस्या को बढ़ने दिया। मोदी सरकार के फैसलों से हालात बदले हैं। उन्होंने कहा कि नक्सल विचारधारा आदिवासियों को गुमराह करती है और अब देश नक्सलवाद मुक्त बनने की ओर बढ़ रहा है।

उन्होंने साफ कहा कि सरकार ने नक्सलियों से बातचीत नहीं, बल्कि उन्हें खत्म कर विकास को आगे बढ़ाने का रास्ता चुना। उन्होंने कहा कि जो हथियार उठाएगा, उसे कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने दावा किया कि नक्सलियों का पूरा केंद्रीय नेतृत्व, पोलित ब्यूरो और कमेटी अब खत्म हो चुकी है। काफी मारे गए, बहुतों ने सरेंडर किया । कुछ अभी फरार हैं।

शाह ने कहा कि देश अब नक्सलमुक्त होने की स्थिति में पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि कई बड़े ऑपरेशन जैसे बुढ़ा, थंडरस्टॉर्म और ब्लैक फॉरेस्ट चलाए गए। इनमें भारी मात्रा में हथियार, आईईडी फैक्ट्री और अनाज बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़, तेलंगाना और ओडिशा के बड़े इलाके अब नक्सल प्रभाव से बाहर आ चुके हैं। सुरक्षा बलों और स्थानीय पुलिस की भूमिका को उन्होंने अहम बताया।

केंद्रीय गृहमंत्री ने बताया कि आजादी के समय देश संसाधनों की कमी और विकास की चुनौतियों से जूझ रहा था। कई दूर-दराज के इलाकों तक सरकार की पहुंच नहीं थी, सड़कों और सुविधाओं का अभाव था। ऐसे हालात में कुछ संगठनों ने इन कमजोरियों का फायदा उठाया। जहां राज्य की पकड़ कम थी, उन्हीं इलाकों को रेड कॉरिडोर बनाया गया। भोले-भाले आदिवासियों को भेदभाव और शोषण के नाम पर भड़काया गया और उनके हाथों में हथियार थमा दिए गए। हकीकत यह है कि इन क्षेत्रों में योजनाबद्ध भेदभाव नहीं, बल्कि विकास की कमी थी, जिसका इस्तेमाल कर हिंसा को बढ़ावा दिया गया।

शाह ने बताया कि केंद्र सरकार ने ऑल एजेंसी अप्रोच अपनाई। इसमें सीएपीएफ, राज्य पुलिस और खुफिया एजेंसियों के बीच तालमेल बढ़ाया गया। फंडिंग और स्पोर्ट सिस्टम पर प्रहार किया गया। सरेंडर नीति लागू की गई। इसमें आत्मसमर्पण करने वालों को आर्थिक मदद और पुनर्वास दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने हर गांव तक अपनी पहुंच बनाई, इससे नक्सलवाद कमजोर हुआ।

उन्होंने दावा किया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर विकास हुआ। हजारों किलोमीटर सड़कें बनीं, मोबाइल टावर लगाए गए, बैंक, एटीएम और डाकघर खोले गए। शिक्षा के लिए एकलव्य स्कूल, आईटीआई और कौशल केंद्र बनाए गए। उन्होंने कहा कि विकास ही नक्सलवाद खत्म करने का सबसे बड़ा कारण बना।

शाह ने कहा कि नक्सलवाद गरीबी से नहीं, बल्कि विचारधारा से पैदा हुआ। उन्होंने कहा कि यह विचारधारा लोकतंत्र में विश्वास नहीं करती और बंदूक के जरिए सत्ता चाहती है। उन्होंने यह भी कहा कि आदिवासियों को बरगलाकर उनके हाथ में हथियार दिए गए और विकास को रोका गया।

गृह मंत्री ने कहा कि सरकार आगे भी सख्ती और विकास दोनों पर काम जारी रखेगी। उन्होंने आदिवासी समाज को भरोसा दिलाया कि उनकी सुरक्षा और विकास सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अब देश बंदूक से नहीं, संविधान से चलेगा और यही असली जीत है।

गृह मंत्री के अनुसार, जिस "रेड कॉरिडोर" का विस्तार कभी पशुपति से तिरुपति तक माना जाता था, वह अब सिमटकर केवल कुछ जिलों तक रह गया है। 2014 में जहाँ 126 जिले वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित थे, वहीं 2025-26 तक यह संख्या घटकर मात्र एक अंक में रह गई है। छत्तीसगढ़ का बस्तर संभाग, जो कभी नक्सलियों का अभेद्य किला माना जाता था। अब वह सुरक्षा बलों के नियंत्रण में है और वहां विकास की किरणें पहुँच रही हैं।

सरकार के इन दावों की पुष्टि जमीनी आंकड़ों से भी होती है। पिछले कुछ वर्षों में नक्सली हिंसा की घटनाओं में 70 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। सुरक्षा बलों की शहादत के आंकड़ों में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है। "ऑपरेशन कगार" और "ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट" जैसे लक्षित अभियानों के माध्यम से सुरक्षा बलों ने नक्सली नेतृत्व की कमर तोड़ दी है। 2025 के दौरान ही 300 से अधिक नक्सली मारे गए । इनमें कई शीर्ष कमांडर शामिल थे। इसके साथ ही, हजारों की संख्या में कैडरों ने आत्मसमर्पण किया है,। यह समर्पण इस बात का प्रतीक है कि अब इस विचारधारा का आकर्षण खत्म हो रहा है। इतना सब होने के बावजूद , इन सफलताओं के बावजूद नक्सलवाद की चुनौतियां पूरी तरह समाप्त नहीं हुई हैं। सबसे बड़ी चुनौती भौगोलिक विषमता है। छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ जैसे घने वन क्षेत्र आज भी सुरक्षा बलों के लिए कठिन परीक्षा बने हुए हैं। नक्सलियों ने अपने पैर पीछे जरूर खींचे हैं, लेकिन वे पूरी तरह खत्म नहीं हुए हैं। वे अक्सर घने जंगलों और दुर्गम पहाड़ियों का लाभ उठाकर छापामार हमले करने की ताक में रहते हैं। इसके अलावा, "अर्बन नक्सलिज्म" या वैचारिक उग्रवाद एक नई चुनौती बनकर उभरा है। शहरों में बैठे कुछ बौद्धिक समूह नक्सलियों को वैचारिक और रसद सहायता प्रदान करते हैं। इससे इस समस्या की जड़ें गहरी बनी रहती हैं। जब तक इन वैचारिक और वित्तीय नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त नहीं किया जाता, तब तक उग्रवाद के पुनर्जीवित होने का खतरा बना रहेगा।

एक अन्य महत्वपूर्ण चुनौती स्थानीय आदिवासियों के बीच विश्वास की बहाली है। दशकों से विकास की मुख्यधारा से कटे होने के कारण, कई क्षेत्रों में ग्रामीण अब भी सुरक्षा बलों को संदेह की दृष्टि से देखते हैं। नक्सली अक्सर इस अविश्वास का फायदा उठाते हैं और ग्रामीणों को ढाल के रूप में उपयोग करते हैं। सुरक्षा बलों और स्थानीय जनता के बीच के इस "गवर्नेंस वैक्यूम" को भरना एक लंबी प्रक्रिया है। केवल सड़कों या मोबाइल टावरों का निर्माण पर्याप्त नहीं है; लोगों को यह महसूस कराना होगा कि सरकार उनकी संस्कृति और अधिकारों की रक्षक है। इसके साथ ही, पड़ोसी राज्यों के बीच समन्वय की कमी भी कई बार बाधा बनती है, क्योंकि नक्सली एक राज्य में दबाव बढ़ने पर दूसरे राज्य की सीमा में शरण ले लेते हैं।

विकास के मोर्चे पर, सरकार को "नियत नेल्लानार" (आपका अच्छा गांव) जैसी योजनाओं को और विस्तार देना चाहिए, जो अंतिम छोर तक बुनियादी सुविधाएं पहुँचाने पर केंद्रित हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण सबसे प्रभावी हथियार है। जब आदिवासियों के बच्चों के पास स्कूल होंगे और उनके युवाओं के पास रोजगार के अवसर होंगे, तो नक्सलियों की भर्ती प्रक्रिया स्वतः ही बंद हो जाएगी। कौशल विकास केंद्रों के माध्यम से स्थानीय युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना नक्सली विचारधारा के ताबूत में आखरी कील साबित हो सकता है। साथ ही, वन अधिकारों (फोरेस्ट राइट एक्ट) का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा ताकि आदिवासियों को अपनी जमीन पर मालिकाना हक का अहसास हो और वे उग्रवाद के बहकावे में न आएं।

मान्यता है कि , नक्सलवाद का पूर्ण उन्मूलन केवल बंदूकों के दम पर संभव नहीं है। वास्तव में ऐसा भी नही हैं। कभी श्रीलंका में लिट्टे बहुत मजबूत संगठन था। उसके लड़ाके बेमिसाल थे। श्रीलंका के साथ भारतवर्ष को भी वह प्रभावित कर रहा था। इस पर भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी (1991), श्रीलंकाई राष्ट्रपति प्रेमदासा रनसिंघे (1993) सहित कई लोगों की हत्या का आरोप है। श्रीलंका सरकार से इस संगठन को खत्म करने का निर्णय लिया। एक झटके में 2009 में लिट्टे पूरी तरह खत्म हो गया। न श्रीलंका सरकार ने उसके लड़ाकों को फुसलाया। न समर्पण के लिए कहा। बंदूक के बल पर लिट्टे को खत्म कर दिया।

भारत सरकार तो नक्सलवाद को खत्म करने के लिए इन्हें समझाने और आत्म समर्पण के लिए प्रेरित कर रही है। सरकार को अपनी आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति को और अधिक उदार और प्रभावी बनाना चाहिए, ताकि भटक चुके युवा बिना किसी डर के मुख्यधारा में लौट सकें।

इस सबके लिए तकनीकी और खुफिया तंत्र को भी मजबूत करना होगा। आधुनिक तकनीक का उपयोग करके नक्सली गतिविधियों पर नजर रखना और उन्हें समय रहते रोकना संभव है। इसके अलावा, राज्यों और केंद्र के बीच बेहतर समन्वय भी आवश्यक है, क्योंकि नक्सलवाद कई राज्यों में फैला हुआ है। इससे निपटने के लिए संयुक्त प्रयासों की जरूरत होती है। मजबूत इच्छा शक्ति की भी आवश्यक्ता है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

नोएडा में महावीर जयंती पर भव्य शोभायात्रा: 'जियो और जीने दो' का गूंजा संदेश

समाज जागरण

संदीप गर्ग नोएडा (सेक्टर-50) भगवान महावीर की 2624वीं जयंती के पावन अवसर पर नोएडा के सेक्टर-50 स्थित जैन मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ भव्य शोभायात्रा एवं रथयात्रा निकाली गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे क्षेत्र को भक्तिमय माहौल में सराबोर कर दिया।

जन्मकल्याणक के उपलक्ष्य में निकाली गई पालकी यात्रा में पारंपरिक वेशभूषा में सजे श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन करते हुए प्रमुख मार्गों से यात्रा निकाली। "अहिंसा, सत्य और जियो और जीने दो" के संदेश के साथ यह यात्रा क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बनी रही। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई पुनः जैन मंदिर परिसर पहुंची, जहां भगवान महावीर का विधिवत अभिषेक किया गया।

इस मौके पर विश्व जैन संगठन नोएडा के अध्यक्ष के. के. जैन ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान महावीर के उपदेश आज भी समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि अहिंसा, सत्य, त्याग और करुणा जैसे सिद्धांतों को अपनाकर ही एक बेहतर और संवेदनशील समाज का निर्माण किया जा सकता है। "जियो और जीने दो" का संदेश सामाजिक सद्भाव और सह-अस्तित्व की भावना को मजबूत करता है।

कार्यक्रम में सेक्टर-50 जैन मंदिर के संरक्षक दिनेश जैन, अध्यक्ष प्रदीप जैन, पंकज जैन, राहुल जैन, राजीव जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु–महिलाएं, पुरुष और बच्चे–उपस्थित रहे। इस दौरान पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

नोएडा में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़: क्रूज जॉब के नाम पर ठगी करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण

संदीप गर्ग नोएडाः सेंट्रल नोएडा में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक फर्जी कॉल सेंटर का पदार्फाश करते हुए नोएडा पुलिस और साइबर टीम ने संयुक्त कार्रवाई में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपी "Sea Zone Recruitment and Training" नामक फर्जी फर्म चलाकर लोगों को क्रूज पर नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी कर रहे थे।

पुलिस के अनुसार, यह फर्जी कॉल सेंटर सेक्टर-63 स्थित एच-90 में संचालित किया जा रहा था। आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म–फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि–के माध्यम से युवाओं को झांसा देते थे और उन्हें क्रूज जॉब, मेडिकल फिटनेस, वर्क ऑर्डर और वीजा दिलाने का लालच देते थे।

गिरफ्तार आरोपी–नितिन कुमार, वीरेंद्र कुमार, अमन कुमार और सचिन कुमार–पीड़ितों से किस्तों में पैसे वसूलते थे।

मेडिकल चेकअप के नाम परः ₹10,000, ट्रेनिंग के नाम परः ₹45,000, वीजा और वर्क ऑर्डर के नाम परः ₹25,000

रकम लेने के बाद आरोपी मोबाइल बंद कर देते थे और ऑफिस का स्थान बदल लेते थे। पुलिस जांच में सामने आया है कि फर्म का कोई वैध जीएसटी नंबर नहीं था और पैसा आरोपियों के निजी बैंक खातों में लिया जाता था।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में सामान बरामद किया है, जिसमें– 4 लैपटॉप, 11 मोबाइल फोन, 9 डेबिट कार्ड, ₹12,000 नकद, फर्जी ऑफर लेटर, स्क्रिप्ट/पिच, मेडिकल सर्टिफिकेट और कॉलिंग लिस्ट शामिल हैं

कानूनी कार्रवाई

आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2) तथा आईटी एक्ट की धारा 66D के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस की अपील

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी

नौकरी के ऑफर पर विश्वास करने से पहले उसकी सत्यता की जांच अवश्य करें और संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

इस कार्रवाई को साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है, जिससे कई संभावित पीड़ितों को ठगी से बचाया जा सका।

नोएडा पुलिस का 'मिशन शक्ति-5': महिलाओं को सुरक्षा और साइबर जागरूकता का संदेश

समाज जागरण

नोएडाःमहिला सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गौतमबुद्ध नगर पुलिस आयुक्तालय की महिला सुरक्षा टीम ने 'मिशन शक्ति-5' (द्वितीय चरण) के तहत विशेष अभियान चलाया।

यह अभियान नोएडा पुलिस के पुलिस आयुक्त के निर्देशन और महिला सुरक्षा प्रकोष्ठ के पर्यवेक्षण में संचालित किया गया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जागरूक किया गया।

साइबर और लैंगिक अपराधों पर दी जानकारी

अभियान के अंतर्गत महिलाओं को लैंगिक अपराध, साइबर अपराध और उनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही, आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी साझा करते हुए पंपलेट भी वितरित किए गए।

महिला सशक्तिकरण पर जोर

इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाना है, ताकि वे किसी भी आपात स्थिति में सही कदम उठा सकें और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इस तरह के जागरूकता अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे, जिससे समाज में सुरक्षा और विश्वास का माहौल मजबूत हो सके।

नोएडा में सीवेज समस्या के समाधान की बड़ी पहल: छलेरा व सेक्टर-44 के लिए 10 MLD क्षमता के सम्पवेल का उद्घाटन

समाज जागरण

संदीप गर्ग नोएडा। नोएडा क्षेत्र में बढ़ती आबादी और सीवेज की समस्या के समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज 31 मार्च 2026 को ग्राम छलेरा एवं सेक्टर-44 के ब्लॉक ए, बी, सी व आसपास की स्थापित सोसाइटीज के लिए नवनिर्मित सम्पवेल का उद्घाटन किया गया।

इस परियोजना का उद्घाटन डॉ. महेश शर्मा (सांसद, गौतमबुद्धनगर) एवं पंकज सिंह (विधायक, नोएडा) द्वारा विशेष कार्याधिकारी (के.एस.) एवं महाप्रबंधक (जल) की उपस्थिति में किया गया।

नवनिर्मित इस सम्पवेल के माध्यम से ग्राम छलेरा और सेक्टर-44 क्षेत्र से निकलने वाले सीवेज का निस्तारण अब सेक्टर-168 स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) तक राइजिंग मेन के जरिए किया जाएगा।

यह परियोजना क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही सीवेज समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में अहम मानी जा रही है।

अधिकारियों के अनुसार, इस सम्पवेल की उत्सर्जन क्षमता 10 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रति दिन) है और इसके निर्माण पर करीब 419.92 लाख रुपये की लागत आई है। यह क्षमता भविष्य में बढ़ती आबादी के मद्देनजर भी पर्याप्त मानी जा रही है।

इस परियोजना के शुरू होने से न केवल क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था में सुधार होगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय निवासियों को अब सीवेज से जुड़ी समस्याओं से राहत मिलने की उम्मीद है।

सिटी खबर समाज जागरण

नोएडा में CSR पहल: हरौला में नवनिर्मित वाटर एटीएम का उद्घाटन, मिलेगा मुफ्त शुद्ध पेयजल

संदीप गर्ग नोएडा

नोएडा के ग्राम हरौला (सेक्टर-4/5) क्षेत्र में आम नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत नवनिर्मित वाटर एटीएम का उद्घाटन किया गया। यह सुविधा HDFC Bank द्वारा प्रदत्त सीएसआर फंड के अंतर्गत विकसित की गई है।

वाटर एटीएम का उद्घाटन डॉ. महेश शर्मा (सांसद, गौतमबुद्धनगर) एवं पंकज सिंह (विधायक, नोएडा) द्वारा किया गया। इस अवसर पर HDFC बैंक के प्रतिनिधि, विशेष कार्याधिकारी (के.एस.) एवं महाप्रबंधक (जल) भी उपस्थित रहे।

आधुनिक तकनीक से लैस सुविधा

स्थापित वाटर एटीएम की क्षमता 1200 लीटर प्रति घंटा है, जिसमें पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया है। इसमें Ultra Violet (UV) सिस्टम, ओजोनेटर, सैंड और कार्बन फिल्ट्रेशन,

5-10 माइक्रॉन फिल्ट्रेशन एवं पेबल्स फिल्ट्रेशन जैसी व्यवस्थाएं शामिल हैं। इसके अलावा, पानी से हार्डनेस, फ्लोराइड, क्लोराइड आदि अशुद्धियों को दूर करने के लिए रिवर्स ऑस्मोसिस (RO) प्रणाली भी लगाई गई है।

कार्ड आधारित वितरण प्रणाली

यह वाटर एटीएम ऑटोमैटिक कार्ड ऑपरेटेड वेंडिंग मशीन से लैस है, जिसके जरिए, 20 लीटर पानी प्रति कार्ड

1 लीटर कोल्ड एवं शुद्ध पेयजल प्रति कार्ड

उपलब्ध कराया जाएगा।

समय और सुविधा

जल विभाग के अनुसार, यह सुविधा आम जनता के लिए प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 12 बजे तक और शाम 5 बजे से 8 बजे तक निःशुल्क उपलब्ध रहेगी।

पहले भी स्थापित हो चुके हैं 9 वाटर एटीएम

जल विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि नोएडा क्षेत्र में अब तक CSR फंड के माध्यम से कुल 9 वाटर एटीएम स्थापित किए जा चुके हैं, जो आम नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

इस पहल से क्षेत्र के निवासियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है, खासकर गर्मी के मौसम में स्वच्छ और ठंडा पेयजल सुलभ हो सकेगा।

नोएडा: सेक्टर-39 पुलिस की कार्रवाई, 2.35 किलो अवैध गांजे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण

संदीप गर्ग नोएडाः नोएडा में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नोएडा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना सेक्टर-39 पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 किलो 350 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान अजय (23 वर्ष), पुत्र सतीश, निवासी ग्राम मथुरापुर घोड़ी, थाना दादरी, जिला गौतमबुद्ध नगर

के रूप में हुई है। आरोपी को सदरपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई जारी है। बरामद अवैध गांजे को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सख्त अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

नोएडा में श्रीराम कथा के दौरान धूमधाम से मनाया गया राम जन्मोत्सव, गूंजे भक्ति गीत

समाज जागरण

नोएडा (सेक्टर-82): नोएडा के सेक्टर-82 स्थित पॉकेट-7 में आयोजित श्रीराम कथा के तीसरे दिन भगवान राम के जन्मोत्सव को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कथा स्थल पर "भये प्रकट कृपाला दीन दयाला, कौशिल्या हितकारी..." जैसे भजनों के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

कथा व्यास स्वामी पंचमानंद जी महाराज ने नारद मोह, जय-विजय श्राप और राम जन्म के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार नारद जी तपस्या में लीन थे और भगवान की माया से उनका अहंकार समाप्त हुआ।

इसके बाद उन्होंने भगवान राम के जन्म का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि राजा दशरथ संतान न होने से चिंतित थे। गुरु के परामर्श पर श्रृंगी ऋषि द्वारा पुत्रेष्टि यज्ञ कराया गया, जिसमें अग्निदेव द्वारा प्रदत्त खीर को तीनों रानियों में बांटा गया। समय आने पर माता कौशल्या के गर्भ से भगवान राम, सुमित्रा से लक्ष्मण और शत्रुघ्न

तथा कैकई से भरत का जन्म हुआ, जिससे अयोध्या में खुशियों की लहर दौड़ गई। राम जन्मोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन और संगीत की मधुर धुनों पर नृत्य कर उत्सव को भव्य रूप दिया। पूरा क्षेत्र "जय श्रीराम" के उद्घोष से गूंज उठा।

कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी देव मणि शुक्ल ने जानकारी दी कि 1 अप्रैल को कथा में बाल लीला, विश्वामित्र यज्ञ रक्षा और अहिल्या उद्धार जैसे प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा।

इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया।

महावीर जयंती पर टीएमयू में आस्था का संगम: पालकी यात्रा, अभिषेक और 1008 दीपों से महाआरती

समाज जागरण

मुरादाबादः तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में भव्य पालकी यात्रा, अभिषेक, शांति धारा और 1008 दीपों की महाआरती का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व संध्या पर वर्धमान वंदना के साथ हुई, जिसके बाद प्रातःकाल जिनालय से भगवान महावीर की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन और नृत्य के साथ पूरे कैंपस को भक्तिमय बना दिया।

पालकी यात्रा एडमिन ब्लॉक पहुंची, जहां कुलाधिपति परिवार, कुलपति और फैकल्टी के सदस्यों ने सामूहिक आरती की। इसके बाद शोभायात्रा को रिद्धि-सिद्धि भवन ले जाया गया, जहां भगवान महावीर का विधिवत अभिषेक और शांति धारा संपन्न हुई।

इस दौरान कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन, श्रीमती ऋचा जैन, सुश्री नंदिनी जैन सहित विश्वविद्यालय परिवार और बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लिया। श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह गन्ने का रस और शिकंजी की व्यवस्था भी की गई थी।

शाम के समय रिद्धि-सिद्धि भवन में पालना झुलाने की रस्म अदा की गई और 1008 दीपों से भव्य महाआरती की गई, जिसमें कुलाधिपति परिवार को पालना झुलाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

पूरे आयोजन के दौरान भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य और त्याग के संदेश गूंजते रहे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षकगण और सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया।

शिक्षा खबर समाज जागरण

'स्कूल से स्किल' की ओर बड़ा कदम: अटल आवासीय विद्यालयों में लागू होगा 'प्रोजेक्ट प्रवीण'

समाज जागरण/ लखनऊः प्रदेश में शिक्षा और कौशल विकास को एकीकृत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए योगी आदित्यनाथ सरकार ने अटल आवासीय विद्यालयों में 'प्रोजेक्ट प्रवीण' लागू करने का निर्णय लिया है। इस पहल के तहत राज्य के 18 विद्यालयों के 3,447 विद्यार्थियों को आधुनिक कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

यह योजना उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के माध्यम से संचालित की जाएगी। इसके अंतर्गत छात्रों को आईटी, आईटीईएस, हेल्थकेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) जैसे उभरते क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जाएगा।

वंचित वर्ग के छात्रों को मिलेगा लाभ

अटल आवासीय विद्यालय प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य श्रमिकों, प्रवासी कामगारों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। अब इस पहल में कौशल प्रशिक्षण को जोड़कर विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किया जा रहा है।

18 जिलों के विद्यार्थियों का चयन

मिशन निदेशक पुलकित खरे की पहल पर किए गए सर्वे के आधार पर 18 जिलों–आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, आजमगढ़, बस्ती, बांदा, गोंडा, झांसी, कानपुर नगर, लखनऊ, बुलंदशहर, मिजार्पुर, प्रयागराज, गोरखपुर, मुजफ्फरनगर, वाराणसी, बरेली और मुरादाबाद–के अटल आवासीय विद्यालयों को चयनित किया गया है।

210 घंटे का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

'प्रोजेक्ट प्रवीण' के तहत 210 घंटे का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें तकनीकी कोर्स के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स, इंडस्ट्रियल विजिट और 'AI for All' मॉड्यूल भी शामिल किया गया है।

विशेषज्ञों के अनुसार, इससे छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ेगी और वे आधुनिक उद्योगों की मांग के अनुरूप खुद को तैयार कर सकेंगे।

रोजगार और आत्मनिर्भरता की ओर पहल

सरकार का मानना है कि इस पहल से "स्कूल से स्किल" मॉडल को मजबूती मिलेगी और वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को बेहतर करियर के अवसर मिलेंगे। साथ ही, यह योजना प्रदेश में कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकती है।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार

दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।

न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

काशी में एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026: व्यापार, पर्यटन और उद्योग को नई दिशा

खबर समाज जागरण

वाराणसी/लखनऊ वाराणसी में आयोजित "एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026" ने उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बीच व्यापार, पर्यटन और औद्योगिक सहयोग को नई गति देने का मार्ग प्रशस्त किया है। सम्मेलन में धार्मिक पर्यटन, एमएसएमई, ओडीओपी और डिजिटल इकोनॉमी जैसे क्षेत्रों में साझेदारी को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मोहन यादव उपस्थित रहे, जबकि उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से राकेश सचान और नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

धार्मिक पर्यटन को मिलेगा नया आयाम

सम्मेलन के दौरान काशी विश्वनाथ धाम और महाकाल कॉरिडोर के बीच सहयोग के लिए अहम समझौता (MoU) किया गया। इसके तहत काशी में विकसित प्रबंधन मॉडल को उज्जैन में लागू किया जाएगा, जिससे तीर्थ पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

ODOP और GI टैग से 'लोकल टू ग्लोबल' को बढ़ावा

दोनों राज्यों ने 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' (ODOP) और जीआई टैग उत्पादों के प्रचार-प्रसार के लिए भी समझौता किया। इससे कारीगरों और स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

उद्योग और निवेश पर फोकस

सम्मेलन में डिजिटल, ई-कॉमर्स और

औद्योगिक नीतियों के माध्यम से निवेश और रोजगार बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

रोहित आनंद ने बताया कि उत्तर प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई इकाइयों के जरिए 3 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है, जबकि राज्य का निर्यात 1.86 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है।

दोनों राज्यों के बीच बढ़ेगा आर्थिक सहयोग

मध्य प्रदेश के प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि यह सहयोग कारीगरों, किसानों और उद्यमियों को वैश्विक बाजार से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा।

वहीं, मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि दोनों राज्यों के बीच यह साझेदारी भारत को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने और 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करने में सहायक होगी।

बुनियादी ढांचा और ऊर्जा परियोजनाओं पर भी जोर

सम्मेलन में केन-बेतवा लिंक परियोजना, 2000 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना और औद्योगिक पार्कों के विकास जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई, जिससे बुंदेलखंड सहित कई क्षेत्रों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

'डबल इंजन' से विकास को गति

मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के संयुक्त प्रयासों से निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर और उद्योग को मजबूती मिल रही है।

कुल मिलाकर, यह सम्मेलन उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बीच आर्थिक, सांस्कृतिक और औद्योगिक सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

मिलकपुर नवादा में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

समाज जागरण

संभल। मंगलवार को थाना असमोली क्षेत्र के गांव मिलकपुर नवादा में मिशन शक्ति अभियान 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की जागरूकता बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में महिलाओं व बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करते हुए यातायात नियमों तथा साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताए गए। साथ ही उन्हें अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं नशा मुक्ति भारत अभियान जैसी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

महिलाओं को सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी अवगत कराया गया, जिनमें 1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 102 व 108 (स्वास्थ्य सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड लाइन) एवं 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन) शामिल हैं।

कार्यक्रम में थाना असमोली की महिला सुरक्षा टीम सक्रिय रही। इस दौरान मिशन शक्ति प्रभारी उपनिरीक्षक बिजेंद्र कुमार, कांस्टेबल अंकित वर्मा, महिला हेड कांस्टेबल आकांक्षा शर्मा एवं महिला आरक्षी रीनू मौजूद रहीं।

कुतुबपुर सत्ता, मुरथला व सकतपुर में मिशन शक्ति अभियान के तहत चौपाल आयोजित

समाज जागरण

संभल। मंगलवार को मिशन शक्ति फेज-05 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना ऐंचोड़ा कंबोह क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर सत्ता, मुरथला तथा सकतपुर में मिशन शक्ति टीम द्वारा चौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही उन्हें शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध, बाल श्रम अपराध तथा लैंगिक समानता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

टीम द्वारा बताया गया कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किए गए मिशन शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर उन्हें सशक्त बनाना तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है।

इस दौरान महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जिनमें 181 (महिला हेल्पलाइन), 1090 (वूमेन पावर लाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 102 व 108 (स्वास्थ्य सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) एवं 1930 (साइबर हेल्पलाइन) शामिल हैं।

कार्यक्रम में मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी उपनिरीक्षक गुलाम मोहम्मद, महिला हेड कांस्टेबल भागेश तथा महिला कांस्टेबल रीता मौजूद रहीं।

वैभव गुप्ता बने हिंदू जागृति युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष

सर्वसम्मति से मनोनयन उपरांत वैभव गुप्ता का हुआ स्वागत अभिनंदन

समाज जागरण

संभल। हिंदू जागृति मंच की बैठक में युवा मंच का प्रदेश स्तर पर गठन करके वैभव गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

नगर के दुर्गा कॉलोनी मोहल्ले में स्थित अमृत कूप मंदिर पर हिंदू जागृति मंच की बैठक में मनीष गर्ग ने हिंदू जागृति युवा मंच का गठन करने की आवश्यकता पर बल दिया। श्रीओम चंद्रा ने युवा मंच के गठन की आवश्यकता बताते हुए कहा कि इससे युवा शक्ति जागृत होगी और नव युवाओं को समाज धर्म राष्ट्र की सेवा करने का अवसर प्राप्त होगा। सरदार कुलवीर सिंह ने हिंदू जागृति मंच की युवा इकाई संचालित करने पर विशेष बल दिया। सभी सदस्यों की आम सहमति देखते हुए हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने प्रदेश स्तर पर युवा मंच गठित करने का निर्णय लिया, जिसका प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा कॉलोनी संभल निवासी वैभव गुप्ता को मनोनीत किया। उन्होंने बताया कि वैभव श्री राम लीला कमेटी संभल के प्रबंधक हैं। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद जैसी राष्ट्रीय राष्ट्रवादी संस्थाओं में लंबे समय से कार्य करने का अनुभव प्राप्त है। उन्हें हिंदू जागृति युवा मंच का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत करने से निश्चित रूप से संगठन से युवाओं का जुड़ाव होगा।

हिंदू जागृति युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत होने पर वैभव गुप्ता ने कहा कि तन मन धन से समर्पित रहकर पूरा समय और ईश्वर द्वारा दी गई ऊर्जा को हिंदू जागृति युवा मंच के माध्यम से समाज सेवा राष्ट्र सेवा और धर्म की सेवा में अर्पित करूंगा। वैभव गुप्ता को हिंदू जागृति मंच और महिला मंच की सदस्यों ने उनके घर पर जाकर स्वागत अभिनंदन किया। साथ ही मित्रों संबंधियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से वैभव गुप्ता को हिंदू जागृति युवा मंच का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई/शुभकामनाएं दी। मंच की बैठक में श्याम शरण शर्मा, सुभाष चंद्र मोंगिया, रमेश चंद्र छाबड़ा, भरत मिश्रा, सुभाष चंद्र शर्मा, राजेंद्र सिंह गुर्जर, विनोद कुमार अग्रवाल, सुबोध कुमार गुप्ता, अरविंद शंकर शुक्ला, सुमन कुमार वर्मा आदि अनेक सदस्यों ने विचार व्यक्त किये। अध्यक्षता उमेश श्रीमाली ने की और संचालन अंकुर रस्तोगी ने किया।

विधायक नीरज बोरा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

समाज जागरण

चन्दौसी। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, जिला-सम्भल की युवा इकाई द्वारा एक भव्य एवं भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं लखनऊ के विधायक नीरज बोरा जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का आयोजन श्री खाटूश्याम मंदिर, रामबाग रोड, चन्दौसी में सायं 5 बजे से प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में वैश्य समाज के गणमान्य नागरिकों, युवाओं एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया तथा उसके पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वैश्य बन्धुओं ने नीरज बोरा जी के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान की सराहना करते हुए उनके दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। युवा जिलाध्यक्ष 'शिखर गोयल' ने कहा, नीरज बोरा जी का जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित है। उनके मार्गदर्शन में संगठन निरंतर नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। ऐसे अवसर समाज को जोड़ने और प्रेरणा देने का कार्य करते हैं।

जिला उपाध्यक्ष शुभम अग्रवाल ने कहा, इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, संस्कार और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। युवा पीढ़ी को भी इससे प्रेरणा मिलती है कि वे सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस दौरान गिरीश रतन जी, प्रदीप अग्रवाल ,अमित डी आर,अमित अग्रवाल मेंठा,अन्नू रतन, अर्चित अग्रवाल, जस्टि गुप्ता, उमेश शोली, विशाल गर्ग ,अमित मित्तल, तुषार वार्ष्णेय,सार्थक अग्रवाल, अंश गोयल, देव,प्रियंक आदि समस्त पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

धूमधाम के साथ मनाई गई भगवान महावीर स्वामी की जयंती

समाज जागरण

चंदौसी। अखिल भारतीय हिन्दू पर्सनल लॉ बोर्ड चंदौसी के तत्वाधान में घंटाघर स्थित विनय भवन में भगवान महावीर स्वामी जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसमें सभी ने उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महावीर स्वामी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया।

सभा में बोर्ड के जिलाध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार ने भगवान महावीर स्वामी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आपका जन्म ईसा पूर्व चौथी शताब्दी में बिहार में हुआ। भगवान महावीर स्वामी ने अपने समस्त जीवन में समाज को सत्य और त्याग के मार्ग पर चलना सिखाया। उन्होंने भगवान महावीर स्वामी के चरित्र का अनुसरण करने का आह्वान किया।

योगेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी ने सत्य की खोज में अपने वैभव भरे जीवन को त्याग दिया, अपने जीवन को उपवास व ध्यान पर केंद्रित किया। इससे उन्हें मोक्ष की प्राप्ति हुई।

अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी ने अहिंसा, सत्य बोलने, ब्रह्मचर्य का पालन करने और चोरी ना करने का मार्ग सिखाया।

कृष्ण गोपाल गुप्ता ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी ने पांच सिद्धांत अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह सिखाये जो समाज को समृद्ध जीवन और आंतरिक शांति की ओर ले जाते हैं। ब्रज गोपाल गुप्ता और बृजेश चौहान ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी ने समाज को जियो और जीने दो का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी विवेक कुमार ने व कुशल संचालन डॉ जयशंकर दुबे ने किया।

कार्यक्रम में बोर्ड के विनय अग्रवाल, योगेंद्र मोहन शास्त्री, ऐड. मुकेश अग्रवाल, ऐड. संजय गुप्ता, योगेन्द्र कुमार वार्ष्णेय, ब्रजनंदन शर्मा, जगदीश चन्द्र राणा, योगेन्द्र कुमार वार्ष्णेय ,सुधीर गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

औद्योगिक विकास के लिए भूमि अधिग्रहण का सर्वे करने आए अधिकारी

चार पांच गांव के ग्रामीणों ने जताया विरोध किया प्रदर्शन

समाज जागरण/प्रवेश यादव

पवांसा संभल ' औद्योगिक गलियारों के विकास के लिए भूमि अधिग्रहण का सर्वे करने पहुंची उप जिला अधिकारी निधि पटेल तसीलदार धीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में लखनऊ टीम ने गांव अमावती खरसापा सौंधन सारंगपुर भमोरी पट्टी के गांव की जमीन का निरक्षण किया ' औद्योगिक गलियारों विकास के लिए की जा रही भूमि अधिग्रहण को लेकर किसानों में चिंता पैदा कर दी है ' मंगलवार को जैसे ही उच्चाधिकारी भूमि अधिग्रहण का सर्वे करने पहुंचे तो ग्रामीण अधिकारियों की गाड़ियों को देखते हुए ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए किसानों ने विरोध किया तो सर्वे करने पहुंची टीम बिना कुछ कहे ही चली गई ' किसानों इस का विरोध करते हुए कहा की हम अपनी जमीन हरगिज नहीं देंगे चाहे हमें कुछ भी करना पड़े ' किसानों ने कहा की हम उच्चाधिकारियों से मिलेंगे ' और हम अपनी भूमि नहीं देंगे चाहे हमें सड़को पर उतरना पड़ेगा तो हम सड़कों पर उतर कर धरना प्रदर्शन करेंगे ' हमारी मांग है की हमें भूमि हीन न बनाया जाए किसानों ने कहा की हम किसानों का एक सहारा है जमीन उसे ही छीन लिया गया तो हमारा परिवार कहा जायेगा बच्चों का पालन पोषण बच्चों को शिक्षा कैसे दिला पाएंगे जब हमारी सारी जमीन चली जाएगी तो हम मकानों में रहकर क्या करेंगे ' विजयपाल सिंह मनवारी सिंह प्रेमपाल सिंह विनीत कुमार सोनू यादव रामावतार सिंह सत्येंद्र यादव राजकुमार ऋषिपाल सिंह सारंगपुर खरसापा सौंधन भमोरी पट्टी अमावती गांव के किसान आदि मौजूद रहे

मदभागवत के दूसरे दिन पांडव चरित्र व राजा परीक्षित जन्म का कथा का हुआ वर्णन

समाज जागरण

चंदौसी । नगर के गणेश कॉलोनी में चल रही मदभागवत कथा में वृंदावन से पधारे स्वामी ओमप्रकाश महाराज जी द्वारा श्री मदभागवत कथा के दूसरे दिन पांडव चरित्र का वर्णन किया गया ।महाराज ओमप्रकाश ने बताया कि

महाभारत के अनुसार पांडव हस्तिनापुर के राजा पांडु के पाँच पुत्र थे युधिष्ठिर,भीम,अर्जुन,नकुल और सहदेव, जिन्हें कुंती और माद्री ने देवताओं के आह्वान से जन्म दिया था। ये धर्मात्मा, पराक्रमी और कुशल योद्धा थे, जिन्होंने कौरवों को हराकर धर्म की स्थापना की। ये पांचों भाई सत्य,न्याय शक्ति, साहस और एकाग्रता के प्रतीक माने जाते हैं। पांडवों का चरित्र चित्रण प्रत्येक के अनुसार युधिष्ठिर धर्मराज थे कुंती के ज्येष्ठ पुत्र धर्मराज के पुत्र थे। वे अत्यंत सत्यवादी,धर्मात्मा, धैर्यवान और शांत स्वभाव के थे। उन्हें 'अजातशत्रु' भी कहा जाता है, क्योंकि उनका कोई शत्रु नहीं था। भीमसेन द्वितीय पुत्र कुंती के दूसरे पुत्र वायु देव के पुत्र थे। भीम अपनी अपार शारीरिक शक्ति, साहस और भोजन के प्रति प्रेम के लिए जाने जाते थे। वे अपनी माता और भाइयों की रक्षा के लिए, हमेशा तत्पर रहते थे।अर्जुन धनुर्धर कुंती के तीसरे पुत्र इंद्र देव के पुत्र थे। अर्जुन सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर थे। वे एकाग्रता,निष्ठा और भगवान कृष्ण के अनन्य भक्त के रूप में प्रसिद्ध थे।आगे की कथा में महाराज जी ने बताया नकुल रूप माद्री के पुत्र अश्विनीकुमार के पुत्र थे। नकुल अत्यंत सुंदर, निपुण घुड़सवार, तलवारबाज और पशु

चिकित्सा विशेषकर घोड़ों के विशेषज्ञ में कुशल थे। सहदेव बुद्धि माद्री के पुत्र अश्विनीकुमार के पुत्र थे। सहदेव पांचों भाइयों में सबसे छोटे थे। वे बुद्धिमान भविष्यवक्ता और तलवारबाजी में निपुण थे। पांडव चरित्र की मुख्य विशेषताए आपसी प्रेम और एकता पांचों भाइयों में अद्वितीय एकता और प्रेम था। वे सुख और दुख में हमेशा एक साथ रहे। पांडव विशेषकर युधिष्ठिर हमेशा धर्म के मार्ग पर चलने वाले थे भले ही उन्हें इसके लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। वीरता और साहस वे न केवल वीर योद्धा थे, बल्कि उन्होंने कुरुक्षेत्र युद्ध में अपनी वीरता का लोहा मनवाया। द्रौपदी के प्रति समर्पण पाँचों पांडव अपनी पत्नी द्रौपदी का गहरा सम्मान करते थे और उन्होंने द्रौपदी के अपमान का बदला लिया। श्रीकृष्ण के भक्त पांडव, विशेषकर अर्जुन,श्रीकृष्ण के परम भक्त और मित्र थे, जिनका उन्हें जीवन भर मार्गदर्शन मिला।

संक्षेप में, पांडव चरित्र वीरता, न्याय, और धर्म की विजय की एक अद्भुत गाथा है, जो नैतिकता और भाईचारे का पाठ पढ़ाती है ।

अगले अध्याय में ओमप्रकाश महाराज जी ने बताया कि राजा परीक्षित का जन्म कैसे हुआ परीक्षित का जन्म महाभारत युद्ध के बाद उत्तरा अभिमन्यु की पत्नी के गर्भ से हुआ था। युद्ध के अंत में अश्वत्थामा द्वारा छोड़े गए ब्रह्मास्त्र से, उत्तरा के गर्भ में मौजूद बालक परीक्षित को भगवान श्री कृष्ण ने अपने योगबल से जीवनदान देकर बचाया था। इस घटना के बाद, जब पांडव कुल लगभग नष्ट हो गया था, तब जन्मे इस बालक का नाम 'परीक्षित' रखा गया। महाराज जी ने बताया अश्वत्थामा का ब्रह्मास्त्रः युद्ध के बाद,गुरु द्रोण की मृत्यु से क्रोधित अश्वत्थामा ने पांडवों के वंश को नष्ट करने के लिए उत्तरा के गर्भ पर ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया।

श्री कृष्ण द्वारा रक्षा: उत्तरा ने भगवान कृष्ण से रक्षा की गुहार लगाई, जिसके बाद कृष्ण ने गर्भ में ही बालक की रक्षा की। मृत्यु के बाद पुनर्जीवनः मान्यता है कि बालक मरा हुआ पैदा हुआ था, लेकिन भगवान कृष्ण ने अपने सत्य और धर्म के बल से उसे पुनः जीवित किया।

निमार्णाधीन पानी की टंकी से लटक की आत्महत्या देर शाम से था लापता

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर नगीना। कल शाम से लापता 22 वर्षीय नावेद नामक युवक का कालाखेड़ी मार्ग स्थित नवनिर्माणाधीन बड़ी पानी की टंकी पर शव लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई हालाकि पानी की टंकी पर एक सुसाइट नोट भी रखा मिला। सूचना पर थाना प्रभारी पुलिस टीम मौका पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद शव नीचे उतार पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। परिजनों का रोरो कर बुरा हाल है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच करने का जुटी है। स्थानीय मौ लाल सराय पुलिस चौकी के निकट निवासी नावेद अहमद 22 वर्षीय पुत्र मोहम्मद अकबर कल शाम लगभग साढ़े छः बजे से घर से लापता था जिसकी परिजन काफी तलाश में लगे थे लेकिन रात भर नावेद अहमद का कोई पता नहीं चल सका था। मंगलवार कि सुबह कालाखेड़ी रोड आईटीआई कालेज के सामने नवनिर्माण पानी की टंकी के ऊपर रस्सी से लटका शव देख राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई, देखते ही देखते ग्राम कालाखेड़ी एवं आजाद कॉलोनी लाइनपार के सैकड़ों लोग और महिलाएं पानी की टंकी पर जमा हो गए। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार व

थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे लेकिन निमार्णाधीन पानी की टंकी की बेहद ऊंचाई पर रस्सी से शव लटका देख हैरानी जताते हुए फायर सर्विस के फायरमैन और मोके पर मौजूद युवाओं की मदद से कड़ी मशक्कत बाद शव नीचे उतारा जिसके उतारने में करीब ढाई तीन घंटे लगे। पुलिस ने मौजूद लगों से मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पा रही थी। बाद में मोहल्ला लाल सराय पुलिस चौकी के निवासी तमाम लोग मौके पर पहुंचे जिन में मृतक के परिजन भी मौजूद थे। उन्होंने मृतक की पहचान मौ नावेद अहमद 22 पुत्र अकबर निवासी लाल सराय के रूप में की। देखते ही देखते सैकड़ो लोग मौके पर जमा हो गए पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया है। वार्ड सभासद सिद्दीक मुलतानी ने बताया के मृतक बिजली का कारीगर है और मुंबई में रहता है वह ईद मनाने के लिए घर आया हुआ था। सभासद ने यह भी बताया कि वह सोमवार की शाम 6 बजे से घर से लापता था जिसको देर रात तक तलाश किया लेकिन उसका कहीं भी सुराग नहीं लग सका था। नावेद की मौत पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है।

उधर पुलिसक्षेत्र अधिकारी अंजनी चतुर्वेदी ने बताया कि मृतक पानी की टंकी पर रस्सी से झूलता मिला पानी की टंकी पर ही एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें लिखा है कि अपनी स्वेक्षा से आत्महत्या कर रहा हूं। फिर भी पुलिस सभी पहलुओं पर जांच पड़ताल कर रही है। सीओ ने यह भी बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही विधिक कार्रवाई की जाएगी।

मारपीट करने वाले दो आरोपित गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर मंडावर l21 मार्च दिन शनिवार को ओमप्रकाश पुत्र कबूल सिंह गांव रामसहायवाला निवासी ने मडावर थाने मे तहरीर दी थी की मेरे ही गांव के प्रदीप, कुलदीप पुत्र किरणपाल, राजेश पुत्र दिला, सोनू पुत्र राजेश, दीपक पुत्र राजवीर, अजय पुत्र कुरदिया, बबलू पुत्र बाबूराम इन युवकों द्वारा मेरे साथ गाली गलौज करते हुए मुझे जान से मारने की नीयत से मारपीट की और मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए थे। मंडावर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर सातों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। और तभी से ही आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। वहीं मंडावर पुलिस ने सोमवार को राजेश, बबलू गांव रामसहायवाला निवासी को गिरफ्तार कर उचित धाराओं में चालान का जेल भेज दिया है। थाना अध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि अपराधियों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा। फरार चल रहे आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

महावीर जयंती पर श्रद्धा और उल्लास का संगम, जैन समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर , जिला महावीर जयंती के पावन अवसर पर जनपद बिजनौर में जैन समाज द्वारा बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर की प्रतिमा का अभिषेक कर पूजा-अर्चना की और उनके बताए अहिंसा, सत्य और करुणा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

महावीर जयंती के उपलक्ष्य में शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। शोभायात्रा में सजे-धजे रथों पर भगवान महावीर की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। भजन-कीर्तन और धार्मिक नारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

इस दौरान समाज के प्रमुख लोगों ने भगवान महावीर के जीवन और उनके सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में उनके संदेश और भी अधिक प्रासंगिक हैं। उन्होंने सभी से अहिंसा, सत्य और प्रेम का मार्ग अपनाने की अपील की।

कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया और जरूरतमंदों को फल एवं वस्त्र वितरित कर सेवा कार्य भी किए गए। इस अवसर पर प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

महावीर जयंती के इस पावन पर्व ने पूरे शहर में भाईचारे, शांति और सद्भाव का संदेश फैलाया।

सीएम योगी बुधवार को करेंगे 250 इलेक्ट्रिक व सीएनजी वाहनों का फ्लैग ऑफ, लखनऊ में कूड़ा प्रबंधन को मिलेगी नई रफ्तार

- राजधानी लखनऊ में हरित ऊर्जा को मिलेगा बढ़ावा, 110 वार्डों में शत-प्रतिशत कूड़ा संग्रहण व सस्टेनेबल सिटी मॉडल की दिशा में बड़ा कदम
- कूड़ा एकत्रीकरण में डीजल चालित वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाकर इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी वाहनों को दी जा रही है प्राथमिकता
- वर्तमान में 981 इलेक्ट्रिक एवं 169 सीएनजी वाहनों के माध्यम से हो रहा कूड़ा एकत्रीकरण, नए वाहनों के जुड़ने से कूड़ा प्रबंधन प्रणाली होगी मजबूत

समाज जागरण

लखनऊ, 31 मार्च। राजधानी लखनऊ में कूड़ा प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, आधुनिक एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में बुधवार 1 अप्रैल को अहम पहल होने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रातः 11 बजे अपने सरकारी आवास 5 कालिदास मार्ग से 250 इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी वाहनों का लोकार्पण (फ्लैग ऑफ) करेंगे। यह पहल हरित ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के साथ-साथ सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

110 वार्डों में शत-प्रतिशत कूड़ा प्रबंधन का लक्ष्य

नगर निगम लखनऊ द्वारा शहर के सभी 110 वार्डों में घरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं कार्यालयों से निकलने वाले कूड़े का शत-प्रतिशत एकत्रीकरण, परिवहन और प्रोसेसिंग सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्था लागू की गई है। इस कार्य का संचालन चयनित संस्थाओं के माध्यम से किया जा रहा है, जिसकी प्रतिदिन निगरानी भी सुनिश्चित की जाती है। नगर निगम के कमांड एवं कंट्रोल रूम से कूड़ा उठान कार्य का सीधा प्रसारण देखा जा सकता है। साथ ही नागरिकों की सुविधा के लिए कंट्रोल रूम नंबर 1533 एवं टोल फ्री नंबर 18001234999 और 1800206172 पर शिकायत दर्ज कराकर त्वरित समाधान भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

हरित ऊर्जा से प्रदूषण नियंत्रण पर फोकस

नगर निगम द्वारा कूड़ा एकत्रीकरण में डीजल चालित वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाकर इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी वाहनों को प्राथमिकता दी जा रही है। इससे न केवल वायु प्रदूषण में कमी आएगी, बल्कि शहर में स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण भी सुनिश्चित होगा। यह नीति सतत विकास के सिद्धांतों के अनुरूप है और कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी लाने की दिशा में प्रभावी कदम मानी जा रही है।

ई-वाहनों का बढ़ता बेड़ा और आधुनिक सफाई व्यवस्था

वर्तमान में लखनऊ में 981 इलेक्ट्रिक एवं 169 सीएनजी वाहनों के माध्यम से कूड़ा एकत्रीकरण कार्य किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, शहर की प्रमुख सड़कों की सफाई 50 से अधिक मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग मशीनों (ई-वाहनों) के माध्यम से प्रतिदिन कराई जा रही है। नए 250 वाहनों के जुड़ने से कूड़ा प्रबंधन प्रणाली को और अधिक गति और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर से मिलेगा संचालन को बल

ई-वाहनों के सुचारु संचालन के लिए शहर में 13 स्थानों पर 520 चार्जिंग प्वाइंट स्थापित किए गए हैं। इससे न केवल वाहनों की कार्यक्षमता बढ़ेगी, बल्कि भविष्य में और अधिक ई-वाहनों के संचालन के लिए भी आधार तैयार होगा।

रोजगार सृजन और वेस्ट टू वेल्थ को बढ़ावा

इस पूरी व्यवस्था से प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से लगभग 10,000 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। साथ ही सर्कुलर इकोनॉमी को ध्यान में रखते हुए वेस्ट टू वेल्थ की अवधारणा को भी मजबूती मिल रही है, जिससे कूड़े को संसाधन के रूप में उपयोग करने की दिशा में कार्य हो रहा है।

--179 मुकदमों के अवैध हथियार नष्ट, ऑपरेशन क्लीन के तहत हुई कार्रवाई

-1983 से 2010 तक के मामलों से जुड़े 130 अवैध शस्त्र और 49 चाकू-छुरियां तोड़ी गईं, पूरी प्रक्रिया की कराई गई वीडियोग्राफी

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत थाना पुलिस ने शस्त्र अधिनियम से जुड़े मुकदमों के माल के विनिष्टीकरण की कार्रवाई कराई। इस दौरान वर्षों से मालखाने में रखे अवैध हथियारों को नियमों के तहत नष्ट किया गया। इस मौके पर पुलिस व तहसील प्रशासन मौजूद रहा। मंगलवार को थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान और पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में उपजिलाधिकारी कैराना के निर्देशन में गठित टीम की मौजूदगी में थाने के मालखाने में रखे मुकदमाती माल का विनिष्टीकरण कराया गया। इस दौरान तहसीलदार अर्जुन सिंह चौहान, क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार, अभियोजन अधिकारी श्रीचंद तथा प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार मौजूद रहे। टीम की निगरानी में वर्ष 1983 से 2010 तक दर्ज कुल 179 अभियोगों से संबंधित माल को नष्ट किया गया।कार्रवाई के दौरान कुल 49 चाकू और छुरियां तथा 130 अवैध शस्त्र,सीएमपी .315 बोर व 12 बोर,को नष्ट किया गया। इसके लिए प्राइवेट कारीगर जावेद पुत्र शाहदीन और सदाशिव पुत्र राजीव निवासी ग्राम तीतरवाड़ा थाना कैराना को बुलाया गया, जिन्होंने हथौड़ा, छेनी और ग्राइंडर मशीन की मदद से हथियारों को काटकर और तोड़कर पूरी तरह नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ पूरी की गई। विनिष्टीकरण के दौरान फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराई गई तथा कार्रवाई नियमानुसार और विधिक प्रावधानों के तहत संपन्न की गई।

युवक के साथ मारपीट,गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर

समाज जागरण कांधला।

कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक युवक पर कुछ लोगों ने मिलकर रास्ते में मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट के बाद आरोपी घायल अवस्था में छोड़कर युवक को फरार हो गए । परिजनों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल के पिता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी प्रदीप सैनी के पुत्र लवी सैनी ने बताया कि वह दुकान से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान कस्बे के मोहल्ला खेल में रास्ते में कुछ युवकों ने उसे रंजिश के कारण रोक लिया और घेरकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों द्वारा की गई मारपीट के दौरान पीड़ित युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।मारपीट के दौरान शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे, जिसे देखकर आरोपी फरार हो गए।सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल युवक को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे उपचार के लिए भर्ती कराया । डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक बताते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।पीड़ित परिजनों ने हमलावरों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्दी आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

सड़क हादसों में तीन की मौत के मामलों में प्राथमिकी दर्ज

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग)शामली जनपद में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत के मामलों में पुलिस ने संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुजफ्फरनगर के बलवाखेड़ी निवासी दीपक शर्मा ने आदर्श मंडी थाने में दी तहरीर में बताया कि 29 मार्च को उसका भाई टिंकू जलालपुर गांव में बहन से मिलने आया था। रात करीब आठ बजे वह जलालपुर से बनत की ओर जा रहा था। जलालपुर कट के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, शहर के गौशाला रोड निवासी सोनिया ने आदर्श मंडी थाने में तहरीर देते हुए बताया कि 25 मार्च की शाम करीब सात बजे उसके पति अनिल कुमार अपनी बाइक पर मोहल्ले के नीटू के साथ महरमपुर स्थित ईंट भट्ठे पर गए थे। सिलावर रोड पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसे में घायल अनिल को पानीपत के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।इसके अलावा, हिरनवाड़ा निवासी नरेश कुमार ने बाबरी थाने में दी तहरीर में बताया कि उसका छोटा भाई सुरेश कुमार 22 मार्च को बंतीखेड़ा पुल के पास बाइक से जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे अज्ञात बाइक सवार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हालत गंभीर होने पर उसे मेरठ रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आम जनमानस से नशे से दूर रहने का किया आहवान

नशामुक्ति जागरूकता अभियान को लेकर पुलिस ने जिले में चलाया अभियान

समाज जागरण

शामली। जनपद पुलिस द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को जनपद में विभिन्न स्थानों पर लोगों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी, कहा कि नशा शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है इसलिए नशे से हमेशा दूर रहें।
जानकारी के अनुसार एसपी एनपी सिंह के निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे नशामुक्ति जागरूकता अभियान को लेकर पुलिस जगह-जगह लोगों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत करा रही है। इसी के तहत मंगलवार को भी पुलिस ने कई स्थानों पर जागरूकता अभि यान चलाया। पुलिस ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए उन्हें नशा-मुक्त, स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित करना रहा। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से क्षति पहुंचाने के साथ-साथ उसके शैक्षिक, पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने आमजनमानस को नशे से दूर रहने, शिक्षा एवं खेलकूद जैसी रचनात्मक गतिविधियों में रुचि बढ़ाने तथा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढने के लिए प्रेरित किया। पुलिस ने नशे का कारोबार करने वालों की सूचना देने की भी अपील की ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जा सके।

एमपी-महाराष्ट्र बॉर्डर से हथियार तस्करी भंडाफोड़

– कैराना पुलिस ने एक तस्कर दबोचा, 10 पिस्टल, 5 तमंचे, कारतूस, बाइक व मोबाइल बरामद

समाज जागरण

कैराना।(फुरकान जंग) कोतवाली पुलिस ने अवैध हथियार तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 10 पिस्टल, 5 तमंचे, कारतूस, बाइक व मोबाइल बरामद हुए। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की धरपकड़ में जुट गई है।
मंगलवार को पुलिस लाइन शामली में आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी एनपी सिंह ने बताया कि हथियार तस्करी करने वाले गैंग के संबंध में पुलिस को इनपुट मिले थे। इस पर टीम गठित की गई थी। कोतवाली कैराना प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री के नेतृत्व में टीम ने तितरवाड़ा–डुढ़ार मार्ग पर एक संदिग्ध बाइक सवार को रुकने का इशारा किया गया। पुलिस को देखकर आरोपी फरार होने लगा, लेकिन बाइक फिसलने पर पुलिस ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से दो बैग में रखे 10 पिस्टल (32 बोर), पांच तमंचे (315 बोर), दो कारतूस, एक बाइक व मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शोएब निवासी गांव तितरवाड़ा बताया। एसपी ने बताया कि आरोपी शोएब यह खेप अपने ही गांव के एक अन्य तस्कर कादिर को देने जा रहा था, जो आगे इन हथियारों को क्षेत्र में ऊंचे दामों पर बेचता। इस संबंध में दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है

ट्रेन से होती थी हथियार तस्करी

एसपी एनपी सिंह ने बताया कि पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आरोपी वाट्सऐप कॉल के जरिए बात कर मध्य प्रदेश के बुरहानपुर क्षेत्र जो महाराष्ट्र बॉर्डर के करीब है, से अवैध हथियार खरीदता था। इसके बाद हथियारों को ट्रेन के माध्यम से शामली लाया जाता था। यहां पहुंचने के बाद गिरोह के सदस्य इन्हें हरियाणा और यूपी के इलाकों में सप्लाई करते थे। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए अन्य तस्करों की तलाश में जुटी है।

--एक जनपद एक उत्पाद योजना के तहत लाभार्थियों को औजार किट वितरित

--विधायक प्रसन्न चौधरी बोले— स्वरोजगार अपनाकर बनें आत्मनिर्भर

समाज जागरण
शामली।(फुरकान जंग)

नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत औजार किट एवं प्रशिक्षण योजना के तहत औजार किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद शामली को 350 अकुशल व्यक्तियों को प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें औजार किट उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
इसी क्रम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामली विधायक प्रसन्न चौधरी तथा मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी ने लाभार्थियों को औजार किट वितरित किए। कार्यक्रम में लौहकला कार्य से जुड़े लाभार्थियों को औजार किट प्रदान की गईं, जिससे वे अपने कौशल का उपयोग कर स्वरोजगार स्थापित कर सकें।
इस अवसर पर विधायक प्रसन्न चौधरी ने लाभार्थियों को औजार किट वितरित करते हुए उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एक जनपद एक उत्पाद योजना स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ-साथ रोजगार सृजन का सशक्त माध्यम बन रही है। साथ ही उन्होंने लाभार्थियों से अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील भी की। मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी ने कहा कि प्रशिक्षण और औजार किट वितरण के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं।उपायुक्त उद्योग ने बताया कि जनपद में एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिससे अधिक से अधिक लोग स्वरोजगार से जुड़कर अपनी आजीविका को सुदृढ़ कर सकें। कार्यक्रम में उपायुक्त उद्योग श्रीमती रतिका गुप्ता, सहायक आयुक्त उद्योग श्री रविन्द्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

मारपीट के आरोपियों पर कार्रवाई न करने का पुलिस पर आरोप, एसपी ने दिए कार्रवाई के निर्देश

समाज जागरण

शामली। शहर की टंकी कॉलोनी में मारपीट के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न होने से आक्रोशित महिला ने अपने घर पर पलायन के पोस्टर लगा दिए। महिला ने पुलिस पर मामले में कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। टंकी कॉलोनी निवासी करुणा देवी ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायत पत्र में बताया कि 18 मार्च को वह घर के बाहर झाड़ू लगा रही थीं। इसी दौरान मोहल्ले के चार युवक वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। शोर सुनकर पहुंचे उनके पति पंकज के साथ भी आरोपियों ने मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। महिला का आरोप है कि घटना की शिकायत पुलिस से की गई, लेकिन अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उल्टा आरोपी लगातार धमकी दे रहे हैं, जिससे परिवार भय के साये में जी रहा है। आरोपियों की दहशत से परेशान महिला ने अपने घर पर पलायन के पोस्टर लगा दिए हैं। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला तो वह परिवार सहित पलायन करने को मजबूर होंगी। इस मामले में एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने पुलिस को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

सरकार ने व्यापारियों की बात नहीं सुनी तो प्रदेश व्यापी आंदोलन करेंगे व्यापारी

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के शामली स्थित सुभाष चौक प्रांतीय मुख्यालय पर आयोजित बैठक में व्यापारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो व्यापारी प्रदेश स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश का व्यापारी पिछले तीन वर्षों से लगातार अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, सांसदों, विधायकों, जिलाधिकारी और पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन देता आ रहा है, लेकिन अब तक एक भी मांग पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे व्यापारियों में गहरा आक्रोश है। बैठक में व्यापारियों की प्रमुख मांगों में 60 वर्ष की आयु के बाद 3000 रुपये प्रतिमाह पेंशन लागू करना, व्यापारियों के स्टॉक का सरकारी स्तर पर बीमा, दुर्घटना बीमा राशि को 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करना शामिल है। इसके अलावा कॉमर्शियल बिजली दरों को कम कर घरेलू दरों के बराबर करने, व्यापारियों को आयुष्मान योजना का लाभ देने की भी मांग उठाई गई। व्यापार मंडल ने मंडी समिति समाप्त करने, सचल दल प्रणाली खत्म करने तथा जीएसटी की एसआईबी टीम और खाद्य विभाग द्वारा व्यापारियों के कथित उत्पीड़न पर रोक लगाने की मांग भी रखी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यदि जल्द ही इन 11 मांगों पर सरकार ने निर्णय नहीं लिया तो व्यापारी धरना-प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि संगठन आगामी विधानसभा चुनाव में व्यापारियों को मैदान में उतारने का निर्णय ले चुका है। बैठक में सुभाष चंद्र धीमान , नरेंद्र अग्रवाल , रवि संगल, महेश धीमान, अनुज गोयल, ऋषभ जैन, आशु बत्रा, शिवांग गर्ग, राजीव गर्ग, गौरव गर्ग, गौरव बंसल, संजय बंसल और नवीन गर्ग आदि मोजूद रहे।

वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए अभियान जारी

हेलमेट व सीट बैल्ट लगाने के लिए किया जागरूक, उल्लंघन पर कार्रवाई की चेतावनी

समाज जागरण

शामली। जनपद में यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों एवं नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान को लेकर लगातार जागरूक किया जा रहा है। मंगलवार को भी यातायात पुलिस वाहन चालकों को हेलमेट व सीट बैल्ट लगाने के लिए जागरूक किया गया, साथ ही नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की भी चेतावनी दी गयी।
जानकारी के अनुसार जनपद में इन दिनों शासन के निर्देश पर नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान साथ-साथ वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का भी अभियान चलाया जा रहा है, अभियान को लेकर यातायात पुलिस भी वाहन चालकों को हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने के लिए जागरूक कर रही है। मंगलवार को भी यातायात पुलिस द्वारा कई पेट्रोल पंपों पर दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा, उन्होंने पंप संचालकों को भी हिदायत दी कि बिना हेलमेट आने वाले किसी भी वाहन चालक को पेट्रोल न दिया जाएगा। इसके अलावा पुलिस ने विभिन्न प्रमुख एवं व्यस्त स्थानों जैसे बनत चौराहा, विजय चौक, टिकैत तिराहा, अंजता चौक, गुरुद्वारा तिराहा सहित अन्य मुख्य चौराहों पर विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दोपहिया वाहन चालकों, पेट्रोल पंप संचालकों, वाहन स्वामियों एवं आम नागरिकों को हेलमेट के अनिवार्य प्रयोग, यातायात नियमों के पालन तथा सड़क सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

तेज रफ्तार बाइक दीवार से टकराई, युवक की मौत

समाज जागरण

कैराना।(फुरकान जंग) तेज रफ्तार बाइक के दीवार से टकराने के कारण एक युवक की मौत हो गई। हादसे से परिजनों में कोहराम मच गया।
नगर के मोहल्ला बेगमपुरा निवासी उवैस (20) बाइक से सोमवार देर रात ऊन क्षेत्र में गया हुआ था। बताया जा रहा है कि वहां उसकी बाइक अनियंत्रित होकर दीवार से टकरा गई। हादसे में उवैस गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।हादसे की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। मंगलवार की प्रातः करीब नौ बजे गमगीन माहौल में मृतक के शव को सुपुर्द–ए–खाक कर दिया गया। बताया जा रहा है कि उवैस के पिता और भाई की भी पूर्व में सड़क हादसे में मौत हो चुकी है।

ग्रामीण भारत में डिजिटल प्रगति और तेज हुई : ई ग्रामस्वराज ने 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक के ऑनलाइन भुगतान दर्ज किए ; सभासार 23 भाषाओं में विस्तारित

पंचायती राज मंत्रालय ने देश भर में डिजिटल और समावेशी ग्रामीण शासन को बढ़ावा देने में दो महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। भारत के ग्राम पंचायतों में डिजिटल शासन में ऊंची छलांग लगी है, जहां ई ग्रामस्वराज प्लेटफॉर्म के माध्यम से 3 लाख करोड़ रुपये (कुल) भुगतान किए गए हैं। वहीं दूसरी ओर, एआई-संचालित सभासार टूल अब 23 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है, जो बड़े जमीनी स्तर पर वित्तीय पारदर्शिता और समावेशी भागीदारी को मजबूत कर रहा है।
तकनीकी-संचालित शासन की दिशा में एक प्रमुख कदम में,ई ग्रामस्वराज के माध्यम से विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं को वास्तविक समय में भुगतान किए गए हैं, जिससे पूर्ण डिजिटल ट्रेसबिलिटी सुनिश्चित हुई है। ई-पंचायत मिशन मोड प्रोजेक्ट के तहत विकसित और पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम (पीएफएमएस) से एकीकृत यह प्लेटफॉर्म पंचायत स्तर पर योजना, लेखांकन और व्यय को सुव्यवस्थित करता है, नकद-आधारित और कागज-प्रधान प्रक्रियाओं को तेज, जवाबदेह और धोखाधड़ी-रोधी सिस्टम से बदलता है।
वित्तीय वर्ष 2025-26 में, पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) ने ई ग्रामस्वराज -पीएफएमएस इंटरफेस के माध्यम से 53,342 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए, जबकि 2,55,254 ग्राम पंचायतों ने प्लेटफॉर्म पर अपने विकास योजनाएं अपलोड कीं। कुल मिलाकर, 2,59,798 पीआरआई ऑनबोर्ड की गई हैं, जिनमें से 2,50,807 पीआरआई ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान ई ग्रामस्वराज के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान किए। प्लेटफॉर्म ने 1,60,79,737 विक्रेताओं को भी पंजीकृत किया है, जो इसके पैमाने और व्यापक अपनापन को दशार्ता है। इस परिवर्तन को पूरक बनाते हुए, 14 अगस्त, 2025 को लॉन्च किया गया मंत्रालय का एआई-संचालित वॉयस-टू-टेक्स्ट मीटिंग सारांशण टूल - सभासार अब 13 से बढ़कर 23 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है। नवीनतम जोड़ी गई भाषाओं में असमिया, बोडो, डोगरी, कश्मीरी, कोंकणी, मैथिली, मणिपुरी, नेपाली, संथाली और सिंधी शामिल हैं, जो ग्राम सभा कार्यवाहियों को स्थानीय भाषाओं में रिकॉर्ड और डिजिटल बनाने में सक्षम बनाती हैं।
सभासार स्वचालित रूप से मिनट, उपस्थिति, संकल्पों और कार्य बिंदुओं को रिकॉर्ड करने की सुविधा प्रदान करता है, जिससे ग्राम सभा प्रक्रियाएं अधिक सुलभ और भागीदारीपूर्ण बनती हैं। पहले हिंदी, बंगाली, अंग्रेजी, गुजराती, कन्नड़, मराठी, मलयालम, ओडिया, पंजाबी, संस्कृत, तमिल, तेलुगु और उर्दू में उपलब्ध यह प्लेटफॉर्म अब भारत भर के पंचायती राज संस्थाओं की पूर्ण भाषाई विविधता को कवर करता है। 29 जनवरी, 2026 तक, 1,11,486 ग्राम पंचायतें पहले ही मीटिंग सारांश के लिए इस प्लेटफॉर्म का उपयोग कर चुकी हैं।

महिला को फोन पर दिया तीन तलाक, एसपी से लगाई न्याय की गुहार

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) नौनागली गांव की रहने वाली एक विवाहिता को उसके पति द्वारा फोन पर तीन तलाक दिए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।पीड़िता मुस्कान ने बताया कि उसकी शादी मुजफ्फरनगर जनपद के लोई गांव निवासी युवक के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति और ससुराल पक्ष के लोग उसके साथ मारपीट करते थे और कई बार उसे प्रताड़ित किया गया। दंपति के तीन बच्चे भी हैं। महिला का आरोप है कि दो दिन पूर्व उसके पति ने फोन पर ही तीन तलाक दे दिया। उसने बताया कि इस बातचीत की रिकॉर्डिंग भी उसके पास मौजूद है। पीड़िता ने पुलिस से पति और ससुरालियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

धोखाधड़ी से प्लाट बेचने के मामले में दो महिलाओं समेत सात के खिलाफ प्राथमिकी

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) झिंझाना क्षेत्र में धोखाधड़ी कर प्लाट बेचने के मामले में पुलिस ने दो महिलाओं समेत सात नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। मोहल्ला ब्राह्मणान, झिंझाना निवासी मनोज कुमार मित्तल ने एसपी को दिए शिकायत पत्र में बताया कि वह वर्तमान में शामली शहर की शिव विहार कॉलोनी में परिवार सहित रहते हैं। उनकी बलवा में जमीन है, जिस पर वह लंबे समय से काबिज हैं। आरोप है कि बलवा और दयानंद नगर के कुछ लोगों ने उनकी जमीन पर कब्जे का प्रयास किया और जमीन के एक हिस्से को धोखाधड़ी से किसी अन्य को बेच दिया। जबकि कोर्ट पहले ही भूमि को उनकी बताते हुए किसी भी प्रकार के हस्तक्षेप से मना कर चुका है। पीड़ित का आरोप है कि वर्ष 2025 में बलवा के जयपाल ने षड्यंत्र रचकर उनके कई प्लाट धोखाधड़ी से बेच दिए। विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने एसपी के निर्देश पर पीड़ित की शिकायत के आधार पर बलवा निवासी जयपाल, दयानंद नगर निवासी सोनू, करण, भारती, मितलेश, सुरेश, खेड़ी निवासी लोकेश कुमार और एक अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

महिलाओं व छात्राओं को दी सरकार की हेल्पलाइनों की जानकारी

समाज जागरण

शामली। मिशन शक्ति व एंटी रोमियो टीमों ने मंगलवार को भी जनपद में महिलाओं व युवतियों को सरकारी की योजनाओं व हेल्पलाइनों को लेकर जागरूक किया। पुलिस ने कहा कि यदि महिलाओं को कोई समस्या या असुरक्षा महसूस हो तो तुरंत कॉल करें, तत्काल सहायता मिलेगी। जानकारी के अनुसार जनपद में महिलाओं, बालिकाओं को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत जनपद पुलिस द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को सरकारी योजनाओं व हेल्पलाइनों की जानकारी दी जा रही है। मंगलवार को भी शामली सहित कैराना, झिंझाना, कांधला आदि में मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को बताया कि किसी भी आपात स्थिति, उत्पीड़न या असुरक्षा की अवस्था में बिना संकोच 112, 1090 और 181 जैसे हेल्पलाइन नंबरों पर तुरंत संपर्क करें, पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंचेगी, टीम ने इन नंबरों के सही उपयोग और त्वरित सहायता प्रक्रिया की भी विस्तार से जानकारी दी। मिशन शक्ति टीम की ने महिलाओं को साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, संदिग्ध लिंक, अनजान कॉल और सोशल मीडिया के दुरुपयोग से होने वाले नुकसान के प्रति सतर्क किया। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और न ही किसी अज्ञात व्यक्ति को व्यक्तिगत जानकारी साझा करें।

गौकशी में वांछित आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण

कैराना। गौकशी के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आठ दिसंबर 2025 को गांव मवी मार्ग मार्ग पर स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के पास नाले में लगे जाल में गोवंश अवशेष मिले थे। इस संबंध में पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। इसके दस दिन बाद पुलिस ने मोहल्ला रेतावाला निवासी चांद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मंगलवार को उक्त घटना में एक अन्य आरोपी शमीम निवासी मोहल्ला रेतावाला को गिरफ्तार किया गया है। पुलि ने आरोपी का चालान कर दिया है।

अल्ट्रासाउंड सेंटर आवेदन में फर्जी मिली डिग्री, रिपोर्ट दर्ज

समाज जागरण

कैराना। अल्ट्रासाउंड सेंटर के पंजीकरण के लिए किए गए ऑनलाइन आवेदन में फर्जी डिग्री लगाए जाने का मामला सामने आया है। जांच में डिग्री फर्जी पाए जाने पर आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। पीसीपीएनडीटी नोडल अधिकारी डॉ. अतुल बंसल ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि दो दिसंबर 2025 को गांव कंडेला निवासी अमित कुमार ने अल्ट्रासाउंड सेंटर के पंजीकरण हेतु ऑनलाइन आवेदन किया था। आवेदन में सेवा प्रदाता के रूप में अवतार सिंह मेहरा के नाम से डॉक्टरी डिग्री संलग्न की गई थी।बताया गया कि संदेह होने पर समिति द्वारा उक्त डिग्री का सत्यापन उत्तर प्रदेश मेडिकल काउंसिल लखनऊ से कराया गया। जांच के बाद मेडिकल काउंसिल ने अपनी रिपोर्ट में डिग्री को फर्जी बताया। मामले में पुलिस ने अवतार सिंह मेहरा के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

समाज जागरण

कैराना। मारपीट करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मोहल्ला रेतावाला निवासी वसीम ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि रविवार को वह मोहल्ले में ही मेहताब की दुकान पर सामान लेने गया था। इसी दौरान मेहताब और उसके साथी सहादत ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

बैठक में किसानों और मजदूरों के हकों की बात

समाज जागरण

बागपत। भारतीय किसान यूनियन (अखंड) की बैठक वाजिद भाई के कार्यालय पर आयोजित की गई, जिसमें संगठन के सभी कार्यकर्ता मजबूती से मौजूद रहे। बैठक में किसानों और मजदूरों के हकों की बात खुलकर रखी गई। किसान एकता और मजदूर एकता को मजबूत करने पर जोर दिया गया। बैठक में स्मार्ट मीटर जैसे मुद्दों पर भी साफ-साफ रणनीति बनाई गई। नगर पालिका बागपत की लापरवाही पर संगठन ने कड़ा रुख अपनाया। भारतीय किसान यूनियन (अखंड) की तरफ से पहले भी डीएम बागपत, तहसील दिवस में एडीएम बागपत एवं एसडीएम बागपत को कई शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन आज तक उन पर कोई कार्रवाई नहीं

हुई। बैठक में संगठन विस्तार को लेकर भी अहम निर्णय लिया गया कि बागपत शहर के हर वार्ड से वार्ड अध्यक्ष और गांव-गांव से ग्राम अध्यक्ष चुने जाएंगे, ताकि संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत किया जा सके। संगठन ने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन किया जाएगा और जवाब लिया जाएगा। आगामी 5 मई को डीएम अस्मिता लाल से वार्ता कर बागपत शहर के सभी ज्वलंत मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा।

परीक्षाफल परिणाम के मेघावियों को मेडल पहनाकर किया पुरस्कृत

समाज जागरण

बिनौली। ग्वालीखेड़ा के चौधरी दलीप सिंह इंटर कॉलेज का मंगलवार को वार्षिक परीक्षाफल परिणाम घोषित हुआ। जिसमें अपनी अपनी कक्षाओं में सार्वधिक अंक लेकर उच्च स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह और मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य देशपाल सिंह तोमर ने बताया स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें नर्सरी से लेकर 11वीं तक के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नर्सरी में जुनेरा, एलकेजी श्रष्टि, यूकेजी सुहाना, युवराज, कक्षा एक मे शिवन्या, रक्षित, कक्षा दो में अनाया, प्रद्युम, कक्षा तीन अरशद,

कक्षा चार शिवन्या, कक्षा पांच दिशा, कक्षा छह मानवी, परवेज, कक्षा सात गुंजन, आरव मोघा, कक्षा 8 मानवी, कक्षा नौ रोजी, समर, और कक्षा 11 में रुचि, अनस आदि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. राजीव गुप्ता, प्रधानाचार्य देशपाल सिंह तोमर ने सभी मेघावी विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह और मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया और अगली कक्षा में भी कड़ी महनत के साथ पढ़ाई करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य अश्वनी कुमार, नीतू राणा, मनीषा, उमेश, सुशीला, हीरालाल,चेतन शर्मा,विजय भास्कर, देशपाल दांगी आदि उपस्थित रहे।

सेना के जवान का भव्य स्वागतः सूबेदार मेजर शिवराज सिंह का गांव में जोरदार अभिनंदन

समाज जागरण

बड़ौत। भारत-कश्मीर के गुलमर्ग क्षेत्र में अपनी तैनाती पूरी करने के बाद, सूबेदार मेजर शिवराज सिंह अपने पैतृक गांव सिनौली पहुंचे। ग्रामीणों ने उनका फुल मालाओं से स्वागत किया और बड़ौत से सिनौली तक उनका भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों और फूल मालाओं से सूबेदार मेजर शिवराज सिंह का जोरदार अभिनंदन किया।

जगह-जगह तालियां की गड़गड़ाहट के बीच उनका उत्साह पूर्वक स्वागत हुआ। सिनौली गांव के मार्गों पर जुलूस भी निकाला गया। इस अवसर पर उनकी पत्नी विनेश मान, बेटा जोरावर सिंह मान, बहू वंशिका मान और बेटी फूलन भी मौजूद थी।

स्थानीय लोगों ने इस स्वागत को सेना में सेवा देने वाले सपूत के पैतृक गांव का गर्व और सम्मान बताया। सूबेदार मेजर शिवराज सिंह ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, "आपके प्यार और सम्मान ने हमें और भी गर्व महसूस कराया। यह मेरे लिए हमेशा यादगार दिन रहेगा। मुझे गांव की बहुत याद आती रही, रात भर सेवा में रहते हुए गांव के खेत खलियान भी याद आया करते थे।

बच्चों और युवाओं ने भी उन्हें फूलों की मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। ग्रामीणों ने मंगल शुभकामनाएं देते हुए मिठाई खिलाकर गुलदस्ते देखकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने सीएचसी का दौरा किया

समाज जागरण

बड़ौत। राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने बड़ौत के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया और मरीजों से बातचीत की। मंत्री जसवंत सैनी ने इमरजेंसी कक्ष, औषधि वितरण कक्ष, ओपीडी कक्ष, लेबर रूम, बी बी सी और बी बी लैब का दौरा किया। उन्होंने विभिन्न विभागों से चल रही व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और मरीजों से उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना।

मरीजों ने बताया कि उन्हें सभी स्वास्थ्य सुविधाएं समय पर और सुचारू रूप से मिल रही हैं। मंत्री जसवंत सैनी ने स्वास्थ्य केंद्र की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा

कि नागरिकों को गुणवत्तापूर्वक स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी ने मंत्री जसवंत सैनी का पुष्प गुच्छा भेंट कर स्वागत किया। सीएससी अधीक्षक डॉक्टर विजय कुमार ने भी फूलों की मालाओं से स्वागत किया। जिला अध्यक्ष नीरज शर्मा का भी स्वागत किया गया। इस मौके पर मीडिया प्रभारी पवन शर्मा, जिला महामंत्री विजेंद्र शर्मा, एडवोकेट भाजपा नेता रविंद्र आर्य, सचिन मलिक, फार्मासिस्ट अध्यक्ष ओमवीर मलिक, धर्मेंद्र कुमार, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

सपा सांसद नरेश उत्तम पटेल का बयान

2027 में सपा की सरकार बनेगी, अखिलेश यादव होंगे सीएम

समाज जागरण बड़ौत।

बड़ौत में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव राजपाल शर्मा के प्रतिष्ठान पर प्रेस वार्ता करते हुए सपा सांसद नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री होंगे। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा

कि महंगाई चरम पर है, किसानों का बकाया गन्ना भुगतान समय पर नहीं हो रहा है, और हर वर्ग परेशान है । नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार में मजदूर भी परेशानी में है, और मनरेगा को खत्म करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि गैस की कालाबाजारी हो रही है, और सिलेंडर लेने के लिए लोगों को लाइन में लगना पड़ता है।नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों, मजदूरों, व्यापारियों और गरीबों के साथ खड़ी है, और आने वाले चुनाव में भाजपा को करारा जवाब देगी।

डॉ अदिति, पूजा चौहान और तिलक बने नॉर्थ इंडिया आइकॉनिक विनर

समाज जागरण बागपत।

रॉयल पार्क रिसॉर्ट में नॉर्थ इंडिया आइकॉनिक फैशन शो सीजन-2 का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें देशभर से आए उभरते और प्रोफेशनल मॉडल्स ने रैंप पर अपने हुनर और आत्मविश्वास का प्रभाव शाली प्रदर्शन किया। इस मेगा इवेंट का आयोजन प्रीति अरोड़ा एंटरटे नमेंट द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान मॉडलिंग वर्कशॉप, फैशन शो, प्रोफेशनल फोटोशूट, नेटवर्किंग सेशन और मॉडलिंग प्रतियोगिता जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं, जिन्होंने प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा निखारने का बेहतरीन मंच प्रदान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुरेंद्र वर्मा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में राजबीर सिंह भारतीय, पंचकूला जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, डॉ सुनील बेनीवाल, सुमित गुप्ता, अमरजीत सिंह , अनीकेत, सरोज बाला, अवतार सिंह कल्सिया, स्वरणजीत कौर, कश्मीर कौर, योगिंदर अग्रवाल, जगजीत कालोन, प्रदीप सिंह हैप्प, गुरप्रीत कौर, सविता प्रींजा, बाबा सुखबीर सिंह, राजिंदर बजाज, अल्फाज सिंह तथा कलाकार सपना, माही और मनीषा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इवेंट को सफल बनाने में वरुण गुप्ता (हंगरू) एवं हंगरू

फ्रेंचाइजी ओनर साहिल ने अहम भूमिका निभाई, जबकि दिनेश सरदाना ने भी सहयोग प्रदान किया। मीडिया कवरेज में हरियाणा न्यूज फ्लैश के एडिटर रमेश गिल्होत्रा और परख न्यूज चैनल की चीफ एडिटर सना का विशेष योगदान रहा। इस इवेंट की खास आकर्षण डॉ अदिति बंसल रहीं, जिन्होंने मिस कैटेगरी में विजेता का खिताब हासिल कर अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास से सभी को प्रभावित किया। प्रतियोगिता के परिणामों में किड्स कैटेगरी में अयानवीर विजेता रहे, जनीशा प्रथम और राव्या द्वितीय उपविजेता बनीं। सीनियर कैटेगरी में मायरा विजेता, अश्मिता सिंह प्रथम और अलीना सैनी द्वितीय उपविजेता रहीं। मिस्टर कैटेगरी में तिलक विजेता, विश्वजीत रॉय प्रथम और अर्शदीप द्वितीय उपविजेता रहे। मिस कैटेगरी में डॉ अदिति बंसल विजेता, आकांक्षा दुल्टा प्रथम और लक्ष्मी द्वितीय उपविजेता रहीं। वहीं मिसेज कैटेगरी में पूजा चौहान विजेता, लीना सुनपाल प्रथम और दीपिका मलिक द्वितीय उपविजेता रहीं। इसके अलावा अंशिका रानी और नीरज ठाकुर को शो स्टॉपर तथा शिवम को बॉयज शो स्टॉपर चुना गया। किड्स कैटेगरी में मोहिनी मित्तल शो ओपनर और जोरावर सिंह बेदी शो स्टॉपर रहे, जबकि मिसेज कैटेगरी में दीपिका बेदी शो ओपनर रहीं। कार्यक्रम के अंत में आयोजक प्रीति अरोड़ा ने सभी अतिथियों, प्रति भागियों और सहयोगियों का धन्यवाद करते हुए आभार व्यक्त किया।

लायंस क्लब अग्रवाल मंडी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का अभिनंदन

समाज जागरण बागपत।

अग्रवाल मंडी टटीरी में लायंस क्लब अग्रवाल मंडी मंडल 321 उ1 की साधारण सभा की बैठक में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का घोषणा किया

गया। चुनाव अधिकारी डॉक्टर रामलाल ने सर्व सम्मति से वर्ष 2026/27 के लिए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का नाम घोषित किया। भूषण गुप्ता भगत जी बालूशाही वाले अध्यक्ष, दीपक गोयल सचिव, आशुतोष मित्तल कोषाध्यक्ष सभी सदस्यों ने करताल ध्वनी से स्वागत किया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और सभी को साथ लेकर वर्ष 2026 /27 को सेवा कार्यों के माध्यम से क्लब को ऊंचाइयों पर ले जाने का भरोसा दिया।

शिशिर कुंडु का वाणिज्य कर अधिकारी के रूप में चयन

समाज जागरण बागपत।

कुंडू खाप चौधरी उ प्र, चौधरी गजेंद्र सिंह कुंडू ने बताया कि उनका भतीजा शिशिर चौधरी का चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से हुआ है और उनको वाणिज्य कर अधिकारी के रूप में प्रदेश की सेवा करने का मौका प्राप्त होगा।शिशिर चौधरी के पिताजी (मेरे बड़े भाई) मास्टर बिजेंद्र सिंह कुंडू श्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज छपरौली बागपत मे अध्यापक के रूप में कार्यरत है। शिशिर चौधरी उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रतियोगिता परीक्षा वर्ष 2024 मे प्रथम बार सम्मलित हुआ। बहुत ही गर्व व गौरव की बात है कि शिशिर चौधरी को प्रथम प्रयास में ही यह सफलता प्राप्त हुई है। शिशिर कुंडू साधारण परिवार ग्राम हेवा

जिला बागपत में जन्मे है। उन्होने प्रारंभिक शिक्षा कक्षा 12वीं तक जिला शामली सेंट फ्रांसिस पब्लिक स्कूल में की' इनके द्वारा बीएससी दिल्ली यूनिवर्सिटी से की तथा एम ए पॉलिटिकल साइंस माँ शाकुम्भरी यूनिवर्सिटी सहारनपुर से की। यूनिवर्सिटी द्वारा उन्हें गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया है। यह उपलब्धि आप सभी एवं ईश्वर के आशीर्वाद का परिणाम है। शिशिर चौधरी की उपलब्धि परिवार, ग्राम जिले में व क्षेत्र के लिए बहुत ही गौरव और गर्व का विषय है। परिवार व गांव क्षेत्र में खुशी की लहर है। इस उपलब्धि से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। सम्मानित कुंडु खाप की ओर से इस उपलब्धि के लिए व उन्हें बहुत-बहुत बधाई व शुभ कामनाएं देते है।

भक्ति के रंग में रंगा भू दृष्टि फाउंडेशन, पावन धाम यात्रा संपन्न

समाज जागरण बागपत।

भू दृष्टि फाउंडेशन द्वारा आयोजित पावन धाम यात्रा श्रद्धा, उल्लास और भक्तिपूर्ण वातावरण के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्याम भक्तों ने शिरकत की और बाबा के जयकारों के साथ समूचा वातावरण धर्ममय बना दिया। भक्त भजनों की धून पर झूमते हुए पहुंचे। यात्रा का शुभारंभ यात्रा गाड़ी पर स्वस्तिक चिन्ह बनाकर नारियल फोड़कर और गाड़ी के स्टेरिंग पर माता की चुनरी बांध कर किया गया। यात्रा के दौरान श्याम बाबा के भजनों में नाचते-गाते झूमते हुए भक्त मंडली बाबा के द्वार तक पहुँची। खाटू श्याम जी के अलौकिक दर्शन करने के पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने सालासर बालाजी महाराज के दरबार में मत्था टेका और अंत में झुंझुनूं स्थित रानी

सती दादी के दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया। पूरी यात्रा के दौरान भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। सभी श्रद्धालु स्वस्थ और सुरक्षित अपने गंतव्य को वापस लौटे। संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापिका कुसुम चौहान ने यात्रा की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कार्यकारिणी टीम की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि यात्रा को ऐतिहासिक बनाने मेंः नीरज पंवार नगर अध्यक्ष खेकड़ा, सोनू शर्मा बड़ौत, आलोक शर्मा व संजीव लाकड़ा दिल्ली का विशेष योगदान रहा।राष्ट्रीय सचिव विमला शर्मा और महिला मंडल अध्यक्ष रजनीकांता के नेतृत्व में गीता देवी, कुसुम बहन, सोनिया देवी, सीमा देवी और सुनीता देवी सहित अन्य बहनों ने व्यवस्थाएं संभालने में सराहनीय सहयोग दिया।

सीडीएस पब्लिक स्कूल में किया गया वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

समाज जागरण बागपत।

सीडीएस पब्लिक स्कूल हसनपुर मसूरी का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष जय किशोर, विशिष्ट अतिथि के रूप में सीमा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत छपरौली तथा अतिथियों के रूप में ब्रिजेश कुमार शर्मा प्रबंधक

ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल मवीकला, जयप्रकाश धामा, डॉक्टर महेंद्र सिंह धामा व डॉक्टर अनिल कुमार चौहान उपस्थित रहे। कक्षा नर्सरी से कक्षा आठ तक प्रथम पोजीशन पाने वाले छात्र विद्या शिविका लकी पलक संवि रिया अवंतिका दोनैतिक लक्षिता तनुष्का राशि बंसीलाल तथा शनि बंसल आदि छात्राओं ने अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पाने वाले छात्राओं को मुख्य अतिथियों ने सम्मानित किया तथा उन्हें शुभ आशीर्वाद दिया और जीवन में सफलता के मंत्र बताएं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संत कुमार धामा, सत्येंद्र शर्मा, ईश्वर चौधरी कविता धामा, अलका दीपा त्यागी, विकास प्रीति धामा, रितु कनिष्का आदि अध्यापक तथा सैकड़ो अभिभावक मौजूद रहे।

प्रतिभावान विद्यार्थियों को कल्याण भारती सेवा संस्थान द्वारा किया गया सम्मानित

समाज जागरण बागपत।

रॉयल पब्लिक स्कूल आजाद नगर बड़ौत के 23 वे वार्षिक कार्यक्रम में कल्याण भारती सेवा संस्थान की ओर से मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे संस्थान के प्रबंध निदेशक गोपी चन्द सैनी व संस्थान की प्रशिक्षण प्रभारी कामता राजपूत और कार्यक्रम प्रभारी चंचल शर्मा ने प्रतिभावान छात्रों को उपहार और प्रमाण पत्र के साथ अपना शुभ आशीष देकर सम्मानित किया। विद्यालय संस्थापक और निदेशक संजीव कुमार को उनके उत्कर्ष कार्य और कुशल संचालन हेतु बधाई दी गई। संस्थान के प्रबंध निदेशक गोपी चन्द सैनी ने विद्यायल परिवार को आश्वासन दिया कि छात्र कल्याण और अभिभावक गणों की अन्य सामाजिक समस्याओं के निवारण हेतु भी कल्याण भारती सेवा संस्थान का संगठन परिवार विधायक और अभिभावकों की सहायता और सहयोग हेतु तत्पर रहेगा और समय व्यवस्थानुसार संस्थान या विद्यालय

द्वारा आयोजित बाल कल्याण व अधिकार जन जागृति कार्यक्रमों में विद्यालय परिवार के साथ सामूहिक रूप से संलित रहेगा। प्रशिक्षक प्रभारी कामता राजपूत और कार्यक्रम प्रभारी चंचल शर्मा ने बच्चों में सेवा सहायता का भाव व उत्तम संस्कार गढ़ने व नारी सम्मान को लेकर संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यायल परिवार का सहयोगी बने रहने का आश्वासन दिया।

नागोया प्रोटोकॉल के अंतर्गत अनुपालन प्रमाणपत्र जारी करने में भारत वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनकर उभरा

नागोया प्रोटोकॉल ऑन एक्सेस एंड बेनिफिट-शेयरिंग (एबीएस) के तहत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त अनुपालन प्रमाणपत्र (आई आरसीसी) जारी करने में भारत वैश्विक स्तर पर अग्रणी बन गया है। विश्व स्तर पर जारी किए गए सभी प्रमाणपत्रों में से 56 प्रतिशत से अधिक प्रमाणपत्र भारत द्वारा जारी किए गए हैं। एबीएस क्लियरिंग-हाउस के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भारत ने वैश्विक स्तर पर जारी किए गए कुल 6,311 प्रमाणपत्रों में से 3,561 आईआर सीसी जारी किए हैं और यह भारत को प्रोटोकॉल के कार्यान्वयन में अन्य सभी देशों से कहीं आगे रखते हैं। पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने वाले वैश्विक मंच, एबीएस क्लियरिंग-हाउस में पंजीकृत 142 देशों में से अब तक केवल 34 देशों ने ही आईआरसीसी जारी किए हैं। भारत के बाद फ्रांस का स्थान है, जहां 964 प्रमाणपत्र जारी किए गए हैं, उसके बाद स्पेन (320), अर्जेंटीना (257), पनामा (156) और केन्या (144) का स्थान है। यह जैविक संसाधनों और/या संबंधित ज्ञान के निष्पक्ष और पारदर्शी उपयोग के प्रति भारत की मजबूत प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

नागोया प्रोटोकॉल के तहत, आनुवंशिक संसाधनों और संबंधित पारंपरिक ज्ञान तक पहुंच प्रदान करने वाले देशों को आईआरसीसी जारी करना अनिवार्य है। ये प्रमाणपत्र इस बात का आधिकारिक प्रमाण हैं कि पूर्व सूचित सहमति प्राप्त कर ली गई है और संसाधनों के उपयोगकताओं और प्रदाताओं के बीच पारस्परिक रूप से सहमत शर्तें स्थापित हो गई हैं। इसके बाद विवरण एबीएस क्लियरिंग-हाउस में अपलोड कर दिए जाते हैं। आनुवंशिक संसाधनों के उपयोग पर निगरानी रखने में अंतर्राष्ट्रीय सीमा सुरक्षा आयोग (आईआरसीसी) महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिसमें अनुसंधान और नवाचार से लेकर अंततः वाणिज्यिक अनुप्रयोगों तक सभी पहलू शामिल हैं, और यह सुनिश्चित करते हैं कि लाभ प्रदाता देश के साथ निष्पक्ष रूप से साझा किए जाएं। भारत की अग्रणी स्थिति जैव विविधता अधिनियम, 2002 के अंतर्गत जैव विविधता प्रबंधन (एबीएस) ढांचे के प्रभावी कार्यान्वयन को दर्शाती है, जिसे केंद्र स्तर पर राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण, राज्य स्तर पर राज्य जैव विविधता बोर्ड/केंद्र शासित प्रदेश जैव विविधता परिषद और स्थानीय स्तर पर जैव विविधता प्रबंधन समितियों के माध्यम से कार्यान्वित किया जाता है। सुव्यवस्थित प्रक्रियाओं और मजबूत संस्थागत तंत्रों ने आवेदनों के कुशल प्रसंस्करण को सक्षम बनाया है और अंतरराष्ट्रीय दायित्वों का अनुपालन सुनिश्चित किया है।

यह उपलब्धि वैश्विक जैव विविधता प्रबंधन में भारत की सक्रिय भूमिका और जैविक संसाधनों के उपयोग से प्राप्त लाभों के निष्पक्ष और समान वितरण को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयासों को उजागर करती है। यह जैव विविधता संरक्षण और सतत उपयोग संबंधी अंतरराष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप भी है, जिससे वैश्विक पर्यावरण समझौतों को लागू करने में भारत की अग्रणी भूमिका और मजबूत होती है

महावीर जयंती के मौके पर बडौत में हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

समाज जागरण बागपत।

महावीर जयंती के पावन अवसर पर श्री 1008 अजितनाथ दिगंबर जैन प्राचीन मंदिर मंडी बड़ौत में,मंदिर कमेटी के तत्वावधान में महावीर जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला मंडल की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई और नृत्य करते हुए भगवान महावीर के जन्म की खुशियां मनाई गई। कमेटी द्वारा भाग लेने वाले सभी

बच्चों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लकी ड्रा भी निकला गया तथा विजेताओं को उपहार दिया गया। जैन श्रद्धालुओं द्वारा भगवान महावीर को पालना झुलाकर जन्म कल्याणक महोत्सव की खुशियां मनाई गई। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में श्री अजितनाथ मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मुकेश जैन, महामंत्री प्रदीप जैन, कोषाध्यक्ष नवीन जैन, मीडिया प्रभारी वरदान जैन, उपाध्यक्ष मुकेश जैन टेंट वाले, राजकुमार जैन, सुनील जैन, अंकुर जैन, संजय जैन, सतीश भगत, अशोक जैन, अनिल जैन, विकास जैन आदि उपस्थित थे।

ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान, किसानों पर टूटी 'सफेद आफत'

एडवोकेट राकेश ओबरा ने सरकार से सर्वे व मुआवजे की उठाई मांग

समाज जागरण, जिला संवाददाता।
(महेन्द्र जावला बहल)

बहल, 31 मार्च। भिवानी जिले सहित लोहारू हल्के के अनेक गांवों में मंगलवार को हुई ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। इस संबंध में पूर्व विधायक चंद्रभान ओबरा के पड़पौत्र एडवोकेट राकेश ओबरा ने प्रेस बयान जारी कर सरकार से तुरंत राहत देने की मांग की है।

उन्होंने बताया कि गेहूं, सरसों और सब्जियों की फसलें ओलावृष्टि से बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। अचानक बदले मौसम ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। उन्होंने कहा कि बीते 9 महीनों में यह तीसरी बार है जब प्राकृतिक आपदा ने किसानों को बड़ा नुकसान पहुंचाया है।

राकेश ओबरा ने कहा कि किसानों के लिए यह दिन किसी काली रात से कम नहीं रहा। एक ओर किसान पहले से कर्ज और पिछली फसलों के नुकसान से उबरने की कोशिश कर रहा था, वहीं दूसरी ओर इस आपदा ने उसकी उम्मीदों को तोड़ दिया।

उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि किसान आज दोहरी मार झेल रहा है—एक तरफ मौसम की मार और दूसरी तरफ सरकार की उदासीनता। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकार किसानों की गंभीर स्थिति को समझने में देर कर रही है। ओबरा ने मांग की कि प्रभावित क्षेत्रों का तुरंत सर्वे कराया जाए, लंबित मुआवजा शीघ्र जारी किया जाए और किसानों को प्रति एकड़ के हिसाब से उचित आर्थिक सहायता दी जाए ताकि वे अगली फसल की तैयारी कर सकें।

कालांवाली में भगवान महावीर स्वामी का 2625वां जन्म कल्याणक धूमधाम से मनाया गया

समाज जागरण

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2625वां जन्म कल्याणक कालांवाली में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर नगर में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान एसएस जैन सभा के प्रधान संदीप जैन ने भगवान महावीर स्वामी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म एक राज परिवार में हुआ था, लेकिन उन्होंने सांसारिक वैभव को त्यागकर संयम, त्याग और अहिंसा का मार्ग अपनाया। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर के सिद्धांत आज भी समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने आगे भगवान महावीर की प्रमुख शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अहिंसा (किसी भी जीव को कष्ट न पहुंचाना), सत्य (सत्य बोलना), अस्तेय (चोरी न करना), ब्रह्मचर्य (इंद्रियों पर नियंत्रण) और अपरिग्रह (अधिक संग्रह न करना) उनके जीवन के मूल सिद्धांत थे। इन शिक्षाओं को अपनाकर व्यक्ति न केवल अपना जीवन सफल बना सकता है, बल्कि समाज में शांति, सद्भाव और भाईचारा भी स्थापित कर सकता है। जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में कालांवाली में सेवा कार्य भी किए गए। इस अवसर पर गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को बिस्किट और मीठे चावल वितरित किए गए, जिससे समाज में सेवा और करुणा का संदेश प्रसारित हुआ।

सुबह 5 बजे कालांवाली मंडी से प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन करते हुए नगर का भ्रमण किया और वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

इस अवसर पर जिला आढ़ती संगठन के प्रधान प्रदीप जैन, पूर्व पार्षद लवलीन जैन, संजय जैन, जैन सभा के सचिव, कोषाध्यक्ष, उपप्रधान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन भगवान महावीर के संदेशों को अपनाने और उनके बताए मार्ग पर चलने के संकल्प के साथ हुआ। इस मौके पर राजेन्द्र जैन राकेश जैन नरेश गर्ग जैन हर्ष जैन शम्मी जैन पारस जैन पवन जैन मंगत राम जैन लवलेश जैन आदि मौजूद थे

अप्रैल में बारिश की बौछार के साथ गर्मी का प्रहार भी!

IMD ने जारी किया अगले महीने का मिला-जुला अपडेट

समाज जागरण

देश के कई हिस्सों में अप्रैल के दौरान तापमान सामान्य या इससे कम रह सकता है और बारिश सामान्य से अधिक होने की संभावना है। मौसम विभाग ने मंगलवार को अप्रैल महीने के लिए मौसम का पूवार्नुमान जारी करते हुए कहा कि इस माह अधिकतम तापमान सामान्य या इससे कम रह सकता है, जबकि वर्षा सामान्य से 112 प्रतिशत दीर्घावधि के औसत (एलपीए) से अधिक होने की उम्मीद है।

इसमें यह भी कहा गया है कि अधिकांश मौसम मॉडल जून के बाद शुरू होने वाले मॉनसून सीजन के दौरान अल नीनो प्रभाव का संकेत दे रहे हैं। मौसम विभाग ने हालांकि यह नहीं बताया कि अल नीनो का भारतीय मॉनसून पर प्रभाव पड़ेगा या नहीं। उसने कहा कि इस बारे में अप्रैल के मध्य में वार्षिक मॉनसून पूवार्नुमान के दौरान विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी।

मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा, ह्यमॉनसून किसी एक कारक पर निर्भर नहीं करता, बल्कि यह क्रमवार घटनाओं से प्रभावित होकर अपनी राह बनाता है। उन्होंने कहा कि मॉडल संकेत दे रहे हैं कि मॉनसून को प्रभावित करने वाला कारक भारतीय महासागर द्विध्रुव आधे सीजन के बाद सकारात्मक रहने की उम्मीद है। इस बीच, यदि उत्तरी और मध्य भारत में अप्रैल सामान्य से अधिक नम और ठंडा रहा, तो यह देर से बोई गई रबी फसलों को प्रभावित कर सकता है। मौसम विभाग ने यह भी कहा कि पूर्व, मध्य और उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों के साथ-साथ दक्षिण-पूर्वी प्रायद्वीप में अप्रैल और जून के बीच सामान्य से अधिक लू चल सकती हैं। गर्मी सीजन के इन महीनों के दौरान देश के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य या इससे कम रहने की उम्मीद है। पूर्व और पूर्वोत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों और मध्य भारत के पूर्वी हिस्सों समेत आसपास के प्रायद्वीपीय क्षेत्रों में तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। देश के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रह सकता है।

रूस बना संकटमोचक! मार्च में 9 महीने के उच्चतम स्तर पर रूसी तेल का आयात, होर्मुज संकट से बदला गणित

पश्चिम एशिया में तनाव और होर्मुज मार्ग बाधित होने के बीच, भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रूस से कच्चा तेल आयात रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ा दिया है

समाज जागरण

पश्चिम एशिया से तेल की आपूर्ति कमजोर होने के बीच भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात मार्च में नौ महीनों के उच्चतम स्तर 19.6 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) के स्तर पर पहुंच गया। भारत ने फरवरी में केवल 10.4 लाख बीपीडी रूसी तेल खरीदा था। समुद्री मार्गों से परिवहन पर नजर रखने वाली कंपनी केप्लर ने ये आंकड़े जारी किए हैं।

अमेरिका द्वारा समुद्र में फंसे रूसी कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों को खरीदने के लिए देशों को 30 दिनों की छूट देने के बाद भारतीय तेल शोधन (रिफाइनरी) कंपनियों ने मार्च में रूस से कच्चे तेल की खरीद बढ़ा दी। यह छूट 11 अप्रैल तक जारी रहेगी। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत और अमेरिका तथा यूरोपीय संघ (ईयू) द्वारा रूस पर लगाए गए विभिन्न प्रतिबंधों के कारण भारत ने दिसंबर 2025 से रूस से कच्चे तेल की खरीद कम कर दी थी।

फरवरी में अमेरिका ने भारत के साथ एक व्यापार समझौता किया और रूस से तेल खरीदने पर लगने वाला 25 प्रतिशत जुमार्ना हटा दिया। राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने दावा किया कि भारत ने रूस से तेल की खरीदारी पूरी तरह रोकने पर सहमति जताई है।

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण वैश्विक आपूर्ति सीमित होने से भारतीय तेल शोधक कंपनियां घरेलू ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए रूस से तेल पर अत्यधिक निर्भर हैं। भारतीय तेल कंपनियां वर्तमान में रूस से तेल खरीदने के लिए लगभग 6-7 डॉलर प्रति बैरल अधिक रकम (प्रीमियम) चुका रही हैं जबकि युद्ध से पहले 8-10 डॉलर प्रति बैरल की छूट मिलती थी।

भारत कच्चे तेल का एक प्रमुख उपभोक्ता है और बढ़ती घरेलू मांग लेकिन स्थिर स्थानीय उत्पादन के बीच आयात पर इसकी निर्भरता 90 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

इस बीच, मार्च में ईरान द्वारा होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही रोकने के कारण इराक, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे पश्चिम एशियाई देशों से भारत को कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित हुई। होर्मुज स्ट्रेट एक महत्त्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। भारत अपने कच्चे तेल आयात का लगभग 40 प्रतिशत होर्मुज स्ट्रेट से प्राप्त करता है।

केप्लर के आंकड़ों के अनुसार इराक से भारत का कच्चा तेल आयात 30 मार्च तक लगभग 75 प्रतिशत घटकर 2,40,000 बैरल प्रति दिन रह गया जबकि पिछले महीने यह 9,69,000 बैरल प्रति दिन था। सऊदी अरब से तेल आपूर्ति में भी 43 प्रतिशत की गिरावट आई मगर अगर मार्च में अब तक यह 576,000 बैरल प्रति दिन पर स्थिर रही जबकि फरवरी में आयात 10.1 लाख बैरल प्रतिदिन था। पेट्रोलियम उत्पादों के निरंतर निर्यात के लिए सऊदी अरब ने होर्मुज स्ट्रेट को दरकिनार करते हुए अपनी पूर्व-पश्चिम पाइपलाइन के माध्यम से तेल निर्यात बढ़ा दिया है।

यूएई से भारत की कच्चा तेल आपूर्ति मार्च में घटकर 2,07,000 बैरल प्रति दिन रह गई जबकि फरवरी में यह 5,54,000 बैरल प्रतिदिन थी। भारत ने अंगोला से कच्चे तेल का आयात लगभग तीन गुना बढ़ाकर 3,33,000 बैरल प्रतिदिन कर दिया जबकि मार्च में अमेरिका से आपूर्ति मामूली रूप से घटकर 1,67,000 बैरल प्रति दिन रह गई। भारत का कुल कच्चा तेल आयात मार्च में घटकर 44.5 लाख बैरल प्रति दिन रह गया, जो फरवरी में 51.7 लाख बैरल प्रति दिन था।

रुपये में आएगी ऐतिहासिक गिरावट? 97 के स्तर को छू सकता है भारतीय मुद्रा, सर्वे में डराने वाले संकेत

पश्चिम एशिया संकट और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण रुपया 97 प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर तक गिर सकता है, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ेगा

समाज जागरण

बिजनेस स्टैंडर्ड द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार पश्चिम एशिया में संघर्ष जारी रहने की स्थिति में रुपया 97 प्रति डॉलर के स्तर को छू सकता है। इस सर्वेक्षण में शामिल 10 प्रतिभागियों में अधिकतर का मानना था कि जून के आखिर तक रुपया कुछ संभलकर 96 प्रति डॉलर पर वापस आ जाएगा।

रुपये के लिए वित्त वर्ष 2025-26 वास्तव में 2011-12 के बाद का सबसे खराब वर्ष रहा। इस दौरान विदेशी निवेश समेटे जाने के कारण रुपये में 9.85 फीसदी की गिरावट आई। मार्च में कच्चे तेल की कीमतों में उबाल ने इस संकट को और गहरा कर दिया।

मार्च में डॉलर के मुकाबले रुपया 4 फीसदी से अधिक कमजोर हुआ। रिजर्व बैंक द्वारा डॉलर की बिक्री किए जाने के बाद पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 95 प्रति डॉलर के स्तर को पार करने के बाद 94.81 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

बार्कलेज ने एक रिपोर्ट में कहा, हमारे नए पूवार्नुमानों से पता चलता है कि रुपया लगातार कमजोर होता रहेगा और वह 2027 की पहली तिमाही के अंत तक 97.4 प्रति डॉलर तक पहुंच जाएगा।

रिपोर्ट में कहा गया है, रुपया तेल आपूर्ति के झटके के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील बना हुआ है जबकि भारत के भुगतान संतुलन की स्थिति और बिगड़ सकती है। ऐसे में पूंजी एवं वित्तीय खातों पर दबाव बढ़ रहा है। आयातकों द्वारा डॉलर की खरीद में भी वृद्धि होने की संभावना है जो निर्यातकों द्वारा डॉलर की बिक्री को पीछे छोड़ सकती है।

वित्त वर्ष 2026 में भुगतान संतुलन का घाटा 35 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। पूंजी निकासी व चालू खाते का घाटा बढ़ने से अगले वित्त वर्ष में भुगतान संतुलन का घाटा और बढ़ सकता है।

प्रतिभागियों ने कहा कि वैश्विक मौद्रिक परिदृश्य में सख्ती बरकरार रहने के आसार हैं। प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में दरों में कोई महत्त्वपूर्ण कटौती की उम्मीद नहीं है। ऐसे में उभरते बाजार की मुद्राओं पर दबाव बरकरार रहेगा।

उधर आपूर्ति संबंधी व्यवधान के कारण कच्चे तेल की कीमतों के पिछले निचले स्तर यानी 70 से 75 डॉलर प्रति बैरल पर लौटने की

संभावना नहीं है। ऐसे में अगली कुछ तिमाहियों में मुद्रास्फीति बढ़ने और शेयर बाजारों पर दबाव पड़ने की आशंका है। बढ़ती मुद्रास्फीति और भू-राजनीतिक तनाव के कारण गिरावट दिख सकती है जिससे विदेशी पूंजी की निकासी को रफ्तार मिलेगी।

हालांकि रुपये में सितंबर के आसपास कुछ समय के लिए मजबूती दिख सकती है। उसे मुख्य तौर पर वैश्विक तनाव में संभावित नरमी और प्रमुख भू-राजनीतिक घटनाओं से पहले निवेशक धारणा में सुधार से बल मिलेगा। मगर व्यापक रुझान गिरावट का ही रहेगा क्योंकि वैश्विक जोखिमों में तत्काल सुधार होने की संभावना नहीं है।

आईएफए ग्लोबल के संस्थापक और सीईओ अभिषेक गोयनका ने कहा, ह्यचालू एवं पूंजी खाते के लिहाज से रुपये में कुछ गिरावट जारी रहने के आसार हैं। मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति बेहद अनिश्चित है और जब तक ईंधन की कीमतों में तेजी बरकरार रहेगी, तब तक रुपये पर दबाव बरकरार रहेगा। भले ही स्थिति शांत हो जाए लेकिन रुपये में तेजी या भारी उलटफेर के आसार नहीं दिख रहे हैं।

गोयनका ने कहा, ह्यआरबीआई एक मजबूत आधार बनाने के लिए दखल दे सकता है। इससे भारत में निवेश करने के इच्छुक लोगों को निवेश का अच्छा अवसर मिलेगा। इससे खोए हुए मुद्रा भंडार को तेजी से वापस हासिल करने और बाहरी स्थिति को मजबूत करने में मदद मिलेगी। मार्च के पहले तीन सप्ताहों के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 30 अरब डॉलर घट गया। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के समय से ही इसमें गिरावट दर्ज की जा रही है। रिजर्व बैंक द्वारा बैंकों की विदेशी मुद्रा स्थिति पर लगाई गई सीमा से रुपये पर पड़ रहे अंदरूनी दबाव को कम करने में ज्यादा मदद नहीं मिली है। इस कदम से मिली शुरूआती राहत भी तेजी से खत्म हो गई। बाजार के जानकारों का कहना है कि नेट ओपन पोजिशन के बारे में जारी निर्देश के कुछ ऐसे नतीजे भी सामने आ सकते हैं जिनकी उम्मीद नहीं थी। केंद्रीय बैंक ने शुक्रवार को जारी एक निर्देश में बैंकों की दैनिक ह्यनेट ओपन फॉरेक्स पोजीशनह्ण की सीमा 10 करोड़ डॉलर तय कर दी है। यह नियम 10 अप्रैल तक लागू हो जाएगा और इसके साथ ही बैंकों की पूंजी से जुड़ी पिछली आंतरिक सीमाएं समाप्त हो जाएंगी।

ओजेम्पिक-वेगोवी होगी सस्ती: नोवो नॉर्डिस्क ने कीमतों में की 48% तक की कटौती, मरीजों को बड़ा फायदा

नोवो नॉर्डिस्क ने भारत में ओजेम्पिक और वेगोवी इंजेक्शन की कीमतों में 48% तक की कटौती की है, ताकि जेनेरिक दवाओं के बढ़ते मुकाबले के बीच अपनी पकड़ मजबूत कर सके

समाज जागरण

डेनमार्क की दवा निमार्ता नोवो नॉर्डिस्क ने सोमवार को अपनी इंजेक्शन वाली दवा ओजेम्पिक की कीमतों में 36 फीसदी और वेगोवी की कीमतों में 48 फीसदी की कटौती करने की घोषणा की। कंपनी के शीर्ष अधिकारियों ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया कि खाने वाला सेमाग्लूटाइड दवा ब्रांड रेबेल्सस इस दायरे से बाहर होगा।

नोवो नॉर्डिस्क इंडिया के प्रबंध निदेशक विक्रांत श्रोत्रिय ने कहा, हमने मुख्य रूप से इंजेक्शन वाली दवाओं की कीमतों में कटौती की है क्योंकि हमें उनकी स्वीकार्यता काफी अच्छी दिखी है। हम चाहते हैं कि ये दवाएं ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे।

कीमतों में कटौती के बाद ओजेम्पिक और वेगोवी की 0.25 मिलीग्राम (एमजी) की खुराक अब मासिक 5,660 रुपये में उपलब्ध होगी। पहले ओजेम्पिक की मासिक कीमत 8,800 रुपये और वेगोवी की मासिक कीमत 10,848 रुपये थी। ओजेम्पिक भारत में तीन तरह की खुराकों यानी 0.25 एमजी, 0.5 एमजी और 1 एमजी में उपलब्ध है। इनकी कीमत पहले 8,800 रुपये से 11,175 रुपये के बीच थी। अब यह दवा औसतन 23.8 फीसदी की गिरावट के साथ 5,660 रुपये से 9,100 रुपये की कीमत दायरे में उपलब्ध होगी।

वेगोवी भारतीय बाजार में 5 तरह की खुराकों में 10,850 रुपये से 16,400 रुपये की कीमत दायरे में उपलब्ध थी। मगर अब इसकी कीमत घटकर 5,660 रुपये से 16,400 रुपये तक हो गई है। इस प्रकार कीमत में औसतन 27 फीसदी की कटौती की गई है।

ओजेम्पिक को मधुमेह के उपचार के लिए और वेगोवी को मोटापा घटाने एवं वजन कम करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इन दवाओं की कीमतों में कटौती ऐसे समय में की गई है जब कई भारतीय दवा निमार्ताओं ने सेमाग्लूटाइड के जेनेरिक संस्करण लॉन्च किए हैं जिससे दवा की लागत 90 फीसदी तक कम हो गई है।

भारतीय बाजार में अब तक करीब 17 जेनेरिक सेमाग्लूटाइड लॉन्च किए जा चुके हैं। ये दवाएं विभिन्न रूपों में यानी बार-बार इस्तेमाल किए जाने वाले पेन, खास खुराक की शीशियों और खाने वाली गोलियों के रूप में उतारी गई हैं।

नोवो द्वारा की गई कटौती के बाद इन दोनों दवाओं की कीमत सन फार्मा, नैटको फार्मा और डॉ रेड्डीज द्वारा उतारी गई जेनेरिक दवाओं की कीमतों के बराबर हो गई है।

सन फार्मा ने सेमाट्रिनिटी (मधुमेह) दवा को दो रूपों में 3,000 रुपये से 5,200 रुपये प्रति माह की कीमत पर उतारा है। इसी प्रकार नोवेलट्रीट (वजन घटाने की) को 5 खुराक रूपों में 3,600 रुपये से 8,000 रुपये प्रति माह की कीमत के साथ उतारा गया है।

नैटको फार्मा ने अपने सेमाग्लूटाइड जेनेरिक दवा का पेन रूप 4,000 रुपये से 4,500 रुपये प्रति माह की कीमत पर उतारा है। डॉ रेड्डीज ने मधुमेह के लिए ओबेडा नाम से इंजेक्शन वाली दवा को पेन रूप में पेश किया है। इसकी कीमत 4,200 रुपये प्रति माह है।

श्रोत्रिय ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य टाइप 2 मधुमेह, अधिक वजन और मोटापे से ग्रस्त भारत के अधिक से अधिक लोगों के लिए उपचार को सस्ता बनाना है। उन्होंने कहा कि 20 मार्च को पेटेंट समाप्त होने से पहले से ही इस पर विचार किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि भारत में मोटापे और मधुमेह से पीड़ित लोगों की बड़ी तादाद को देखते हुए कीमतों को कम करने से पहुंच का विस्तार होता है। दिलचस्प बात यह है कि नोवो नॉर्डिस्क ने पहले बिजनेस स्टैंडर्ड को संकेत दिया था कि वह इस मॉलिक्यूल के लिए कीमत की दौड़ में शामिल नहीं होना चाहती है।

श्रोत्रिय ने आज कहा, हम एक विकसित हो रहे बाजार के अनुकूल हो रहे हैं ताकि नवाचार से जुड़े उच्च मानकों को बनाए रखते हुए अधिक सार्थक तरीके से पहुंच का विस्तार किया जा सके।

ईरान पर अंतिम प्रहार की तैयारी? अमेरिकी रक्षा मंत्री बोले: युद्ध में अगले कुछ दिन होंगे निर्णायक

ईरान और अमेरिका के बीच तनाव चरम पर है। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने आने वाले दिनों को निर्णायक बताते हुए ईरान को भीषण हमलों की चेतावनी दी है

समाज जागरण

ईरान युद्ध के बीच अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने मंगलवार को कहा कि ईरान के खिलाफ युद्ध में अगले कुछ दिन निर्णायक होंगे। हेगसेथ ने तेहरान को चेतावनी दी कि अगर उसने अमेरिका के समझौता नहीं किया तो उस पर हमले और तेज हो जाएंगे।

हेगसेथ ने यह चेतावनी ईरान द्वारा दुबई के तट पर तेल से भरे एक टैंकर को आग लगाने के कुछ घंटों बाद जारी की। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमले के बाद से खाड़ी या होर्मुज जलडमरूमध्य (स्ट्रेट) में वाणिज्यिक जहाजों पर यह ईरान का ताजातरीन हमला था।

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने सोमवार को ईरान के ऊर्जा संयंत्रों को नष्ट करने की धमकी दी थी। ट्रंप ने कहा था कि अगर ईरान शांति समझौते पर सहमत नहीं होता और होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही बहाल नहीं देगा तो इसके गंभीर परिणाम होंगे।

ट्रंप ने मंगलवार को फ्रांस, ब्रिटेन सहित उन देशों की आलोचना की जिन्होंने ईरान के साथ युद्ध में अमेरिका का साथ नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि उन्हें होर्मुज स्ट्रेट पर कब्जा करने और अपना तेल प्राप्त करने के लिए कुछ साहस दिखाना चाहिए। सूत्रों ने रॉयटर्स को बताया कि फ्रांस ने युद्ध में उपयोग के लिए अमेरिकी हथियारों के परिवहन के लिए अपने हवाई क्षेत्र का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी थी।

हेगसेथ ने कहा कि उन्होंने शनिवार को पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैनिकों से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि ट्रंप समझौता करने को तैयार हैं और बातचीत जारी है और यह तेजी से आगे बढ़ रही है मगर ईरान समझौता करने से पीछे हटेगा तो अमेरिका युद्ध जारी रखने के लिए तैयार है। हेगसेथ ने वॉशिंगटन में कहा, ह्यहमारे पास विकल्प बढ़ते जा रहे हैं और ईरान के सामने विकल्प सीमित हैं। सिर्फ एक महीने में हमने शर्तें तय कर दीं, आने वाले दिन निर्णायक होंगे। ईरान यह जानता है और सैन्य मोर्चे पर वह कुछ करने की स्थिति में नहीं हैं।

मध्यस्थता के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयास

अमेरिकी सेना में ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डैन केन ने वॉशिंगटन में पत्रकारों को बताया कि अमेरिका ईरान की क्षमताओं को लगातार कमजोर और नष्ट कर रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना प्रमुख विनिर्माण और अनुसंधान स्थलों पर लगातार हमले कर रही है और 150 से अधिक ईरानी नौसैनिक जहाजों को नष्ट कर चुकी है। रक्षा मंत्री हेगसेथ ने कहा कि अमेरिकी हमलों के कारण ईरान में बड़े पैमाने पर पलायन हो रहा है।

दो अमेरिकी अधिकारियों ने सोमवार को रॉयटर्स को बताया कि अमेरिकी सेना की विशिष्ट 82वीं एयरबोर्न डिवीजन के हजारों सैनिक मध्य पूर्व में पहुंचने लगे हैं।

इन अतिरिक्त सैनिकों के आने से ईरान पर जमीनी हमला करने के विकल्प भी बढ़ सकते हैं। हमलों में कमी के कोई संकेत न दिखने के कारण पाकिस्तान युद्ध में मध्यस्थता करने की कोशिश कर रहा है।

पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार मंगलवार को तुर्किये, मिस्र और सऊदी अरब के साथ वार्ता की मेजबानी के बाद चीन की यात्रा के दौरान इस संघर्ष पर चर्चा करने वाले थे। पिछले एक महीने से अमेरिका और इजरायल के भारी हमलों के बावजूद ईरान का रुख अड़ा हुआ है। उसे मध्यस्थों के माध्यम से अमेरिका से शांति प्रस्ताव मिले हैं मगर उसके विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सोमवार को कहा कि वे अवास्तविक, अतार्किक और अत्यधिक हैं। शांति समझौते में विफलता के कारण यूरोपीय संघ के ऊर्जा प्रमुख ने सदस्य देशों को ऊर्जा बाजारों में लंबे समय तक व्यवधान के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी है।

तेल और ईंधन की बढ़ती कीमतों का असर अमेरिकी परिवारों की आर्थिक स्थिति पर भी पड़ने लगा है। गैस बडी नामक मूल्य-ट्रैकिंग सेवा के आंकड़ों के अनुसार सोमवार को अमेरिका में गैसोलीन की राष्ट्रीय औसत खुदरा कीमत तीन साल से अधिक समय में पहली बार 4 डॉलर प्रति गैलन से ऊपर पहुंच गई।

नए हमले

युद्ध का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने इजरायल पर गोलीबारी की है और एक तरह से इस युद्ध में शामिल हो गए हैं। तुर्किये ने सोमवार को बताया कि ईरान से दागी गई एक बैलिस्टिक मिसाइल तुर्की के हवाई क्षेत्र में घुस गई थी जिसे बाद में मार गिराया गया। इस युद्ध ने इजरायल और ईरान समर्थित लेबनान के हिज्बुल्लाह के बीच संघर्ष को भी फिर से हवा दे दी है।

इजरायली सेना ने मंगलवार को कहा कि उसने खुफिया मार्गदर्शन में तेहरान में बैलिस्टिक मिसाइल के वॉरहेड कारखाने, हथियार अनुसंधान स्थलों और मिसाइल प्रक्षेपण प्रणालियों को निशाना बनाते हुए रात भर हवाई हमले किए। उसने कहा कि दक्षिणी लेबनान में उसके चार सैनिक मारे गए हैं, जहां दो अलग-अलग घटनाओं में इंडोनेशिया के तीन संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों की मौत हो गई है।

एथनॉल का 'पावर डोज' फिर भी तेल आयात में तेजी: क्या पेट्रोल में मिश्रण से कम होगी विदेशी निर्भरता?

समाज जागरण

पश्चिम एशिया युद्ध से उपजे ऊर्जा संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने के लिए एथनॉल को बेहतरीन वैकल्पिक रणनीति बताया है। पिछले कुछ समय से इस दिशा में काफी तेज प्रगति भी हुई है। भारत ने 2026-27 वित्त वर्ष तक 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है और यह काम निर्धारित समय से पांच साल पहले पूरा हो गया है।

1 अप्रैल, 2026 से देशभर के पेट्रोल पंपों पर ई20 ईंधन की आपूर्ति शुरू हो जाएगी यानी पेट्रोल में 20 प्रतिशत तक एथनॉल मिश्रित होगा और इसे 95 रिसर्च ऑक्टेन नंबर (आरओएन) के रूप में चिह्नित किया जाएगा। इसका मतलब है कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर लागू हो जाएगा, लेकिन सवाल उठ रहा है कि क्या इससे हमारे तेल आयात में कमी आ पाएगी?

एथनॉल मिश्रण 2018-19 में 191.21 करोड़ लीटर से बढ़कर 2024-25 में 1,022.8 करोड़ लीटर हो गया है। इस प्रक्रिया में 2020-21 के बाद तेज वृद्धि हुई है, जिससे तय समय से पहले ही 2026-27 वित्त वर्ष तक 20 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है।

भट्ठा संचालकों प्रतिनिधि मंडल पर्यावरण मंत्री से की मुलाकात

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी।। ईंट निमार्ता संघ वाराणसी मंडल के वर्तमान अध्यक्ष हरिशंकर सिंह मुन्ना के नेतृत्व में वाराणसी जिले के पदाधिकारी का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को वन व पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण सक्सेना से सर्किट हाउस मिलकर अपनी समस्याओं को रखा।उन्होंने ईंट भट्ठा संघ के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि ईंट भट्ठे बंद नहीं होंगे, क्योंकि ईट

भट्ठों पर गरीब ,असहाय लोगों को भट्ठा संचालको के द्वारा मजदूरों को रोजगार दिया गया है। सरकार भी रोजगार के प्रति अग्रेषित है इस वजह से किसी के भी ईंट भट्ठे बंद नहीं किये जाएंगे। और पुलिस प्रशासन के द्वारा भट्ठा संचालकों को कहीं से प्रताड़ित नहीं करेंगे। प्रदेश सरकार नया नीति लागू कर जल्द ही प्रदूषण का लाइसेंस जारी करायेगी।आप लोग घबराइये नहीं सरकार भी इस विषय पर मंथन कर रही है। मंत्री ने कहा कि बनारस माननीय प्रधानमंत्री जी का क्षेत्र है यहां पर किसी भट्ठा संचालक का उत्पीड़न कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा ।

प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष हरिशंकर सिंह मुन्ना , पंकज सिंह,राहुल सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, हरिओम सिंह, अजीत सिंह,बब्बू सिंह,लालजी यादव ,मंजू यादव ,चंदन सिंह ,शंभू यादव, सुनील यादव, ओमप्रकाश ,संजय सिंह, हीरालाल ,शिवम चौबे ,बच्चा राम यादव,सिद्धू सिंह, उपदेश यादव,रिंकू पांडेय,प्रियांशु, पियाजू गुरु, आलोक पांडेय सहित तमाम लोग शामिल है।

गैस एजेंसी पर ग्राहक से मारपीट, मोबाइल तोड़ा

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। शहर में गैस सिलेंडर की किल्लत के बीच आसफाबाद चौराहा स्थित एक गैस एजेंसी पर मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ग्राहक के साथ हुई अभद्रता और मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

बताया जा रहा है कि करीब दो दिन पहले एक ग्राहक गैस सिलेंडर लेने

एजेंसी पर पहुंचा था। इस दौरान उसने अपनी बुकिंग रसीद पर मुहर लगाने की मांग की, जिस पर एजेंसी कर्मचारियों से उसकी कहासुनी हो गई।

देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि एजेंसी कर्मचारियों ने ग्राहक के साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि कर्मचारी ने ग्राहक को थप्पड़ मारा और उसका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया।

घटना के दौरान मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने पूरे विवाद का वीडियो अपने मोबाइल में कैद कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

पीड़ित ग्राहक का कहना है कि उसने सिर्फ रसीद पर मुहर लगाने की बात कही थी, लेकिन इसके बावजूद उसके साथ बदसलूकी की गई। वहीं एजेंसी संचालक, जिन्हें एक वरिष्ठ भाजपा नेता से जुड़ा बताया जा रहा है, का कहना है कि आजकल अधिकतर काम ऑनलाइन और मोबाइल के माध्यम से हो रहे हैं, इसके बावजूद लोग एजेंसी पर भीड़ लगाकर सिलेंडर की मांग करते हैं।

सूत्रों के अनुसार, विवाद के दौरान युवक एजेंसी कर्मचारियों की वीडियो बना रहा था, जिससे कर्मचारी नाराज हो गए और मामला और बढ़ गया।

7 साल पुराने पॉक्सो केस में बड़ा फैसला

5 दोषियों को 20-20 साल का कठोर कारावास, 43-43 हजार रुपए जुमार्ना भी लगा

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत एक महत्वपूर्ण फैसला आया है। जनपद के थाना नसीरपुर में वर्ष 2019 में दर्ज पॉक्सो मामले में कोर्ट ने पांच अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए कड़ी सजा सुनाई है।

पॉक्सो-03 फिरोजाबाद के न्यायाधीश राजीव सिंह ने सुनवाई के बाद यह फैसला सुनाया। मुख्य आरोपी प्रमोद कुमार और किशन को 20-20 वर्ष के कठोर

कारावास और 43-43 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

प्रेम उर्फ प्रेमवती को 20 वर्ष का कारावास और 39 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। वहीं, रिंकू और पंकज को 10-10 वर्ष के कारावास के साथ 9-9 हजार रुपये का अर्थदंड भी दिया गया है।

यह मामला 20 जुलाई 2019 को थाना नसीरपुर में दर्ज किया गया था। इसमें अपहरण, दुष्कर्म, मानव तस्करी और पॉक्सो एक्ट जैसी गंभीर धाराएं लगाई गई थीं। पुलिस ने जांच के दौरान साक्ष्य एकत्र कर न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया था।

अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी, साक्ष्यों के मजबूत संकलन और पुलिस-प्रशासन की सक्रियता के कारण पीड़िता को लगभग सात साल बाद न्याय मिल सका।

इस मामले में अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता अजमोद कुमार चौहान, विवेचक उपनिरीक्षक भूपेंद्र कुमार और कोर्ट पैरोकार हेड कांस्टेबल सत्यवीर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

प्रधान दीपक चौहान ने दिल के छेद पीड़ित सुधांशु को दिलाया नवजीवन, परिजनों में खुशी

आरबीएसके टीम हरहुआ के चिकित्सकों का मेहनत रंग लाई।

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी पीएचसी हरहुआ अंतर्गत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की मेडिकल टीम नोडल मेडिकल ऑफिसर डॉ0 अब्दुल जावेद के नेतृव मे जनवरी माह मे उड़िया बाबा इंटर कालेज पहुची वहाँ सभी बच्चो का हेल्थ चेक अप हो ही रहा था की क्लास 6 का एक बच्चा जिस का नाम सुधांशु चौहान पुत्र राजकुमार चौहान और माता का नाम रातरानी निवासी अनौरा गांव का रहने वाला मिला। दिल मे छेद होने की पुष्टि डॉ0 जावेद ने करते हुए पीएचसी हरहुआ रेफर किया। सुधांशु के पिता राजकुमार बच्चे को लेकर हरहुआ पहुंचा। डॉ0 शैलेंद्र कुमार और डॉ0 अवनीश कुमार राय ने 'इको' जांच करवाई तो दिल मे छेद होने की पुष्टि हुई।

पुष्टि के बाद डॉ 0 जावेद ने सीएमओ ऑफिस से सुधांशु चौहान का फ्री ऑपरेशन हेतु पेपर बनवा कर उपलब्ध करा दिया।

जब इस की सूचना अनौरा के प्रधान दीपक चौहान को हुई तो बच्चे के घर पहुंचकर हाल पूछा, क्योंकि सुधांशु के पिता बहुत गरीब और मजदूरी करते है। दीपक चौहान ने हर स्तर से सहयोग कर और खुद मेहनत कर जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कालेज अलीगढ़ मे सफलता पूर्व ऑपरेशन करवाया। अब सुधांशु चौहान के घर मे खुशी है। अब सुधांशु सभी बच्चो के साथ खेल सकता है।

दीपक चौहान ने कहा कि गरीबो के दिल मे भगवान बसते हैं उनकी सेवा,सहयोग कर खुशहाल परिवार को देखते हुए आज सेवा धर्म कर बेहद खुश हूं। मेडिकल टीम हरहुआ की टीम व सरकार को प्रधान व परिजन ने धन्यवाद दिया।

हरहुआ टीम इस महीने दिल के छेद का दूसरा ऑपरेशन परिधि मौर्या चुप्पेपुर का सफल ऑपरेशन करवाया है। ऑपरेशन में हरहुआ की मेडिकल टीम मे डॉ 0 अब्दुल जावेद डॉ 0 शैलेंद्र कुमार डॉ 0 अरविंद कुमार डॉ 0 अवनीश कुमार राय, विनोद कुमार मौर्या रंजना कुमारी का सहयोग रहा।

आगरा में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ बबिता चौहान ने अश्वनी जैन के चयन पर व्यक्त किया हर्ष

समाज जागरण

फिरोजाबाद। संत रामकृष्ण कन्या महाविद्यालय आगरा में विज्ञान भारती के आयाम शक्ति के 23 वें स्थापना दिवस पर प्रदेश के आगरा मण्डल के जनपद फिरोजाबाद के श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में महामहिम राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए चयनित होने पर ब्रज शक्ति की प्रान्त संयोजिका डॉ सीमा गुप्ता ने उन्हें सम्मानित किया एवं राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष डॉ बबिता चौहान ने हर्ष व्यक्त किया। अश्वनी कुमार जैन को यह पुरस्कार विद्यालय में अपने विषय में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने, नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने, उसमें नवाचार करने नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज, संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, शैक्षिक भ्रमण, टी एल एम से विद्यार्थियों को अध्ययन, विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगदान, महापुरुषों की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वो पर मंच

संचालक की भूमिका का निर्वहन, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, वृक्षारोपण कार्यक्रम, सड़क सुरक्षा, मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम, आजादी का अमृत महोत्सव, विद्यार्थियों को संसद, चुनाव आदि की जानकारी एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करने के लिए दिया गया है।

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ बबिता चौहान ने उन्हें शुभकामनाएं प्रदान कीं एवं ब्रज प्रान्त की समन्यवक डॉ सीमा गुप्ता ने बताया कि अश्वनी कुमार जैन विज्ञान भारती के आजीवन सदस्य होने के साथ विद्यार्थी विज्ञान मंथन के ब्रज प्रान्त के राज्य मीडिया समन्यवक है। उनके निर्देशन में जनपद के विद्यार्थी राष्ट्रीय प्रतिभा खोज के विद्यार्थी विज्ञान मंथन के राज्य स्तरीय कैम्प में प्रतिभाग कर रहे हैं।

अश्वनी कुमार जैन ने डॉ बबिता चौहान अध्यक्ष राज्य महिला आयोग, उत्तर प्रदेश, डॉ सीमा गुप्ता, भावेंद्र जी के साथ समस्त जनप्रतिनिधियों, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि काम ही पहचान है, उनका प्रयास सदैव यह रहा है कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ प्रायोगिक और सृजनात्मक अनुभव मिल सके।

डी ए भी दयाल पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम निकला।

रिजल्ट लेने स्कूल आए अभिभावक संग विद्यार्थी।

मिंटू कुमार समाज जागरण संवाददाता हजारीबाग ।

डी ए भी दयाल पब्लिक स्कूल नगड़ी चुरचू का वार्षिक परीक्षा फल अभिभावकों को दे दी गई ।विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र प्रसाद ने बताया की विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यार्थी अपने गार्जियन के साथ विद्यालय पहुंचे और अपना रिजल्ट प्राप्त किया। जितेंद्र प्रसाद ने आगे कहा की 1 अप्रैल से नए सत्र की शुरूआत हो रही है। इस दरमियांन 1 अप्रैल से लेकर 10

अप्रैल तक विद्यार्थियों का नामांकन निशुल्क होगा। नामांकन शुल्क नहीं लिया जाएगा। अभिभावक इसका लाभ ले सकते हैं रिजल्ट को लेकर अभिभावक और बच्चों में उत्साह का वातावरण देखा गया। अच्छा रिजल्ट पाकर अभीभावक और बच्चे दोनों खुश थे

सभी दुकानदारों को बालश्रम न कराने की चेतावनी दिया गया

समाज जागरण
ओंकार नाथ चौधरी

जनपद बलरामपुर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर व अपर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर के आदेशानुसार एवं पुलिस उपाधीक्षक श्रीमती ज्योति श्री के निर्देशन मे थाना ए0एच0टी0 मय सयुंक्त टीम व चाइल्ड लेबर इंस्पेक्टर व रोजा फाउंडेशन की संयुक्त टीम द्वारा थाना कोतवाली नगर मोहल्ला चिकनी, झारखंडी रेलवे स्टेशन, मोहल्ला नई बस्ती निकट तुलसी पार्क, मोहल्ला गोविंद बाग, वीर विनय चौराहा बलरामपुर के निम्न स्थानों / प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानो, होटल, ढाबा, जलपान गृह, किराना की दुकानों आदि भीड-भाड़वाले स्थानों पर बालश्रम, बालभिक्षावृत्ति, बाल विवाह,बचपन बचाओ आन्दोलन, एक युद्ध नशे के विरुद्ध,

मिशन शक्ति फेस 5 के अंतर्गत सघन चेकिंग अभियान चलाया गया आम जनमानस को जागरूक किया एवं उपरोक्त सभी दुकानदारों को बाल श्रम न कराने की चेतावनी /निर्देश दिया गया अभियान के दौरान मौके पर मौजूद जनता को अपराधों की रोकथाम हेतु टोल फ्री नंबर वूमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन पुलिस सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 102 / 108, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930/155260 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 आदि हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई तथा हिदायत दी गई कि बाल श्रम करना व कराना दंडनीय अपराध है।

रेस्क्यू अभियान चलाकर बालश्रम से मुक्त कराया गया

बालश्रम बालविवाह मानव तस्करी महिला उत्पीडन करना एवं करवाना कानूनन अपराध है

समाज जागरण
ओंकार नाथ चौधरी

जनपद श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु जनपद स्तर पर 2026 में मिशन शक्ति फेज -05 (द्वितीय चरण) तथा बालश्रम बाल विवाह बाल तस्करी रोकने हेतु चलाये जा रहे कार्यक्रम अन्तर्गत थाना ए0एच0टी0 श्रावस्ती से प्रभारी निरीक्षक श्री लाल साहब सिंह व उ0नि0 श्री सतीश कुमार ,आरक्षी अभिषेक कुमार शाखा एसजेपीयु से म0आ0 गरिमा सिंह व श्रम प्रवर्तन अधिकारी श्री असद खान मय टीम व एनजीओ ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान श्रावस्ती से श्री प्रेम बाबू गिरी, देहात इन्डिया से श्री मो0युसुफ, श्री हंसराम, श्री सारजन वर्मा, श्री सरोज पटेल, श्री संतोष कुमार यादव, लक्ष्मी देवी, सुषमा, एक्शन एड श्री तारिक, मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान से श्री राजेश कुमार, नीति आयोग सहयोगी संस्था

एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन, मां सरस्वती बालिका शिक्षा समिति श्री श्रवण कुमार श्रीवास्तव, थाना कोतवाली भिनगा क्षेत्र अंतर्गत बालविवाह , बाल तस्करी ,बालश्रम ,बालभिक्षावृत्ति के तहत वर्कशॉप, होटल, दुकान, ढाबा आदि को चेक किया गया विभिन्न दुकानों से कुल 13 बच्चों को बालश्रम से अवमुक्त कराकर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु बाल कल्याण समिति प्रस्तुत किया गया। मिशन शक्ति अभियान के क्रम में महिलाओं एवं बच्चों को उनके अधिकारों तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे बताया गया आपातकालीन हेल्पलाइन नम्बर 1098 ,1090 ,112 ,1930 ,102,108,के बारे में बताया गया। और लोगों चेतावनी देते हुए बताया गया कि बाल श्रम बाल विवाह मानव तस्करी महिला उत्पीडन करना एवं करवाना कानूनन अपराध है पकड़े जाने पर एक लाख रुपए से दो लाख तक जुमार्ना एवं छः महीने से दो साल तक कि सजा हो सकती है बच्चे हमारे देश कि भविष्य हैं इन्हें स्कूल भेजें

वैष्णो देवी मंदिर के नेजों में लगी आग, वीडियो : दीपक की आग से हुआ हादसा, 30 मिनट तक आती रही धड़ाम-धड़ाम की आवाज

समाज जागरण

फिरोजाबाद। टूंडला थाना क्षेत्र स्थित उसायनी के प्रसिद्ध मां वैष्णो देवी मंदिर परिसर में मंगलवार को सुबह करीब 11:15 बजे आग लग गई। मंदिर पर रखे बांस के नेजों में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया और कोई जनहानि नहीं हुई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मंदिर में पूजा-अर्चना के दौरान किसी श्रद्धालु द्वारा जलाए गए दीपक से निकली लौ ने बांस के नेजों को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते आग फैलने लगी, जिससे मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं में हलचल मच गई।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। पुलिस की मुस्तैदी के कारण एक बड़ा हादसा टल गया। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि आग लगने का कारण दीपक से निकली लौ थी। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

स्थानीय लोगों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि मंदिरों में पूजा के दौरान विशेष सावधानी बरतें, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह का कहना है कि आग को समय रहते बुझा लिया गया है। किसी तरह की कोई भी जनहानि नहीं हुई है।

विकसित उत्तर प्रदेश @2047: मुख्यमंत्री ने कहा, कार्ययोजना को ठोस फ्रेमवर्क के साथ जमीन पर उतारें

- विकसित यूपी@2047 के लिए मिले 98 लाख से अधिक सुझाव, अब शीघ्र जारी होगी सेक्टरवार विस्तृत कार्ययोजना
- मुख्यमंत्री का निर्देश: 2047 तक 6 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को सेक्टरवार रणनीति से हासिल करें
- विजन डॉक्यूमेंट को परिणामोन्मुख और समयबद्ध कार्ययोजना में बदलें
- मुख्यमंत्री ने कहा, हर विभाग तय करे स्पष्ट जिम्मेदारी, त्रैमासिक और वार्षिक लक्ष्यों पर काम हो
- निवेश, नवाचार और विनिर्माण का वैश्विक केंद्र होगा उत्तर प्रदेश: मुख्यमंत्री

समाज जागरण

लखनऊ, 31 मार्च:- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विकसित उत्तर प्रदेश @2047 की कार्ययोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि यह दस्तावेज केवल एक विजन नहीं, बल्कि प्रदेश के आर्थिक, सामाजिक और संरचनात्मक रूपांतरण का स्पष्ट रोडमैप है। उन्होंने निर्देश दिए कि इसे व्यापक और सहभागी बनाते हुए प्रदेशभर से प्राप्त 98 लाख से अधिक जन-सुझावों, विशेषज्ञों, उद्योग संगठनों तथा अन्य हितधारकों के विचारों का विश्लेषण करते हुए समाहित किया जाए और उसी आधार पर सेक्टरवार अल्पकालिक, मध्यमकालिक और दीर्घकालिक कार्ययोजना शीघ्र जारी की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विजन डॉक्यूमेंट व्यवहारिक, परिणामोन्मुख और समयबद्ध होना चाहिए, जो प्रदेश को 2047 तक विकसित राज्य बनाने का ठोस आधार प्रस्तुत करे। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसे केवल सैद्धांतिक दस्तावेज न रखकर सेक्टरवार मिशनों, 2030, 2036 और 2047 के स्पष्ट लक्ष्यों तथा क्रियान्वयन योग्य कार्ययोजनाओं में विभाजित किया जाए। साथ ही सभी विभाग त्रैमासिक एवं वार्षिक लक्ष्यों के अनुरूप विभागवार और अंतर-क्षेत्रीय कार्ययोजना तैयार करें, जिसमें जिम्मेदारियों, अपेक्षित परिणामों और समन्वय की व्यवस्था स्पष्ट रूप से निर्धारित हो।

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि राज्य स्तर पर तैयार विजन को जिला, शहर और पंचायत स्तर तक प्रभावी रूप से लागू किया जाए। इसके लिए जिला विजन 2047 तैयार कर स्थानीय आवश्यकताओं और संसाधनों के अनुरूप योजनाएं बनाई जाएं। साथ ही प्रमुख परियोजनाओं की सुव्यवस्थित पाइपलाइन तैयार कर उनकी सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि विकास कार्यों का प्रभाव जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश का पूरा ढांचा तीन प्रमुख स्तंभों 'अर्थशक्ति, जनशक्ति और जीवनशक्ति' पर आधारित है, जिन्हें मजबूत करने के लिए कृषि, उद्योग, सेवाएं, बुनियादी ढांचा, सामाजिक क्षेत्र और सुशासन को एकीकृत रूप से आगे बढ़ाना होगा। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि विजन डॉक्यूमेंट के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए रीयल-टाइम डैशबोर्ड के माध्यम से नियमित समीक्षा व्यवस्था विकसित की जाए, ताकि प्रगति की सतत निगरानी हो और आवश्यक सुधार समय पर सुनिश्चित किए जा सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह दस्तावेज स्थिर नहीं, बल्कि एक डायनामिक और एक्शन-ओरिएंटेड मार्गदर्शिका होनी चाहिए।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश ने 2047 तक 6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखा है, जबकि 2030 तक 1 ट्रिलियन डॉलर और 2036 तक 2 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का मध्यवर्ती लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगभग 16 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर आवश्यक आंकी गई है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था लगभग 356 बिलियन डॉलर के स्तर पर है और भारत की जीडीपी में इसका योगदान करीब 9 प्रतिशत से अधिक है।

मुख्यमंत्री ने सेक्टर आधारित रणनीति पर विशेष जोर देते हुए कहा कि कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र में संतुलित और उच्च उत्पादकता आधारित विकास सुनिश्चित किया जाए। कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों को लेकर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि स्मार्ट कृषि, वैल्यू चेन आधारित मॉडल, नियातोन्मुख उत्पादन और डिजिटल प्लेटफॉर्म को बढ़ावा दिया जाए। पशुपालन और मत्स्य क्षेत्र को ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार बताते हुए मुख्यमंत्री ने इनके वैज्ञानिक विकास, प्रोसेसिंग और बाजार संपर्क को सुदृढ़ करने पर जोर दिया।

औद्योगिक विकास के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को टेक्नोलॉजी आधारित, नियातोन्मुख और वैश्विक प्रतिस्पर्धी विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित किया जाना है। बैठक में बताया गया कि राज्य के मैन्युफैक्चरिंग GVA में टरटए का योगदान लगभग 46 प्रतिशत है तथा निवेश आकर्षित करने के लिए 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू हस्ताक्षरित किए गए हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में परियोजनाएं क्रियान्वयन की अवस्था में हैं।

सेवा क्षेत्र और डिजिटल अर्थव्यवस्था को विकास का प्रमुख इंजन बताते हुए मुख्यमंत्री ने आईटी, आईटीईएस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, पर्यटन और नवाचार आधारित क्षेत्रों में तेजी से विस्तार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को ज्ञान और नवाचार का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टार्टअप इकोसिस्टम और कौशल विकास को प्राथमिकता दी जाए।

बैठक में यह भी बताया गया कि लगभग 24 करोड़ की जनसंख्या के साथ उत्तर प्रदेश देश का एक विशाल उपभोक्ता बाजार है और कार्यशील आयु वर्ग की बड़ी हिस्सेदारी इसे विकास के लिए विशेष अवसर प्रदान करती है। अनुमान है कि 2047 तक शहरीकरण दर 60 प्रतिशत से अधिक हो जाएगी, जिससे आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सुशासन, कानून व्यवस्था, डिजिटल सेवाओं और मजबूत आधारभूत ढांचे को इस पूरी कार्ययोजना की रीढ़ बनाया जाए। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक कॉरिडोर के माध्यम से कनेक्टिविटी को और सुदृढ़ किया जाए, जिससे निवेश और रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ें।

मुख्यमंत्री ने अंत में कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश @2047 एक समग्र परिवर्तन का अभियान है, जिसमें आर्थिक प्रगति के साथ सामाजिक न्याय, समावेशिता और जीवन की गुणवत्ता में सुधार को समान महत्व दिया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह विजन प्रदेश की विकास यात्रा का ऐसा प्रभावी दस्तावेज बने, जो उत्तर प्रदेश को विकसित भारत के लक्ष्य में अग्रणी स्थान दिलाए।

फिर निकला पिटारा से बरगवां नगर परिषद का नए भवन का भूत।

स्थान सुनिश्चित नहीं लेकिन टेंडर हुआ जारी।

समाज जागरण

प्राप्त जानकारी में जिले के बरगवां अमलाई नगर परिषद का नए भवन के निर्माण का मुद्दा फिर एक बार 2 साल बाद सुर्खियों में आ रहा है यह फिर से अलादीन के चिराग की तरह प्रकट हो गया है क्योंकि अभी तक इस नए नगर परिषद के भवन को कहां बनाया जाए इस पर आम सहमति नहीं बनी थी और ना ही कोई प्रस्ताव पारित हुआ है लेकिन सत्ता के नशे में मदमस्त और चूर लोग अभी भी बैक डोर से इसे अपने ही घर मे ही पुरानी पंचायत भवन बरगवां में बनाना चाहते हैं इस मुद्दे को लेकर 2 साल पहले काफी हंगामा हुआ था जागरूक और बुद्धिजीवी पत्रकार भाजपा के पार्षदलोगों ने कलेक्टर से लेकर प्रदेश कार्यालय तक इस बात को उठाया था और तत्काल उसे मुद्दे को रोक दिया गया था कि जब तक आम सहमति नहीं बनती है। तब तक नया परिषद का भवन नहीं बनाया जाएगा। सबसे पहले बरगवां अमली नगर परिषद का भौगोलिक स्थिति को समझते हैं उत्तर से दक्षिण में लगभग 7 किलोमीटर में फैला हुआ या नगर परिषद बना हुआ है जहां पर देवहरा सकोला संजय नगर और अमली कलारी क्षेत्र की जनता का न्याय हित में यहमांग है कि इसको अमली जो बरगवां और देवहर दोनों के बीच केंद्र में है यहां पर नया भवन बनाया जाए ताकि सभी लोगों को आने-जाने में सहूलियत हो ।क्योंकि यह शहर राजमार्ग पर स्थित है और इसको लेकर वार्ड क्रमांक 4 डूंगरिया टोला में जगह सुनिश्चित हुआ था लेकिन इस पर भी लोगों ने इसे गोप एरिया बताते हुए ठंडा बस्ती में डाल दिया था जबकि इसके बगल में ही पंचायत के शासनकाल में श्मशान घाट और आम रास्ता शासन ने बनवाया है तो यह जगह को कैसे गोप हो सकता था। इसके अलावा इस सड़क मार्ग पर बापू चौक भी स्थित है या इस तरफ आए तो फॉरेस्ट और कालरी की भी जगह खाली है जहां पर मंत्रालय कलेक्टर और कालरी से पत्राचार कर अनुमति से बनाया जा सकता है लेकिन सत्ता के नशे में चर यह लोग पहले सामने से अब बैक डोर से सोडा फैक्ट्री स्थित पुराने पंचायत भवन में ही बनना चाहते हैं। जहां पर अभी भी चारों तरफ से साइकिल चलने लायक ढंग के मार्ग नहीं है ऐसी स्थिति में यदि किसी अधिकारी बड़े नेता का आना-जाना हो तो यह विशेष कर बरसात में एक दुर्गम मार्ग हो जाएगा जबकि अमलाई में इसको बनाए जाने से चाहे वह कालरी क्षेत्र हो या बापू चौक हो प्रदेश का राजमार्ग है इस पर अधिकारी और नेता लोग आराम से आ जा सकते हैं लेकिन अध्यक्ष और सीएमओ की मिली भगत से नगरीय प्रशासन विभाग भोपाल को जो भी जानकारी दी गई हो उसी के आधार पर 28 मार्च को नए नगर परिषद के भवन के लिए टेंडर जारी किए गए हैं लेकिन उसमें स्थान नहीं बताया गया है ऐसे में एक बार फिर यह मुद्दा चर्चा मे है। और अमलाई देवहरा संजय नगर के सभी पार्षदों को इस मुद्दे पर अब आगे आना होगा जमकर लड़ना होगा इसके लिए बुद्धिजीवी नागरिक पत्रकार सभी लोग सहमत हैं कि इसको सेंटर पॉइंट अमलाई में ही किसी भी वार्ड में बनाया जाए। आज इस गंभीर मुद्दे पर परिषद की आवश्यक बैठक है जहां नए भवन को लेकर हंगामा होना भी तय है अब देखना है कि क्या अमली देवहरा क्षेत्र के पार्षदों और आम जनता की मांग सुनी जाती है या मनमानी की जाती है

आईपीएल से पहले ही सटोरियों ने जीता "टॉस", तैयारियां जोरें पर

समाज जागरण

बुढार। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगमन की आहट के साथ ही क्षेत्र में अवैध सट्टा कारोबार ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। सूत्रों के अनुसार, लंबे समय से निष्क्रिय दिख रहे सटोरिए अब फिर से सक्रिय हो गए हैं और पूरे नेटवर्क को नए सिरे से खड़ा करने में जुटे हैं। इस बार खास बात यह है कि बड़े नाम सामने आने से बच रहे हैं और पर्दे के पीछे रहकर पूरे खेल को "फिक्स" किया जा रहा है।

संजय बारी का ड्रेसिंग रूम कंट्रोल, लोधी मैदान में

स्थानीय चचाओं में संजय बारी का नाम एक बार फिर सुर्खियों में है। बताया जा रहा है कि वह खुद मैदान में उतरने के बजाय ड्रेसिंग रूम से ही पूरे खेल की रणनीति बना रहा है। वहीं, एक लोधी नामक व्यक्ति उसकी ओर से मैदान में सक्रिय रहकर पूरे सट्टा नेटवर्क को संभाल रहा है और खिलाड़ियों (ग्राहकों) से सीधा संपर्क बनाए हुए है।

बिज्जू मोटवानी की वापसी, कोतमा रोड और टॉकीज रोड की जूनियर टीम तैयार इस सट्टा लीग में बिज्जू मोटवानी की एंट्री भी चर्चा का विषय बनी हुई है। ब्रेड और केक से मिली ताकत का इस्तेमाल वह सट्टा के मैदान में कर रहा है। ही कोतमा रोड और टॉकीज रोड में छोटी मछलियां यानी नए और छोटे सटोरिए भी अपनी-अपनी टीम बनाकर मैदान में उतर चुके हैं। ये लोग बड़े खिलाड़ियों के लिए एजेंट बनकर नए लोगों को जोड़ने और रकम इकट्ठा करने का काम कर रहे हैं।सोनारन टोला का वर्मा मैदान सजाने की तैयारी में दिख रहा है।

सेफ पिच की तलाश जारी, ताकि न हो कोई रन आउट

सूत्रों के मुताबिक, इस बार सटोरिए पहले से ज्यादा सतर्क हैं। पुलिस की फील्डिंग से बचने के लिए वे ऐसी सुरक्षित जगहों की तलाश में हैं, जहां से बिना किसी बाधा के खेल जारी रखा जा सके। बुढार और आसपास के इलाकों में कई सीक्रेट पिच तैयार की जा रही हैं, जहां से सट्टे का पूरा खेल संचालित होगा।

युवाओं को बनाया जा रहा नया खिलाड़ी, मोबाइल बना एंट्री पास इस बार सटोरियों की नजर खासतौर पर युवाओं पर है। मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के जरिए उन्हें टीम में शामिल किया जा रहा है। पहले छोटे दांव लगवाकर नेट प्रैक्टिस कराई जाती है, और फिर धीरे-धीरे उन्हें बड़े दांव के मैच में उतार दिया जाता है, जहां हार का मतलब भारी आर्थिक नुकसान होता है।

प्रशासन बना दर्शक, हर साल की वही कहानी

हर साल आईपीएल के दौरान सट्टा कारोबार अपने चरम पर पहुंचता है, लेकिन प्रशासन अक्सर ह्यदर्शकह्न की भूमिका में नजर आता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर शुरूआती ओवर में ही सख्त कार्रवाई हो जाए, तो यह मैच यहीं खत्म हो सकता है, लेकिन ऐसा होता कम ही दिखाई देता है।

सट्टे का खेल, परिवारों के लिए हार का मैच

यह अवैध कारोबार सिर्फ पैसे का खेल नहीं है, बल्कि इसका असर सीधे समाज पर पड़ता है। कई परिवार कर्ज में डूब जाते हैं और युवाओं का भविष्य क्लीन बोल्ड हो जाता है। इसके बावजूद हर साल नए खिलाड़ी इस खेल में उतरते रहते हैं। अब देखना है, प्रशासन करेगा एक्शन या फिर चलता रहेगा यह मैच

आईपीएल शुरू होने में अभी समय है, लेकिन बुढार में सट्टा लीग पूरे रंग में नजर आ रही है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि प्रशासन इस बार अंपायर की भूमिका निभाते हुए सख्ती दिखाता है या फिर यह मैच बिना रोक-टोक यूं ही चलता रहेगा।

पालकी में सवार हो नगर भ्रमण को निकले भगवान महावीर

जन्म कल्याणक महोत्सव धूम धाम से मनाया

समाज जागरण

बुढार। पूरे देश में ही नहीं अपितु विदेशों में भी सभी जगहों में तिथि अनुसार 30 मार्च को जिन शासन नायक भगवान महावीर की जन्म जयंती जैन अनुयायियों द्वारा भव्यता से पारंपरिक तरीकों से मनाई गई। बुढार में पूज्य निर्यापक मुनि श्री प्रसाद सागर जी एवं पूज्य मुनि श्री शीतल सागर के पावन सानिध्य मिलने से इस वर्ष बुढार समाज में एक विशेष उत्साह देखने में आया।

30 मार्च दिन रविवार 2026 को प्रातः 7 बजे से श्री वासुपूज्य जिन मंदिरजी, श्री शांतिनाथ जिन मंदिर जी ,एवं पार्श्वनाथ जैन मंदिर जी में वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी जी की की जिन बिम्ब प्रतिमाओं में जन्माभिषेक , शांति धारा श्रद्धालुओं द्वारा किया गया । पार्श्वनाथ जैन मंदिर में मुनि श्री प्रसाद सागर जी, शीतल सागर जी के मुखारबिंद से 108 कलशों से भगवान महावीर स्वामी जी का महा मस्तकाभिषेक किया गया।

मुनि श्री की आहार चर्या के पश्चात दोपहर 1.30 बजे श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर जी एवं शांतिनाथ जैन मंदिर से से श्री जी की भव्य शोभा यात्रा , विमान, रथ जी,एवं पालकी में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

जो पारंपरिक मुख्य मार्ग से होती हुई वापस मंदिर जी में आहुत हुई, जहां नगर भ्रमण पश्चात श्री जी का मस्तकभिषेक दोनों मंदिरों में किया गया । तत्पश्चात शांतिनाथ जिन मंदिर में समाज का सामूहिक भोज आयोजित हुआ। शाम के वक्त शांतिनाथ जिन मंदिर में भगवान की महा आरती एवं पाठशाला के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं वार्षिकोत्सव मनाया गया जिसमें पाठशाला के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

उक्त समस्त कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में बुढार, धनपुरी,सभी जगहों की कमेटियां, पाठशाला के बच्चों द्वारा बढ़ चढ़ कर भूमिकाएं निभाई गई, *वासुपुज्य मंदिर समिति, शांतिनाथ मंदिर समिति, श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन समिति, त्रिशला,जागृति व स्तुति महिला मंडल, पाठशाला समिति, विद्यासागर युवा संघ, बालिका मंडल व सकल जैन समाज बुढार ने पूर्ण हर्षोल्लास से भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया।

पीला अक्षत लेकर घर-घर पहुँचे शिक्षक -विद्यार्थी, प्रवेश उत्सव के लिए अनूठा आमंत्रण।

समाज जागरण

अनूपपुर ।जन शिक्षा केंद्र अनूपपुर अंतर्गत माध्यमिक विद्यालय कन्या बस्ती अनूपपुर के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा आगामी 1 अप्रैल को आयोजित होने वाले प्रवेश उत्सव को लेकर एक प्रेरणादायक एवं नवाचारी पहल की गई। इसके तहत विद्यालय परिवार ने अपने वार्ड में भव्य जुलूस निकालकर घर-घर जाकर पीला अक्षत के साथ अभिभावकों को आमंत्रण दिया।

जुलूस के दौरान बेटी पढ़ेगी, इतिहास गढ़ेगी, आधा रोटी खाएंगे, बच्चों को पढ़ाएंगे, सब पढ़ेंगे, सब बढ़ेंगे एवं शिक्षा का अधिकार सबको है जैसे जागरूकता से भरे नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। इस पहल ने न केवल शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि समाज को एक सकारात्मक संदेश भी दिया।

वार्ड के निवासियों ने इस जुलूस का गर्मजोशी से स्वागत किया। जब अभिभावकों को पीला अक्षत देकर आमंत्रित किया गया, तो उन्होंने इस अनूठे प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा

करते हुए इसे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया ।इस अवसर पर जन शिक्षा केंद्र अनूपपुर के जनशिक्षक रामकुमार राठौर, संस्था प्रधान अजय कुमार प्रसाद, सविता प्रजापति, एस. स्वाती राव, अतिथि

अध्यापक श्रीमती विद्या राठौर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं स्व सहायता समूह के सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रमेश प्रजापति और सपंत पटेल ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई।

संस्था प्रधान अजय कुमार प्रसाद ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रवेश उत्सव केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हर बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का अभियान है। हमारा प्रयास है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। समाज और अभिभावकों के सहयोग से ही हम सब पढ़ें, सब बढ़ें के संकल्प को साकार कर सकते हैं ।इस तरह विद्यालय द्वारा किया गया यह प्रयास शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नए शैक्षणिक सत्र में अधिक से अधिक

बच्चों के नामांकन सुनिश्चित करने की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हो रहा है।

अवैध रेत (खनिज)चोरी कर परिवहन करने वालो के विरुद्ध की गई कार्रवाई

समाज जागरण विजय तिवारी

देवहरा। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ सिंह मरकाम तथा अनुविभागीय अधिकारी अनूपपुर पुलिस नवीन तिवारी के मार्गदर्शन में चौकी देव्हारा पुलिस टीम द्वारा रात्रि गस्त के दौरान दिनांक 31 3.2026 को ग्राम बोडडिहा में गुड्डा

गुप्ता के दुकान के सामने लाल पीले रंग की टाटा 912 डगी क्रमांक सीजी 15 एसी5688 को रोककर चेक किया जिसमें करीब 03 घन मीटर अवैध रेत खनिज लोड था मेटाडोर वाहन चालक संतोष कोल पिता बाराती कोल उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम बिरौल चौकी देवहरा थाना चचाई जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश बिना टीपी के रेत (खनिज) सुथना नाला बोडडिहा से धिरोल तरफ ले जाना बताया आरोपी मेटाडोर चालक के द्वारा मेटाडोर में तीन घन मीटर रेत कीमती करीबन ₹6000 को लोड कर परिवहन करते पा ए जाने पर मेटाडोर रेत कुल कीमती 10 लाख ₹6000 को जप्त कर चौकी लाकर सुरक्षा हेतु खड़ा कराया गया एवं आरोपी मेटाडोर वाहन चालक संतोष कोल के विरुद्ध जीरो 0/26 303 /(2) 317 (5)3(5)बी एन एस व मध्य प्रदेश खान एवं खनिज अधिनियम की धारा 4/21 वह एमबी एक्ट की धारा 3/181 5/180 146 /196 कायम कर विवेचना में लिया गया उपरोक्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रंगनाथ मिश्रा स.उ.नि,धर्मेंद्र महोबिया प्रधान आरक्षक 132 राजाराम दहायत प्रधान आरक्षक 88 उमेश केवट आरक्षक 249 सचिन गोड कि सराहनीय भूमिका रही।

पावर प्लांट की जमीन पर धड़ल्ले से हो रहा अवैध कब्जा

समाज जागरण विजय तिवारी

उमरिया। जिले के अंतर्गत संजय गांधी थर्मल पावर प्लांट की बहुमूल्य करोडो रुपए की जमीन पर कालोनी,अस्पताल के आस पास अन्य क्षेत्र में राजनेता, दबंग, ठेकेदार आदि अन्य पच्चीसों लोगों द्वारा बेधड़क कब्जा किया जा रहा है किंतु पावर प्लांट का सुरक्षा विभाग एवं सिविल विभाग द्वारा अतिक्रमण कार्यो के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा रही है जिसके कारण पावर प्लांट की जमीन पर कब्जा बढ़ता ही जा रहा है। बताया जाता है कि मगद्वार कालोनी के सैकड़ो क्वार्टरों में पहले ही अवैध रूप से अनाधिकृत लोगो का कब्जा किया गया है और लाखों रु की अवैध कमाई का जरिया बन माफिया राज जैसी स्थिति हो रही है। विडंबना है कि प्लांट के अधिकारियों को अवैध कब्जा की जानकारी होते हुए भी कब्जा हटाने की दिशा में किसी भी प्रकार का पहल नहीं किया जा रहा है जिसके कारण अवैध कब्जाधारी के हौसले बुलंद हैं।

भारतीय देवी-देवताओं पर आधारित अंतरराष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

समाज जागरण

स्वामी विवेकानंद कल्चरल सेंटर (SVCC), एम्बेसी ऑफ इंडिया, बैंकॉक ने सुरो भारती संगीत कला केंद्र, कोलकाता, इंडिया, इंडियन स्टडीज सेंटर और चूललोंगकोर्न यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ एशियन स्टडीज के साथ मिलकर 30-31 मार्च 2026 तक चूललोंग कोर्न यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ आर्ट्स में इंडियन गॉड्स एंड गॉडेसेस थीम पर एक इंटरनेशनल आर्ट एग्ज़िबिशन ऑर्गनाइज की। एग्ज़िबिशन का उद्घाटन 30 मार्च 2026 को हुआ। इस मौके पर, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुराडेच चोटिउडोमपंत (चुललोंगकोर्न यूनि वर्सिटी के फैकल्टी ऑफ आर्ट्स के डीन) ने ओपनिंग स्पीच दी और भारतीय देवी-देवताओं के कल्चरल और आर्टिस्टिक महत्व और एशियाई परंपराओं पर उनके असर पर रोशनी डाली। सुरो भारती संगीत कला केंद्र की एग्जीक्यूटिव कमिटी के प्रेसिडेंट श्री अरिजीत चक्रवर्ती और सुश्री अनीता बोस (लेखक, आर्टिस्ट, रिसर्चर) ने भी भारतीय देवी-देवताओं के आर्टिस्टिक रिप्रेजेंटेशन के महत्व पर बातचीत की। थाई पेंटिंग्स में हिंदू देवी-देवता टॉपिक पर एकेडमिक बातचीत भी की गई, जिसमें चूललोंगकोर्न यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ आर्ट्स के डॉ. जियारनाई विथिदकुल और अचन किट्टीपोंग बूनकर्ड ने हिस्सा लिया। उन्होंने भारतीय और थाई कलात्मक परंपराओं के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों पर रोशनी डाली। उद्घाटन समारोह में जाने-माने मेहमान, विद्वान, कलाकार और थाईलैंड में रहने वाले भारतीय समुदाय के सदस्य शामिल हुए उक्त जानकारी जिम्मी मिश्रा द्वारा दी गई इंडियन एसोसिएशन ऑफ थाईलैंड इंडियन काउंसिल फॉर कल्चरल रिलेशंस थाईलैंड में भारत (बैंकॉक में भारतीय दूतावास)

जीपीआरपी इंटर कॉलेज सुदौली में प्रिंसिपल रामवृक्ष यादव को भावभीनी विदाई

समाज जागरण
लखनऊ संवाददाता

जीपीआरपी इंटर कॉलेज, सुदौली निगोहां के प्रिंसिपल रामवृक्ष यादव को उनके सेवानिवृत्ति अवसर पर गांव व क्षेत्रवासियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गईं और सभी ने उनके कार्यकाल को याद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं दीघार्यु की कामना की।

अपने कार्यकाल के दौरान प्रिंसिपल रामवृक्ष यादव ने विद्यालय में अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी, जिसके कारण विद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में निरंतर सुधार हुआ। उनके मार्गदर्शन में कई छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

विदाई समारोह के उपलक्ष्य में जायसवाल ट्रेडर्स परिसर में एक सम्मान सभा का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य

नागरिकों ने प्रिंसिपल का सम्मान किया। समारोह में उपस्थित लोगों ने उनके योगदान की सराहना करते हुए उन्हें एक आदर्श शिक्षक एवं प्रशासक बताया। इस अवसर पर समाजसेवी रामू जायसवाल, श्यामू जायसवाल, साकेत त्रिपाठी, लल्लू राम यादव, विनोद यादव, विजय शंकर यादव, अरुण यादव, देवनाथ यादव, मनोज (अंकल), मोनू (दादा), गुड्डन यादव, आदित्य त्रिवेदी, सोनू दीक्षित, अनिल बाजपेई, विजय अवस्थी, नवरत्न दीक्षित, डॉ. अनिल त्रिपाठी, डॉ. परशुराम त्रिपाठी , फूलचंद जायसवाल एवं कनक बहादुर सहित क्षेत्र के अनेक सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने प्रिंसिपल रामवृक्ष यादव को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना की।

मिट्टीखोरों से खतरे में कानपुर की जमीन, अवैध उत्खनन में सफल माफिया

समाज जागरण सुनील बाजपेई

कानपुर। यह महानगर आजकल मिट्टीखोरों के शिकंजे में है। कुल मिलाकर इन मिट्टी खोरों की वजह से ही कानपुर की जमीन खतरे में है। हाल के मामले का संबन्ध महाराजपुर थाना क्षेत्र से है। जहां बड़े पैमाने पर अवैध खनन का मामला सामने आया है। यहां महुआगांव के मजरा शीतलपुर, नागापुर के मजरा पतारी और सरसौल के मजरा रामपुर में भारी मात्रा में मिट्टी का अवैध उत्खनन पकड़ा गया है। शिकायत के बाद मौके पर पहुंचे अधिकारियों को गांव वालों ने बताया कि पिछले एक महीने से लगातार मिट्टी की खुदाई और बिक्री की जा रही थी। इस संबंध में ग्रामीणों ने एसडीएम नरवल विवेक मिश्रा से शिकायत की, जिसके बाद जांच के आदेश दिए गए। जब यहां कानूनगो अजीत सिंह, तीनों क्षेत्रीय लेखपाल और पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो उनकी जांच में

पाया गया कि नागापुर के पतारी में 97 घनमीटर मिट्टी निकालने की अनुमति के खिलाफ वहां से 1350 घनमीटर मिट्टी का अवैध खनन किया गया। इसी प्रकार, रामपुर में 1440 घनमीटर और शीतलपुर में 750 घनमीटर मिट्टी का अवैध उत्खनन कर बेचा गया।

एसडीएम विवेक कुमार मिश्रा के मुताबिक तीनों गांवों में निजी जमीनों पर अवैध खनन के इस मामले की रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेज आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने महावीर जयंती के अवसर पर गांधीनगर स्थित कोबा तीर्थ में सम्राट सम्प्रति संग्रहालय का उद्घाटन किया

सम्राट सम्प्रति संग्रहालय जैन संस्कृति की गहराई से समाहित परंपराओं तथा मानवता के लिए उसके शाश्वत मूल्यों को प्रदर्शित करता हैः प्रधानमंत्री मैं भगवान महावीर के चरणों में नमन करता हूँ, कोबा तीर्थ से मैं समस्त देशवासियों को भगवान महावीर जयंती की शुभकामनाएँ देता हूँः प्रधानमंत्री सम्राट सम्प्रति संग्रहालय भारत के करोड़ों लोगों की धरोहर है, भारत के गौरवशाली अतीत की धरोहर हैः प्रधानमंत्री

सम्राट सम्प्रति ने सिंहासन पर आरूढ़ होने के बाद अहिंसा का प्रसार किया। उन्होंने सत्य, अस्तेय और अपरिग्रह का प्रचार-प्रसार कियाः प्रधानमंत्री

भारत में ज्ञान सदैव एक अविरल प्रवाहित होती धारा रहा हैः प्रधानमंत्री प्रत्येक युग में तीर्थंकर, ऋषि एवं विचारक अवतरित होते रहे, ज्ञान का संकलन निरंतर बढ़ता रहा और समय के साथ उसमें बहुत-सी नई सामग्री का समावेश होता गयाः प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज भगवान महावीर जयंती के पावन अवसर पर गुजरात में गांधीनगर स्थित कोबा तीर्थ में सम्राट सम्प्रति संग्रहालय, जैन धरोहर संग्रहालय का उद्घाटन किया। श्री मोदी ने कहा, कोबा तीर्थ आध्यात्मिक शांति से ओत-प्रोत है, यह वह स्थान है जहाँ अनेक जैन मुनियों और संतों की तपस्या अभिव्यक्त होती है तथा जहाँ सृजन और सेवा स्वाभाविक रूप से पुष्पित होते हैं।

कोबा तीर्थ की निरंतर चली आ रही परंपराओं को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्षों से इस पवित्र स्थल पर अध्ययन, साधना और आत्मानुशासन की परंपराएँ फलती-फूलती रही हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि मूल्यों का संरक्षण, संस्कारों का संवर्धन और ज्ञान का पोषण—ये त्रिवेणी भारतीय सभ्यता की आधारशिला हैं। श्री मोदी ने कहा, इस त्रिवेणी का प्रवाह निरंतर बनाए रखना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की कि जैन धर्म के शाश्वत ज्ञान और भारत की समृद्ध धरोहर को अब जैन धरोहर संग्रहालय के माध्यम से आने वाली सदियों के लिए संरक्षित किया जा रहा है, जिसे संतों द्वारा प्राचीन ज्ञान को नई पीढ़ी के समक्ष नए एवं आधुनिक रूपों में प्रस्तुत करने के उद्देश्य से परिकल्पित किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज वह भव्य सपना सम्राट सम्प्रति संग्रहालय के रूप में साकार हुआ है, जो जैन दर्शन, भारतीय संस्कृति और हमारी प्राचीन धरोहर का एक पवित्र केंद्र है। प्रधानमंत्री ने इस प्रयास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सभी जैन मुनियों, संतों और हजारों भक्तों को बधाई दी। धरोहर संरक्षण में नवाचार के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि जब प्राचीन ज्ञान को नए तरीकों से प्रस्तुत किया जाता है, तो विरासत और समृद्ध होती है और आने वाली पीढ़ियों को नई प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा, सम्राट सम्प्रति संग्रहालय भारत के करोड़ों लोगों की धरोहर है और हमारे गौरवशाली अतीत का एक प्रमाण है,।

सम्राट सम्प्रति के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यद्यपि अनेक सभ्यताओं में महान चिंतक और दार्शनिक हुए, परंतु विश्व के कई हिस्सों में शासक सत्ता के प्रश्न पर आदर्शों को त्याग देते थे, जिससे विचार और शासन के बीच एक खाई उत्पन्न हो जाती थी। उन्होंने कहा कि सम्राट सम्प्रति केवल एक ऐतिहासिक राजा नहीं थे, बल्कि भारत के दर्शन और व्यवहार के बीच एक सेतु थे। श्री मोदी ने कहा, भारत में सम्राट सम्प्रति जैसे शासकों ने सत्ता को सेवा और साधना के रूप में देखा, उन्होंने सिंहासन से अहिंसा का विस्तार किया और पूर्ण वैराग्य तथा निःस्वार्थ भाव से सत्य, अस्तेय और अपरिग्रह का प्रचार-प्रसार किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस संग्रहालय को अत्यंत सोच-समझकर इस प्रकार निर्मित किया गया है कि प्रत्येक कदम पर भारत की भव्यता का अनुभव होता है, और इसकी सात दीघाएँ देश की विविधता तथा सांस्कृतिक समृद्धि का उद्घोष करती हैं। उन्होंने प्रथम दीर्घा का उल्लेख किया, जिसमें नवपद—अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय, साधु—तथा सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान, सम्यक चरित्र और सम्यक तप के चार सिद्धांतों को प्रदर्शित किया गया है, और तृतीय दीर्घा का भी उल्लेख किया, जो तीर्थंकरों की कथाओं और शिक्षाओं को कलात्मक रूप से सजीव बनाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जब ज्ञान सम्यक (सही/धर्मसम्मत) होता है, तो वह समता और सेवा की आधारशिला बन जाता है। प्रधानमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि यह संग्रहालय जैन धरोहर के साथ-साथ भारत की अन्य धार्मिक परंपराओं—वैदिक, बौद्ध आदि—का भी भव्य रूप से प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने भारत की सबसे बड़ी शक्ति, उसकी विविधता और विविधता में एकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि जहाँ विश्व ने धर्म और संप्रदाय के नाम पर संघर्ष देखे हैं, वहीं यह संग्रहालय सभी परंपराओं को इंद्रधनुष की भांति एक साथ प्रस्तुत करता है—वेद, पुराण, आयुर्वेद, योग और दर्शन, सभी सौहार्दपूर्वक साथ-साथ विद्यमान हैं। उन्होंने कहा, यह केवल भारत में ही संभव है।

वैश्विक स्तर पर व्याप्त अस्थिरता और अशांति का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस संग्रहालय में निहित धरोहर और संदेश का महत्व केवल भारत के लिए ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिए अत्यंत गहन है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विश्व भर से जिज्ञासु आगंतुकों, विद्यार्थियों और शोधकताओं की संख्या निरंतर बढ़ती रहेगी। श्री मोदी ने आग्रह किया(जो भी यहाँ आए, वह भारत और जैन धर्म की शिक्षाओं को विश्व के हर कोने तक लेकर जाए।

प्रधानमंत्री ने स्मरण किया कि भारत के प्राचीन विश्वविद्यालय—तक्षशिला और नालंदा—कभी लाखों पांडुलिपियों से समृद्ध थे, जिन्हें धार्मिक संकीर्णता से प्रेरित विदेशी आक्रमणकारियों द्वारा नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि उन कठिन परिस्थितियों में सामान्य जनों ने शेष पांडुलिपियों को पीढ़ी दर पीढ़ी संरक्षित रखा। उन्होंने आचार्य भगवंत श्री पद्मसागर सुरिश्वरजी महाराज साहेब के असाधारण समर्पण की सराहना की, जिन्होंने साठ वर्षों तक देश के कोने-कोने में गाँव-गाँव और शहर-शहर जाकर पांडुलिपियों की खोज की। श्री मोदी ने कहा, ह्लआज ताड़पत्रों और भोजपत्रों पर लिखी तीन लाख से अधिक पांडुलिपियाँ, जिनमें से कुछ सैकड़ों वर्ष पुरानी हैं, कोबा में सुरक्षित रूप से संकलित हैं, जो भारत के अतीत, वर्तमान और भविष्य के प्रति एक महान सेवा का प्रतिनिधित्व करती हैं।

पांडुलिपियों के संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों की उपेक्षा को दूर करने के लिए ज्ञान भारतम मिशन प्रारंभ किया गया है, जिसमें प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए प्राचीन पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण, वैज्ञानिक संरक्षण, स्कैनिंग, रासायनिक उपचार तथा डिजिटल अभिलेखीकरण किया जा रहा है। उन्होंने मन की बात के अपने हालिया संस्करण का भी उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने देशव्यापी सर्वेक्षण के बारे में बताया था, जिससे नागरिक अपने पास संरक्षित पांडुलिपियों को अपलोड कर सकते हैं। श्री मोदी ने कहा, यह अभियान देश के कोने-कोने में बिखरी पांडुलिपियों के संकलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रधान मंत्री ने ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत सरकारी प्रयासों तथा कोबा तीर्थ के असाधारण योगदान को भारत के नए सांस्कृतिक पुनर्जागरण के प्रतीक बताया।

कम्पोजिट विद्यालय चकरिया में आयोजित वार्षिकोत्सव, विदाई समारोह मे बच्चों ने बिखेरा जलवा

समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता

सोनभद्र। रावट्र्सगंज विकासखंड के मारकुंडी ग्राम पंचायत स्थित कम्पोजिट विद्यालय चकरिया में बड़े ही धूमधाम के साथ उत्तीर्ण छात्र -छात्राओं का विदाई समारोह, वार्षिकोत्सव मनाया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सूरज सिंह यादव रहे। आयोजित कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाध्यापिका सरिता तिवारी के नेतृत्व में हुआ। आगंतुक अतिथियों के आगमन पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उनका जोरदार भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया।इसके बाद प्रधानाध्यापिका सरिता तिवारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया।सर्वप्रथम हवन- पूजन कर शिक्षा के साथ स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण के लिए आह्वान किया गया

तत्पश्चात बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।सांस्कृतिक एवं खेल-कूद आदि प्रतियोगिताओं व परीक्षाओं के साथ ही विद्यालय में बेहतर प्रदर्शन करने व शत- प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्र-छात्राओं को उत्साहवर्धन के लिए पाठ्य सामग्री प्रदान कर पुरस्कृत भी किया गया। विद्यालय समारोह के दौरान विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोग मंत्र मुग्ध हो भूरी-भूरी प्रशंसा व्यक्त किये। इस दौरान बच्चों को रुचिकर भोजन एवं खीर,फल तथा आगंतुक अतिथियों को विशेष जलपान का प्रबंध किया गया था।

मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सूरज सिंह यादव ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा हीविकास की कुंजी है और इसके बिना सम्मान तथा विकास संभव नहीं है।उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने का आग्रह किया और शिक्षकों से निष्ठापूर्वक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का आह्वान किया। प्रधानाध्यापिका सरिता तिवारी ने कहा कि शिक्षा ज्ञान का दर्पण है।उन्होंने इस ज्ञान के दीपक को प्रज्वलित रखने में अभिभावकों और शिक्षकों दोनों की जिम्मेदारी पर जोर दिया। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर अध्यापिका प्रमिला ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि जो बच्चे मन लगाकर निष्ठा के साथ पढ़ेंगे वही आगे बढ़ेंगे।यह तभी संभव है जब बच्चे नियमित स्कूल पहुंच अनुशासन के साथ शिक्षा ग्रहण करेंगे।प्रधानाध्यापिका ने भी बच्चों तथा अभिभावकों को शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया।विद्यालय के प्रधानाध्यापिका ने अतिथियों के प्रति जहां आभार व्यक्त करते हुए आगामी सत्र मे शत-प्रतिशत नामांकन और बच्चों के नियमित उपस्थिति हेतु प्रेरित किया गया।वही संचालन अध्यापक प्रमोद कुमार ने किया।इस मौके पर प्रमोद कुमार, सुनीता, प्रमिला, शशिकला आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित अभिभावक अशोक कुमार, विकास कुमार, उषा देवी, शकुंतला, शिवकुमारी सुनीता समेत अनेकों गणमान्य प्रबुद्ध बुद्धिजीवी नागरिक मौजूद रहे।

हत्या में दोषी दंपती को 10-10 वर्ष का कारावास

समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता

सोनभद्र। साढ़े तीन वर्ष पूर्व हुए रामसेवक उर्फ काशी हत्याकांड के मामले में मंगलवार को सुनवाई करते हुए सत्र न्यायाधीश राम सुलीन सिंह की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी दंपती को 10-10 वर्ष का कारावास व 12-12 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 3-3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक विजय कुमार पुत्र बनवारी कोल निवासी अरुआंव, थाना शाहगंज, जिला सोनभद्र ने घोरावल थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसका लड़का रामसेवक उर्फ काशी उम्र 26 वर्ष 9 अगस्त 2022 को शाम करीब 4 बजे घर से बाइक से निकला था। उसके साथ खड़िया निवासी मुकेश भी था । लड़का शाम को घर नहीं आया। दूसरे दिन भी काफी खोजबीन किया, लेकिन उसका पता नहीं चला । 12 अगस्त को गांव के लोगों द्वारा मोबाइल में फोटो दिखाकर बताया कि 10

अगस्त को महुआव पांडेय गांव के कुएं में एक युवक की लाश मिली है। जिसे पोस्टमार्टम हाउस में रखा गया है। जब पोस्टमार्टम हाउस जाकर देखा तो बेटे की लाश थी। पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया। उसके बाद पता किया तो जानकारी मिली कि रामलखन उर्फ रवि उर्फ बाठे पुत्र पुदीन चमार निवासी महुआंव पांडेय, थाना घोरावल, जिला सोनभद्र के घर उसका लड़का 9 अगस्त की शाम गया था। जहां पर शराब पीकर आपस मे कहासुनी हुई थी। इसी दौरान मारपीट कर हत्या करने के बाद शव को छुपाने के लिए कुएं में फेंक दिया गया था। इस तहरीर पर पुलिस ने रामलखन समेत दो लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर दंपती के विरुद्ध न्यायालय में चार्ज शीट दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई के दौरान जहां अभियुक्तगणों के अधिवक्ता ने पहला अपराध बताते हुए कम से कम दंड दिए जाने की याचना की, वहीं जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ज्ञानेंद्र शरण रॉय ने हत्या का मामला बताते हुए अधिक से अधिक दंड देने की याचना की। अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद दोषसिद्ध पाकर दोषी दंपती रामलखन व कृष्णावती को 10-10 वर्ष का कारावास व 12-12 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर 3-3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी।

हजरत अलाउद्दीन शाह बाबा रहमततुल्ला अलैह के मजार पर 5 अप्रैल को होगा उर्स तथा कव्वाली का आयोजन

समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता

सोनभद्र। रावट्र्सगंज विकासखंड के सलखन स्थित हजरत अलाउद्दीन शाह बाबा रहमततुल्ला अलैह के मजार आगामी 5 अप्रैल दिन रविवार को उर्स का आयोजन किया गया है।आयोजित कार्यक्रम के तहत मस्जिद से चादर गागर लेकर पूरे सलखन बाजार होते हुए जुलूस के साथ मजार पर चढ़ाया जाएगा तत्पश्चात कव्वाली होगा। इस आशय की जानकारी कमेटी के अध्यक्ष राम इकबाल यादव व सचिव रामजी ने संयुक्त रूप से दी है।

ट्रक की टक्कर से इलाज के दौरान पोस्ट मास्टर की मौत, मचा कोहराम

समाज जागरण ब्यूरो

सोनभद्र। बभनी थाना क्षेत्र अंतर्गत दिन शनिवार को दोपहर में बभनी स्थित इंडेन गैस एजेंसी के पास तेज गति से छत्तीसगढ़ से आ रही ट्रक ने टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार ब्रांच पोस्ट मास्टर गंभीर चोट आई और बनारस में आज देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई ।इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया।बताते चले कि हरियाणा के जिंद जिला निवासी हिमांशु पुत्र राम प्रवेश उम्र 21 वर्ष की नधीरा में ब्रांच पोस्ट मास्टर के पद पर नियुक्ति हुई थी और बभनी कस्बे में किराए के मकान में रहता था।हिमांशु शनिवार को दोपहर में नधीरा से बभनी अपने रूम पर आ

रहा था कि बभनी इंडेन गैस एजेंसी के पास छत्तीसगढ़ से तेज गति से आ रही ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी तेज थी कि मौके पर अफरा तफरी मच गई लोगों ने तत्काल म्योरपुर स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया लेकिन अस्पताल में तैनात डॉ पल्लवी सिन्हा ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया और वहां से स्थिति गंभीर देखते हुए वाराणसी रेफर किया गया जहां इलाज चल रहा था और सोमवार को देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई घटना से परिवार में कोहराम मच गया।परिवार में मातम छा गया। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक बभनी दिन्नु प्रसाद यादव ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और आगे विधिक करवाई की जा रही हैं।

सोनभद्र के वन दरोगा संजय कुमार दुबे का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

समाज जागरण ब्यूरो

रेणुकूट। स्थानीय वन प्रभाग में तैनात वन दरोगा संजय कुमार दुबे का सोमवार को सायं लगभग साढ़े पांच बजे अस्वस्थता के चलते निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। बताया जा रहा है कि संजय कुमार दुबे काफी समय से बीमार चल रहे थे। मूल रूप से बेलहाडीह आज मगढ़ के निवासी थे। पिछले तीन महीनों से उनका स्थानांतरण म्योरपुर रेंज के लिए हुआ था, जबकि इससे पहले वे रेणुकूट वन प्रभाग क्षेत्र के अनपरा रेंज में अपनी सेवाएं दे रहे थे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने

अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से किया। हिंडालको इंटरमीडिएट कॉलेज रेणुकूट के सेवानिवृत्त शिक्षक धनंजय दुबे ने बताया कि संजय कुमार दुबे चार भाइयों में सबसे छोटे थे और स्वभाव से बेहद मिलनसार एवं सरल व्यक्ति थे। उनके असाम यिक निधन से परिवार सहित पूरे क्षेत्र को गहरा आघात पहुंचा है। उनके निधन पर पिपरी क्षेत्र के रेंजर राघवेंद्र कुमार,धीरेंद्र मिश्रा, वन दरोगा रवि यादव, छोटेलाल, संजय शर्मा, हिमांशु मौर्य सहित कई लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

पिपरी पुलिस ने 01 किग्रा 200 ग्राम अवैध गांजा के साथ 01 अभियुक्ता को किया गिरफ्तार

समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) व क्षेत्राधिकारी पिपरी के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक थाना पिपरी के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों तथा मादक पदार्थों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक 31.03.2026 को थाना पिपरी पुलिस टीम द्वारा रेलवे कॉलोनी रेनुकूट क्षेत्र से अभियुक्ता मंजू देवी पत्नी स्व0 संजय निवासी चाचा कॉलोनी रेनुकूट, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 40 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्ता के कब्जे से एक सफेद झोले में 01 किग्रा 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। उक्त बरामदगी के आधार पर अभियुक्ता के विरुद्ध थाना पिपरी पर धारा 8/20 NDPS Act के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

कच्चे मकान में लगी आग, दमकल की टीम ने आग पर किया नियंत्रण

समाज जागरण ब्यूरो

सोनभद्र। दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के दिघुल गांव में सोमवार की रात करीब दस बजे संदिग्ध परिस्थितियों में एक कच्चा के मकान में भीषण आग लग गई। आग की लपटें बेकाबू होते ही धीरे धीरे समूचा मकान जलकर राख हो गई। ग्राम प्रधान जगत नारायण ने बताया कि दिघुल गांव के अजमतुल्लाह अंसारी, फौजुल्लाह, रफीउल्लाह, सूफी भान, नजरू निशा के पड़ोस में एक रिश्तेदार की मौत के मातम में अपने घर के बाहर बैठे हुए थे। अचानक घर के अंदर से आग की लपटें देखकर परिजन हैरान हो गए। बेकाबू आग देखकर शोर मचाना शुरू किए। ग्रामीणों की मदद से समरसेबल, मोटर के पानी से आग को बुझाने का काफी प्रयास किया।

आग लगने के घंटो बाद दमकल की वाहन पहुँच कर आग पर नियंत्रण किया। लेकिन तब तक घर के सभी सामान गहना, अलमारी, अनाज सहित जलकर बुरी तरह से राख हो गई। ग्राम प्रधान जगत नारायण ने बताया कि घटना की सूचना कोतवाली पुलिस लेखपाल सिकरेट्री को दिया गया है। आग लगने की घटना के बाद समूचा परिवार बिखर गया है। सभी भाई कच्चे मकान में ही निवास करते थे। परिजनों द्वारा सरकार से मुवावजा की मांग की जा रही है।

जनपद सोनभद्र में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को दी गई गरिमामय विदाई

समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी

सोनभद्र। जनपद सोनभद्र से कुल 03 पुलिसकर्मी अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए, जिनमें उ0नि0 ना0पु0 राकेश प्रसाद, मु0आ0 चालक चन्द्र देव सिंह एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी केशव प्रसाद शुक्ल शामिल हैं। सभी कार्मिकों द्वारा अपने संपूर्ण सेवाकाल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्यपरायणता के साथ दायित्वों का निर्वहन किया गया।उ0नि0 ना0पु0 राकेश प्रसाद, निवासी जनपद बलिया, का पुलिस विभाग में कुल 39 वर्ष 08 माह का सेवाकाल रहा। उन्होंने विभिन्न जनपदों जैसे इटावा, वाराणसी,जीआरपी प्रयागराज, लखनऊ , मऊ, आजमगढ़ एवं सोनभद्र में सेवाएं प्रदान कीं। मु0आ0 चालक चन्द्र देव सिंह, निवासी जनपद गाजीपुर, का पुलिस विभाग में कुल 39 वर्ष 04

माह 30 दिवस का सेवाकाल रहा। उन्होंने 36वीं वाहिनी, 02वीं वाहिनी, 34वीं वाहिनी तथा जनपद हरदोई, वाराणसी एवं सोनभद्र में अपनी सेवाएं दीं।

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी केशव प्रसाद शुक्ल, निवासी जनपद मिजार्पुर, का कुल 36 वर्ष 09 माह 26 दिवस का सेवाकाल रहा। उन्होंने जनपद मिजार्पुर एवं सोनभद्र में सेवाएं प्रदान की। उक्त अवसर पर पुलिस लाइन चुर्क स्थित कांफ्रेंस हॉल में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के सम्मान में एक गरिमामय विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार द्वारा सहभागिता करते हुए सेवानिवृत्त कार्मिकों को उपहार, स्मृति-चिह्न एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए तथा उनके स्वस्थ, सुखद एवं समृद्ध भविष्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। अन्य अधिकारीगण एवं पुलिस कर्मियों द्वारा भी सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों के उज्ज्वल भविष्य हेतु हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की गईं।

कनहर बांध में डूबकर अधेड़ की मौत

समाज जागरण ब्यूरो

सोनभद्र/दुद्धी। मंगलवार को कनहर बांध कनहर बांध में नहाने गए अधेड़ की डूबकर मौत हो गई। बताया जाता है कि 55 वर्षीय ठुरु पुत्र जवाहर भुइया निवासी तुरीडीह जो अपने घर से लगभग 500 मीटर दूर ओखरिया डामर कनहर नदी समय 11:00 बजे नहाने गया हुआ था। जहां डूब जाने से मृत्यु हो गई। स्थानीय लोगों व डायल 112 की मदद से गोताखोर और नविको की सहायता से शाम पांच बजे शव को निकाला। पुलिस घटना स्थल पहुँच कर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

अनपरा पुलिस की त्वरित कार्यवाही से साइबर ठगी की धनराशि ₹6,800/- पीड़ित के खाते में वापस

समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी

सोनभद्र। आवेदक संजीत प्रसाद केशरी पुत्र नन्दू प्रसाद केशरी निवासी सिनेमा रोड, थाना अनपरा के साथ दिनांक 16.07.2025 को अज्ञात व्यक्ति द्वारा HDFC बैंक के क्रेडिट कार्ड की त्वरित डिलीवरी के नाम पर एक लिंक भेजकर डाउनलोड कराया गया, जिसके माध्यम से आवेदक के खाते से कुल ₹6, 800/- की साइबर ठगी कर ली गई थी। इस संबंध में आवेदक द्वारा साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 एवं साइबर क्राइम पोर्टल (cyberc rime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी पिपरी के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक थाना अनपरा सत्येन्द्र कुमार राय के नेतृत्व में थाना अनपरा की साइबर टीम द्वारा NCRP पोर्टल का अवलोकन कर त्वरित कार्रवाई

की गई। साइबर टीम द्वारा संबंधित खातों को होल्ड कराते हुए आवश्यक साक्ष्य एकत्रित कर संबंधित बैंक शाखा से पत्राचार किया गया, जिसके फल स्वरूप आवेदक की सम्पूर्ण ठगी गई धनराशि ₹6,800/- उसके मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस कराई गई। इस पर आवेदक द्वारा थाना अनपरा पुलिस की सराहना की गई।

पुलिस की प्रभावी कार्यवाही से साइबर ठगी की ₹3,46,920/- धनराशि पीड़ित को वापस

समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी

सोनभद्र। आवेदक अजीत सिंह पुत्र रामप्रसाद सिंह द्वारा बताया गया कि दिनांक 14.10.2025 को सोलर कंपनी की फ्रेंचाइजी एवं सोलर किट उपलब्ध कराने के नाम पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उनके एक्सिस बैंक एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया खातों से कुल ₹3,46,920/- की धनराशि ठगी कर ली गई थी। इस संबंध में आवेदक द्वारा साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 एवं साइबर क्राइम पोर्टल (cybercrime.gov.in) पर शिकायत दर्ज कराई गई थी।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा

अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक थाना रॉबर्ट्सगंज राम स्वरुप वर्मा के नेतृत्व में थाना रॉबर्ट्सगंज की साइबर टीम द्वारा NCRP पोर्टल का अवलोकन कर त्वरित कार्रवाई की गई। साइबर टीम द्वारा संबंधित खातों को होल्ड कराते हुए आवश्यक साक्ष्य एकत्रित कर संबंधित बैंक शाखाओं से पत्राचार किया गया, जिसके फल स्वरूप आवेदक की सम्पूर्ण धनराशि ₹3,46,920/- उसके मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस कराई गई। इस पर आवेदक द्वारा रॉबर्ट्सगंज पुलिस की सराहना की गई।

महावीर सरस्वती शिशु मंदिर के मेधावी छात्र हुए पुरस्कृत

समाज जागरण ब्यूरो

सोनभद्र/दुद्धी। मंगलवार को महावीर सरस्वती शिशु मंदिर के मेघावी छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि अनुसूचित जनजाति आयोग उपाध्यक्ष जीतसिंह खरवार ने पुरस्कृत किया। परीक्षा परिणाम में उच्च स्थान प्राप्त करने वाले मेघावी छात्र व छात्राओं को पुरस्कार वितरण कर उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दिया। उन्होंने कहा की बच्चों के अंदर भारत और भारतीयता के प्रति, एक नागरिक के रूप में उन कर्तव्यों का बोध कराने, सुयोग्य नागरिक बनाने हेतु अपने राष्ट्रीय दायित्व का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन कर रहा है। यहां से निकले हुए छात्र आज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में समाज को 'विकसित भारत' के संकल्प के साथ जुड़कर पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपना योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर जीजीआईसी प्रिंसिपल डॉ रितिका श्रीवास्तव, मनोज मिश्र, राजकुमार अग्रहरि, नन्दलाल अग्रहरि, बालकृष्ण जायसवाल, डॉ के० के० चौरसिया, प्रधानाचार्य अनिल तिवारी, रेखा, संगीता श्रीवास्तव व अन्य लोग उपस्थित रहे।

दुष्कर्म के दोषी धनेश उर्फ स्टैंडर पटेल को 10 वर्ष की कठोर कैद

समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी

सोनभद्र। करीब 5 साल पूर्व शादी का झांसा देकर दलित युवती के साथ दुष्कर्म किए जाने के मामले में विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट सोनभद्र आबिद शमीम की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी धनेश उर्फ स्टैंडर पटेल को 10 वर्ष की कठोर कैद की सजा सुनाई। उसके ऊपर 55 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से आधी धनराशि पीड़िता को मिलेगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक करमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित युवती (पीड़िता) ने करमा थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि वह अनुसूचित जाति की युवती है। शादी का झांसा देकर धनेश उर्फ स्टैंडर पटेल पुत्र राजकुमार राजा पटेल निवासी खैरपुर सिरसिया ठकुराई , थाना करमा, जिला सोनभद्र उसके साथ कई बार शारीरिक सम्बंध स्थापित किया। अब वह अपनी बिरादरी की लड़की से शादी करने जा रहा है। जब धनेश से पूछताछ की तो उसने भद्दी भद्दी गाली देते हुए धमकी दिया कि अगर कहीं शिकायत करोगी तो जान से मार दिया जाएगा। करमा पुलिस ने 17 मई 2021 को दुष्कर्म, एससी/एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर लिया गया। सीओ द्वारा मामले की विवेचना की गई और पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में विवेचक ने चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 7 गवाहों के बयान तथा पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी धनेश उर्फ स्टैंडर पटेल को 10 वर्ष की कठोर कैद की सजा सुनाई। इसके ऊपर 55 हजार रुपए अर्थदंड लगाया गया है। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से आधी धनराशि पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील सी शशांक शेखर कात्यायन ने बहस की।

महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरण में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

चोपन पुलिस की प्रभावी कार्यवाही, अभियुक्त को भेजा गया न्यायालय

समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल नेतृत्व में महिला उत्पीड़न सम्बन्धी अपराध/अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना चोपन पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 481/2025 धारा 333, 351(3), 64(1) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। उक्त क्रम में दिनांक 31.03.2026 को समय करीब 03:50 बजे ग्राम गोटीबाँध, थाना रायपुर क्षेत्र से अभियुक्त सोनू कुमार केशरी पुत्र चन्द्रेश निवासी सोनबरसा (सरईगढ़), थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 22 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

चोपन पुलिस की तत्परता से साइबर ठगी की ₹40,000/- धनराशि पीड़ित को वापस

समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी

सोनभद्र। अज्ञात साइबर अपराधियों द्वारा पीड़ित बबलू पुत्र किशन लाल बंजारा निवासी माता जी की खेड़ी थाना रामपुरा जनपद नीमच (म0प्र0), हाल पता- चोपन थाना चोपन जनपद सोनभद्र के साथ छलपूर्वक ₹40,000/- (चालीस हजार रुपये) की साइबर ठगी की घटना कारित की गई थी। उक्त घटना के संबंध में पीड़ित द्वारा साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक थाना चोपन के कुशल नेतृत्व में थाना चोपन पुलिस द्वारा तत्काल आवश्यक कार्यवाही की गई। साइबर टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण करते हुए

संबंधित बैंक/संस्था से त्वरित ई-मेल पत्राचार किया गया, जिसके फल स्वरूप पीड़ित की फ्रॉड हुई संपूर्ण धनराशि ₹40, 000/- (चालीस हजार रुपये) सफलतापूर्वक उसके मूल खाते में वापस कराई गई।

वो 5 भारतीय फूड्स जिनकी विदेशों में भी है खूब डिमांड

यहां आपको कई तरह के फूड मिलते हैं, जो अपने अनोखे स्वाद के लिए जाने जाते हैं. चलिए आज इस आर्टिकल में आपको भारत के ऐसे 5 फूड बताते हैं जिनकी डिमांड विदेशों में भी बढ़ रही है. भारत में आपको खाने के कई ऑप्शन मिल जाएंगे. भारत के हर कोने में आपके अलग-अलग स्वाद मिल जाएगा. गुजरात का ढोकला, हैदराबाद की बिरयानी से लेकर बिहार के लिट्टी-चोखे तकज्हर राज्य का अपना जायका है.

भारत में खाने के भी खूब शौकीन है. यहां चटपटा, मसालेदार और लजीज खाना खूब पसंद किया जाता है. समोसे लेकर जलेबी और बिरयानी का स्वाद हर किसी जुबान पर चढ़ा रहता है. भारत के कुछ फूड तो ऐसे हैं जिन्होंने विदेशों में भी अपनी पहचान बना ली हैं. चलिए जानते हैं ऐसे ही 5 भारतीय फूड्स के बारे में जिनकी विदेशों में भी खूब डिमांड है.

बटर चिकन की है खूब डिमांड

बटर चिकन भारत में खूब पसंद किया जाता है. लेकिन सिर्फ भारतीय ही नहीं बल्कि विदेशों में भी इसकी खूब डिमांड है. ये एक नॉर्थ इंडियन डिश है, जो क्रीमी और बटरी फ्लेवर की लिए जानी जाती है. इंग्लैंड और अमेरिका जैसे देशों में बटर चिकन काफी पसंद किया जाता है.

बिरयानी के भी है लोग दिवाने

लंबे-लंबे और खुशबूदार चावलों से बनी बिरयानी का स्वाद हर किसी को दीवाना बना देता है. भारत में हैदराबादी और मुरादाबादी बिरयानी बड़े शौक से खाई जाती है. वहीं, गल्फ देशों और यूरोप में भी बिरयानी के काफी शौकीन लोग हैं.

समोसा भी है लिस्ट में शामिल

समोसा भारतीय को फेवरेट स्ट्रीट फूड है. हर गली में आपको समोसा बिकता मिल जाएगा. शाम के नाश्ते में इसका स्वाद और बढ़ कर आता है. आलू, मटर और खड़े मसालों से भरा समोसा बेहद स्वादिष्ट लगता है. भारत के आलावा कनाडा, यूके और अमेरिका में भी समोसे की डिमांड अब बढ़ रही है.

मसाला चाय के शौकीन

भारत में तो चाय के बिना दिन ही अधूरा लगता है. कुछ लोगों की सुबह की शुरुआत ही चाय के साथ होती है. भारत में आपको कई तरह की चाय मिल जाएगी, जिसमें सबसे पॉपुलर है मसाला चाय. लेकिन सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि कई देशों में मसाला चाय को पसंद किया जा रहा है. इसे चाय लाटे के नाम से जाना जा रहा है.

दाल और नान की भी बढ़ रही डिमांड

विदेशों में इंडियन रेस्टोरेंट्स में लोग दाल तड़का और गरमा-गरम नान को जरूर ऑर्डर करते हैं. ये कॉम्बो इंडियन कंफर्ट फूड की तरह ग्लोबल फेवरेट बन चुका है.

नकली पनीर खाने से शरीर में क्या होता है? ऐसे करें पहचान

पनीर को सिर्फ वेजिटेरियन ही नहीं बल्कि नॉन वेज खाने वाले भी खूब पसंद करते हैं. पनीर से बनी डिशेज भी काफी स्वादिष्ट लगती हैं. चाहे फिर पनीर भुर्जी हो , शाही पनीर है या फिर चिल्ली पनीर. स्वाद होने के साथ ही इसमें प्रोटीन की भी काफी अच्छी मात्रा पाई जाती है. मसल गेन करने वाले प्रोटीन इनटेक पूरा करने के लिए पनीर का सेवन करते हैं. प्रोटीन के अलावा पनीर कैल्शियम, गुड फैट और विटामिन का भी अच्छा सोर्स है. शादी-पार्टी से लेकर आम दिनों में भी पनीर का खूब खाया जाता है.

लेकिन आज कल मार्केट में नकली पनीर भी आने लगा है. इस पनीर को बनाने में स्टार्च और कई तरह के केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है. ऐसे में सवाल ये बनता है कि अगर नकली पनीर खा लिया जाए तो इससे शरीर पर क्या असर पड़ता है. चलिए इस आर्टिकल में एक्सपर्ट से जानते हैं नकली पनीर सेहत को क्या नुकसान पहुंचा है और हम कैसे असली नकली पनीर की पहचान कर सकते हैं.

कैसे बनता है नकली पनीर?

नकली पनीर तैयार करने के लिए बेकिंग सोडा, पाम ऑयल, मैदा और डिटर्जेंट जैसी चीजों का इस्तेमाल किया जाता है. वहीं कुछ मिलावट खोर तो पनीर बनाने के लिए कोलतार डाई, यूरिया और सल्फ्यूरिक एसिड तक जैसे खतरनाक केमिकल का इस्तेमाल करते हैं, जो शरीर को नुकसान पहुंचा सकती हैं. इसको लेकर हमने सीनियर डाइटिशियन फारेहा शानेम से बातचीत की. उन्होंने नकली पनीर का सेवन करने के बाद होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से बताया है.

नकली पनीर खाने से शरीर में क्या होता है?

दिल्ली के गंगाराम हॉस्पिटल की सीनियर डाइटिशियन फारेहा शानेम बताती हैं कि, नकली पनीर खाने से शरीर को क्या नुकसान पहुंचाता है डिपेंड करता है कि पनीर में किस चीज की मिलावट की गई है. अगर पनीर में हार्मफुल केमिकल मिलाए गए हैं तो सबसे पहले इसका असर हमारे डाइजेशन पर पड़ता है. इससे पेट खराब हो सकता है, डायरिया होना, उल्टी होना और ब्लोटिंग जैसी समस्याएं हो सकती हैं. इसके अलावा फूड प्वाइजनिंग होने का भी खतरा रहता है.

अगर पनीर में स्टार्च या डिटर्जेंट की मिलावट की गई है, तो स्किन एलर्जी जैसी समस्याएं हो सकती हैं. स्टार्च होने की वजह से वेट गेन, डायबिटीज और हार्ट हेल्थ को नुकसान पहुंच सकता है. वहीं, डिटर्जेंट का यूज हमारे ऑर्गन जैसे किडनी, लीवर को खराब कर सकता है. यूरिया या कार्सिक सोडा जैसे केमिकल वाला पनीर खा लेते हैं तो कैंसर तक होने का खतरा बढ़ जाता है.

हालांकि, अगर आपने नकली पनीर 1-2 ही खाया है तो ये शरीर को नुकसान नहीं पहुंचाएगा. लेकिन अगर लंबे समय तक पनीर का सेवन किया जाए तो शरीर को नुकसान पहुंच सकता है.

कैसे करें नकली पनीर की पहचान?

नकली पनीर की पहचान करना भी आसान है. आप कुछ तरीकों से घर पर ही इसकी पहचान कर सकते हैं. चलिए बताते हैं नकली पनीर को पहचाने के तरीके-

फ्लेम टेस्ट- एक पनीर का टुकड़ा लें और उसे गैस की धीमी आंच पर रख दें. अगर पनीर जलते समय केरोसिन या प्लास्टिक जैसी गंध छोड़ रहा है तो ये नकली है. इस पनीर में डिटर्जेंट या साबुन की मिलावट की गई है.

टेक्सचर टेस्ट- अपने हाथ में पनीर का टुकड़ा लें और इसे हल्के से दबाएं. अगर पनी बहुत ज्यादा हार्ड या रबड़ जैसा फील हो रहा है तो ये नकली पनीर हो सकता है. क्योंकि असली पनीर सॉफ्ट होता है.

चख कर देखें- पनीर को टेस्ट करके भी आप असली और नकली की पहचान कर सकते हैं. खाने में अगर पनीर का स्वाद खट्टा, ज्यादा चबाने वाला या फिर साबुन जैसा लगे तो इसमें मिलावट हो सकती है.

वाटर इमर्शन टेस्ट- अगर पनीर में स्टार्च या सिंथेटिक की मिलावट की गई है तो इसकी पहचान आप वाटर इमर्शन टेस्ट करके कर सकते हैं. एक गिलास में गर्म पानी लें और उसमें पनीर का टुकड़ा डालें. अगर पनीर पानी में घुल जाता है या सफेद झाग निकलता है समझ जाएं की पनीर नकली है.

किशनगंज में गैस की किल्लत से बढ़ी परेशानी, घंटों इंतजार के बाद भी खाली लौटे उपभोक्ता

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज

31 मार्च। किशनगंज नगर परिषद क्षेत्र में इन दिनों रसोई गैस की कमी से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। लोहार पट्टी, मोती बाग स्थित ताज एंटरप्राइजेज गैस गोदाम में सिलेंडर उपलब्ध नहीं होने के कारण उपभोक्ताओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लोग घंटों लाइन में खड़े रहने के बावजूद गैस नहीं मिलने से निराश होकर लौट रहे हैं।

धरमगंज वार्ड संख्या 11 निवासी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि गैस ऑफिस द्वारा उन्हें गोदाम भेजा गया था और आश्वासन दिया गया था कि गैस उपलब्ध है। लेकिन गोदाम पहुंचने पर उन्हें बताया गया कि गैस समाप्त हो चुकी है। इसी प्रकार शंकर प्रसाद शाह ने भी कहा कि OTP मिलने के बावजूद उन्हें गैस नहीं मिल सकी।

खगड़ा निवासी जैतून निशा ने बताया कि वे सुबह से ही लाइन में खड़ी थीं। तीन से चार घंटे इंतजार करने के बाद भी उन्हें गैस नहीं मिली और अंततः स्टॉक समाप्त होने की जानकारी देकर लौटा दिया गया।

वहीं खगड़ा कर्बला निवासी मोहम्मद अरमान ने कहा कि लंबे समय तक प्रतीक्षा करने के बाद अचानक गोदाम का शटर बंद कर दिया गया और गैस वितरण रोक दिया गया। उन्होंने कर्मचारियों के व्यवहार पर भी नाराजगी जताई और कहा कि उपभोक्ताओं के साथ बेहतर व्यवहार की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने यह भी आशंका जताई कि गोदाम में गैस होने के बावजूद वितरण सही ढंग से नहीं किया जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि गैस ऑफिस और गोदाम के बीच समुचित समन्वय का अभाव है। एक ओर उपभोक्ताओं को OTP जारी कर गोदाम भेजा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर गैस उपलब्ध नहीं होने की जानकारी दी जा रही है। इससे व्यवस्था को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

इस संबंध में ताज एंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर ताल्हा युसूफ से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि गैस आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाया जाए ताकि आम लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

जीविका दीदियों ने रखा 10 लाख किलो चायपत्ती उत्पादन का लक्ष्य

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

31 मार्च। जीविका से जुड़ी महिलाओं (जीविका दीदियों) ने इस सीजन में 10 लाख किलोग्राम चायपत्ती उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है। महानंदा जीविका महिला एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा संचालित टी प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग इकाई, पोठिया में मंगलवार को नए सीजन के लिए उत्पादन का सफल ट्रायल पूरा कर लिया गया।

जीविका डीपीएम अनुराधा चंद्रा ने बताया कि पिछले सीजन में लगभग डेढ़ लाख किलोग्राम चायपत्ती का उत्पादन हुआ था, जिसमें से एक लाख किलोग्राम से अधिक की बिक्री हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जीविका दीदियों द्वारा तैयार ह्लमहानंदा लीफ चायपत्तीह्व अब किशनगंज जिले की पहचान बनती जा रही है। पोठिया स्थित इस फैक्ट्री से सीधे तौर पर 45 लोगों को रोजगार मिला है, जिनमें 21 महिलाएं और 24 पुरुष शामिल हैं। यहां कार्यरत कर्मियों का मासिक वेतन 10 हजार रुपये से लेकर 40 हजार रुपये तक है। इसके अलावा लगभग 1800 किसानों से चाय पत्ता खरीदा जा रहा है। 45 संग्रहकताओं के माध्यम से चाय पत्ता फैक्ट्री तक पहुंचाया जाता है और किसानों को सात दिनों के भीतर उनके बैंक खातों में भुगतान कर दिया जाता है।

कंपनी द्वारा अगस्त 2025 से दिसंबर 2025 के बीच कुल 6 लाख 86 हजार 251 किलोग्राम चाय पत्ता की खरीद की गई। वर्तमान में कंपनी में 737 महिला शेयरधारक जुड़ी हुई हैं, जो सभी जीविका स्वयं सहायता समूह की सदस्य हैं। कंपनी का संचालन छह सदस्यीय निदेशक मंडल द्वारा किया जा रहा है।

इस अवसर पर बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की सदस्य नीलम, चांदनी, उमा रानी और ज्योतिका सिंह सहित प्रबंधक सतीश कुमार, प्रभारी सीईओ राजदीप कुमार एवं कंसल्टेंट राजन चौबे उपस्थित थे।

गौरतलब है कि इस चाय फैक्ट्री की स्थापना वर्ष 2010 में बिहार सरकार द्वारा स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना के तहत पोठिया प्रखंड के कुसियारी पंचायत में लगभग 10 एकड़ भूमि पर 9.64 करोड़ रुपये की लागत से की गई थी। 25 अप्रैल 2025 को बिहार कैबिनेट की स्वीकृति के बाद 27 अप्रैल 2025 को इस इकाई का संचालन जीविका को सौंप दिया गया, जिसके बाद से इसका संचालन महिलाओं की इस उत्पादक कंपनी द्वारा सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

डिजिटल कतार प्रणाली से स्वास्थ्य सेवाएं हुई बेहतर, मरीजों को बड़ी राहत

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

31 मार्च। किशनगंज जिले में डिजिटल कतार प्रबंधन प्रणाली और 'भव्या ऐप' के लागू होने से स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। अब

मरीजों को लंबी कतारों से राहत मिल रही है और उन्हें समय पर उपचार मिल रहा है।

मार्च 2026 में जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर कुल 30,732 मरीजों ने ओपीडी में पंजीकरण कराया। इनमें सदर अस्पताल में सर्वाधिक 6,581 मरीज पहुंचे, जबकि प्रखंड स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों पर भी मरीजों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है।

सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने बताया कि नई प्रणाली से मरीजों का पंजीकरण और इलाज अधिक व्यवस्थित हो गया है। वहीं जिला प्रशासन के अनुसार, यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में अहम कदम है।

मरीजों ने भी इस व्यवस्था पर संतोष जताते हुए इसे सुविधाजनक और समय बचाने वाला बताया है।

डुमरिया में 1 अप्रैल से गूंजेगा हरिनाम संकीर्तन, पाँच दिवसीय भव्य आयोजन की तैयारियाँ तेज

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।

किशनगंज शहर के डुमरिया वार्ड संख्या 30 में आगामी 1 अप्रैल से भक्ति और आध्यात्म का अनूठा संगम होने जा रहा है। यहां महाप्रभु सतनाम संघ के तत्वावधान में पाँच दिवसीय श्री श्री 108 हरिनाम संकीर्तन समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर स्थानीय स्तर पर तैयारियाँ तेज कर दी गई हैं।

आयोजन की जानकारी देते हुए संघ के अध्यक्ष राम नारायण धर उर्फ साधु ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता जोर-शोर से जुटे हुए हैं। कार्यक्रम की शुरूआत 1 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा के साथ होगी।

कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु और कन्याएं भाग लेंगी। यह यात्रा डुमरिया स्थित कार्यक्रम स्थल से निकलकर शहर के देवघाट खागड़ा पहुंचेगी, जहां पूजा-अर्चना के बाद कलश में जल भरकर पुनः कार्यक्रम स्थल पर लौटेंगी।

यह आध्यात्मिक महोत्सव लगातार पाँच दिनों तक चलेगा, जिसमें दूर-दराज से आए कीर्तन मंडलियों द्वारा हरिनाम संकीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन 5 अप्रैल को महाप्रसाद वितरण के साथ होगा।

समिति के सदस्यों के अनुसार, इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सुख-शांति और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना है। आयोजन को लेकर वार्ड संख्या 30 सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

भ्रष्टाचार पर बड़ा प्रहार: किशनगंज के SDPO गौतम कुमार के ठिकानों पर विजिलेंस की छापेमारी

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत स्पेशल विजिलेंस यूनिट ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। आय से अधिक संपत्ति के मामले में किशनगंज में पदस्थापित एसडीपीओ गौतम कुमार के विभिन्न ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की गई।

सूत्रों के अनुसार, मंगलवार सुबह से किशनगंज, पूर्णिया, पटना समेत कई स्थानों पर कार्रवाई जारी रही। पूर्णिया शहर के हाउसिंग कॉलोनी स्थित उनके आवास पर विजिलेंस टीम ने दस्तावेजों की गहन जांच की। इसके अलावा किशनगंज स्थित सरकारी आवास, मधुबनी स्थित ससुराल, भागलपुर, सिलीगुड़ी तथा पूर्णिया के माधोपारा स्थित एक करीबी के ठिकाने पर भी एक साथ छापेमारी की गई।

छापेमारी के दौरान बैंक खातों से जुड़े दस्तावेज, जमीन निवेश से संबंधित कागजात और आभूषण मिलने की प्रारंभिक जानकारी सामने आई है। बताया जाता है कि गौतम कुमार पर करीब 1 करोड़ 94 लाख 92 हजार 244 रुपये की आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। विजिलेंस की यह कार्रवाई न्यायालय से अनुमति प्राप्त करने के बाद की गई है। जब्त दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है और जांच पूरी होने के बाद ही संपत्ति का अंतिम आकलन सामने आएगा।

फिलहाल अधिकारी इस संबंध में विस्तृत जानकारी देने से परहेज कर रहे हैं। इस कार्रवाई को राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

एकलव्य योजना के तहत फुटबॉल ट्रायल सफल, 150 खिलाड़ियों ने लिया भाग

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

31 मार्च। किशनगंज में एकलव्य आवासीय खेल प्रशिक्षण योजना के तहत 30 मार्च को शहीद अशफाकुल्लाह खाँ स्टेडियम, खगड़ा में फुटबॉल ट्रायल

का सफल आयोजन किया गया। इस ट्रायल में बिहार के विभिन्न जिलों से आए लगभग 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन एडीएम (आपदा) द्वारा किया गया। इस दौरान खिलाड़ियों का चयन स्किल टेस्ट एवं बैटरी टेस्ट के आधार पर विभागीय दिशा-निदेशों के अनुरूप पारदर्शी तरीके से किया गया।

चयनित खिलाड़ियों को राज्य के एकलव्य फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्रों में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण, विशेषज्ञ कोचिंग, खेल सामग्री, पौष्टिक आहार, शैक्षणिक सुविधा, चिकित्सा सुविधा तथा प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम के समापन पर एडीएम (पीजीआरओ) ने कोचों एवं प्रतिनियुक्त शिक्षकों को सम्मानित करते हुए सफल आयोजन के लिए सभी को शुभकामनाएं दीं।

पटना में खाली सिलेंडर लेकर सड़क पर उतरे उपभोक्ता

बुकिंग के बाद भी गैस न मिलने से फूटा गुस्सा

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ राजधानी के फुलवारी शरीफ इलाके में रसोई गैस की किल्लत और वितरण व्यवस्था में धांधली को लेकर सोमवार को उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब दे गया। गैस सिलेंडर न मिलने से नाराज सैकड़ों लोगों ने नेशनल हाईवे-98/139 को एम्स के समीप नवादा मोड़ काली मंदिर के पास जाम कर दिया। सड़क पर खाली सिलेंडर रखकर प्रदर्शन कर रहे लोगों के कारण घंटों आवागमन बाधित रहा और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि डिजिटल इंडिया के दौर में उन्हें मोबाइल पर 'गैस बुकिंग' और 'डिलीवरी कन्फर्मेशन' के मैसेज तो मिल रहे हैं, लेकिन हकीकत में सिलेंडर उनके घर तक नहीं पहुँच रहा। उपभोक्ताओं ने कहा की हम सुबह से ही लाइन में लगे रहते हैं, लेकिन अंत में स्टॉक खत्म होने का बहाना बना दिया जाता है। जब एजेंसी के गोदाम पर जाते हैं, तो वहां कर्मचारी कोई संतोषजनक जवाब नहीं देते। स्थानीय निवासियों के अनुसार, यह समस्या नई नहीं है। नवादा मोड़ के पास रहने वाले लोगों का आरोप है कि गैस वितरण में पारदर्शिता की कमी है। नंबर आने के बावजूद सिलेंडर न मिलना अब आम बात हो गई है, जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के सामने भोजन पकाने का संकट खड़ा हो गया है। सड़क जाम और हंगामे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची। शुरूआत में उपभोक्ता अपनी मांगों पर अड़े रहे और गैस एजेंसी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुलिस अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को समझा-बुझाकर और गैस एजेंसी प्रबंधन से बात कर वितरण व्यवस्था दुरुस्त करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम हटाया जा सका। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि वितरण प्रणाली में सुधार नहीं हुआ, तो संबंधित एजेंसी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पटना में रहस्यमयी हालात में मिला शव, क्षेत्र में सनसनी

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ राजधानी पटना के गोपालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कनौजी कछुआरा में मंगलवार की सुबह एक व्यक्ति का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पइन किनारे पड़े शव को देख स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया और कुछ ही देर में मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची गोपालपुर थाना पुलिस ने तत्काल शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू की। शुरूआती छानबीन में मृतक की पहचान गौरीचक थाना क्षेत्र के अहिया चक निवासी 48 वर्षीय मुन्ना सिंह के रूप में की गई। पहचान की पुष्टि होते ही परिजनों को बुलाया गया, जिनके पहुंचते ही घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शव संदिग्ध परिस्थिति में पइन के किनारे पड़ा मिला, जिससे प्रथम दृष्टया मामला सामान्य नहीं लग रहा है हालांकि पुलिस अभी किसी भी नतीजे पर पहुंचने से बचते हुए सभी पहलुओं की गहराई से जांच कर रही है। घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों का दर्द देखकर वहां मौजूद लोग भी भावुक हो उठे। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिवार के सदस्य बार-बार यही सवाल उठा रहे थे कि आखिर एक मेहनतकश और शांत स्वभाव के व्यक्ति के साथ ऐसी घटना क्यों और कैसे हो गई। परिजनों का कहना था कि मुन्ना सिंह का किसी से कोई विवाद या दुश्मनी नहीं थी, जिससे यह घटना और भी रहस्यमयी हो गई है। मृतक के पुत्र ने नम आंखों से बताया कि उनके पिता रोज मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे और कभी किसी से ऊंची आवाज में बात तक नहीं करते थे। अब उनके असामयिक निधन से परिवार पर संकट का पहाड़ टूट पड़ा है। घर के इकलौते कमाने वाले के चले जाने से परिजनों के सामने आजीविका का भी संकट खड़ा हो गया है। जिस दुकान पर मुन्ना सिंह काम करते थे, उसके संचालक रॉकी ने भी उन्हें ईमानदार और कर्मठ व्यक्ति बताते हुए कहा कि उन्होंने कभी किसी तरह की बेईमानी नहीं की। उनके अनुसार, मुन्ना का स्वभाव मिलनसार था और वे अपने काम से मतलब रखने वाले व्यक्ति थे। गोपालपुर थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम को भी बुलाया गया है, जो घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र कर रही है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर हर बिंदु पर जांच को आगे बढ़ा रही है। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस पूरे मामले की गहन छानबीन में जुटी हुई है। घटना के बाद इलाके में भय और असमंजस का माहौल बना हुआ है। लोग इस रहस्यमयी मौत को लेकर तरह-तरह की चचाएं कर रहे हैं

नीति क्रियान्वयन में संवेदनशील और ईमानदार बनें आईएएस अधिकारी:- नीतीश कुमार

समाज जागरण संवाददाता वेद प्रकाश

पटना/ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि सरकार की योजनाओं का सफल क्रियान्वयन प्रशासनिक अधिकारियों की कुशलता और ईमानदारी पर निर्भर करता है। मुख्यमंत्री आवास पर 2024 बैच के बिहार कैडर के 12 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों से मुलाकात के दौरान उन्होंने प्रशासनिक सेवा को शासन की रीढ़ बताया और अधिकारियों से संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री से मिलने वाले प्रशिक्षु अधिकारियों में 3 महिला और 9 पुरुष अधिकारी शामिल थे। ये अधिकारी बिहार, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, तमिलनाडु और झारखंड जैसे विभिन्न राज्यों से ताल्लुक रखते हैं। मुख्यमंत्री ने इस विविधता की सराहना करते हुए कहा कि अलग-अलग क्षेत्रों की पृष्ठभूमि अधिकारियों को बेहतर प्रशासनिक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद करती है। मुलाकात के दौरान अधिकारियों ने अपने जिला प्रशिक्षण के अनुभवों और जमीनी चुनौतियों को साझा किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें मार्गदर्शन देते हुए कहा कि विकास योजनाओं का लाभ समाज के सबसे कमजोर वर्ग तक पहुँचाना प्राथमिकता होनी चाहिए। प्रशासनिक कार्य केवल आदेश तक सीमित नहीं, इसमें मानवीय संवेदना जरूरी है। प्रशिक्षण काल के दौरान मिले अनुभव भविष्य की चुनौतियों से निपटने में सहायक होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार और सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेंद्र सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। प्रशिक्षु अधिकारियों ने इस मुलाकात को प्रेरणादायक बताया और राज्य के विकास में पूर्ण निष्ठा से योगदान देने का संकल्प लिया।

खाना बनाने के दौरान आग से झुलसकर बुजुर्ग महिला की मौत

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)



नबीनगर (बिहार) नवीनगर प्रखंड के रामपुर गांव में एक बुजुर्ग महिला की आग से झुलसकर मौत होने की खबर है। मृतका की पहचान सरयू पाल की 64 वर्षीय पत्नी कबूतरी देवी के रूप में की गई है।परिजनों के अनुसार, घर में रसोई गैस उपलब्ध नहीं होने के कारण पिछले कुछ दिनों से चूल्हे पर खाना बनाया जा रहा था।मिली जानकारी के अनुसार घटना के समय कबूतरी देवी चूल्हे के पास बैठी हुई थी तभी चूल्हे से निकली एक चिंगारी उनकी साड़ी पर जा लगी, जिससे कपड़ों में आग लग गई और बुरी तरह झुलस गई।वहीं मौजूद लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया और तत्काल रेफरल अस्पताल नबीनगर पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया गया।वहीं चिकित्सा के दौरान कबूतरी देवी की मौत हो गई।घटना के बाद परिजनों में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

नवीनगर में अंतरराष्ट्रीय विराट शिव गुरु महोत्सव की तैयारी जोरो पर

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार)नवीनगर प्रखंड के सतर धनाव गांव में आगामी 12 अप्रैल 2026 को अंतरराष्ट्रीय विराट शिव गुरु महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है, वहीं आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं।कार्यक्रम के मुख्य आयोजक वीरेंद्र सिंह एवं पिंटू कुमार (विधायक) ने जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव की सफलता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। गांव-गांव जाकर लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है तथा सोशल मीडिया के माध्यम से भी कार्यक्रम की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि यह महोत्सव न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी विशेष महत्व रखता है।कार्यक्रम में भारत के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ पड़ोसी देश नेपाल एवं अन्य देशों से भी बड़ी संख्या में गुरु भाई-बहनों के शामिल होने की संभावना है। इससे क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण और भी समृद्ध होगा। महोत्सव के दौरान भजन-कीर्तन, प्रवचन, आध्यात्मिक चर्चा एवं विशाल सत्संग का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी देखी जा रही है।आयोजकों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं एवं आम लोगों से इस महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

पटना जिले के पालीगंज में आईपीएस विकास बैभव का हुआ भव्य स्वागत

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के पालीगंज अनुमंडल सह प्रखण्ड अंतर्गत खिरिमोड थाना क्षेत्र के सिद्धिपूर गांव में आईपीएस विकास बैभव का बाजे गाजे व फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को आईपीएस विकास बैभव पटना से चलकर सड़क मार्ग से होकर अरवल जिले के बाजिदपुर गांव स्थित एक निजी विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान उनकी एक कार्यक्रम पालीगंज अनुमंडल सह प्रखण्ड अंतर्गत खिरिमोड थाने के सिद्धिपूर गांव में ली गयी थी। जहां पहुंचते ही ग्रामीणों संग दीपू शर्मा, पैक्स अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने विकास बैभव को बाजे गाजे के साथ फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। मौके पर खिरिमोड थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार, पैक्स अध्यक्ष अनुराग शर्मा, प्रबंधक प्रवीण कृष्णा उर्फ मुन्नाजी, दीपू शर्मा, रंजन शर्मा, धुरी राम, गोपाल कुमार व अमन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।